रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 03 अगस्त 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-03, अंक-342 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज़

### मुख्यमंत्री ने राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की जयंती पर उन्हें किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की 03 अगस्त को जयंती पर उन्हें नमन किया है। साय ने कहा कि गुप्त जी का काव्य जन-जागरण और नैतिक चेतना से ओतप्रोत था। राष्ट्रीय और सामाजिक चेतना से ओतप्रोत परिमार्जित खड़ी बोली की उनकी रचनाओं ने बड़े वर्ग पर प्रभाव डाला। देशवासियों के हृदय में देश-प्रेम की अलख जगाने में उनकी रचनाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उनकी रचनाओं के प्रभाव को देखते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने उन्हें राष्ट्रकवि की उपाधि दी थी। उनकी रचनाएं रामायण एवं महाभारत से प्रभावित थीं। गुप्त जी को उनके कालजयी साहित्य के लिए पद्मभूषण सहित कई पुरस्कारों से नवाजा गया।

### जशपुर में बिजली गिरने से पांच लड़कियां झुलसीं

**जशपुर।** जशपुर जिले के सोगड़ा गांव में खेत में धान की रोपा लगा रही पांच लड़कियां बिजली की चपेट में आ गईं जिससे सभी लड़कियां झुलस गईं। घटना के बाद सभी को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। बताया जाता है कि गुरुवार की शाम सोगड़ा गांव में बारिश के बीच पांच लड़कियां खेत में धान की रोपाई कर रही थीं। इस दौरान अचानक गाज गिरी, जिससे सभी लड़कियां झुलस गईं।

### अमेरिकी अर्थव्यवस्था की संभावित मंदी से सहमा बाजार

**मुंबई।** अमेरिका के निराशाजनक आंकड़ों से दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की संभावित मंदी से सहमे विश्व बाजार के नकारात्मक रुझान के दबाव में स्थानीय स्तर पर धातु, रियल्टी, ऑटो और आईटी समेत उन्नीस समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार में भूचाल आ गया और दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स-निफ्टी की पिछले लगातार पांच दिन की तेजी थम गई। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 885.60 अंक की भारी गिरावट के साथ पांच दिन के बाद 81 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 80,981.95 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 293.20 अंक टूटकर 25 हजार अंक के शिखर से लुढ़ककर 24,717.70 अंक पर बंद हुआ।

# छत्तीसगढ़ के किसानों को मिल रहा देश में धान का सर्वाधिक मूल्य

## धान की बिक्री से 24 लाख 72 हजार किसानों के खाते में आए 32 हजार करोड़

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी छत्तीसगढ़ की जनता के लिए विश्वास, विकास और बदलाव की गारंटी बन चुकी है। छत्तीसगढ़ सरकार की किसान कल्याण की नीतियों से खेती में किसानों का मुनाफा बढ़ा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में कई अहम निर्णय लिए गए हैं, जिनसे किसान परिवार अधिक सशक्त और फसल उगाने से लेकर उसे बेचे जाने तक की प्रक्रिया बेहद आसान हुई है। सरकार के परिवर्तनकारी फैसलों से छत्तीसगढ़ देश का एकमात्र ऐसा राज्य बन गया है, जहां किसानों को उनके धान का उच्चतम मूल्य मिल रहा है। कृषक उन्नति योजना के जरिए छत्तीसगढ़ के किसानों को 3,100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीद की गारंटी दी जा रही है। इस फैसले से किसानों में उत्साह दिख रहा है। किसानों से अपना वादा निभाते हुए छत्तीसगढ़ में की विष्णु देव साय की सरकार ने 25 दिसंबर 2023 को सुशासन दिवस के अवसर पर 13 लाख किसानों के बैंक खातों में पिछले दो वर्ष का लंबित धान बोनस का 3,716 करोड़ रुपये का भुगतान किया। किसानों को मिल रहे प्रोत्साहन का ही परिणाम है कि वर्ष 2023-24 में 24.75 लाख किसानों मीट्रिक टन धान खरीदा गया, जिसके एवज में उन्हें 31,913 करोड़ रुपये का भुगतान कियागया। 12 जनवरी, 2024 को धान के मूल्य की अंतर राशि के रूप में 24.75 लाख किसानों को 13,320 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भुगतान भी किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम में संशोधन करने का निर्णय भी लिया गया, जिसके लागू होने से अब अन्य प्रदेश के मंडी बोर्ड अथवा समिति के एकल पंजीयन अथवा अनुज्ञप्तिधारी, सरकार द्वारा संचालित ई-नाम पोर्टल (राष्ट्रीय कृषि बाजार) के माध्यम से अधिसूचित कृषि उपज की खरीदी-बिक्री बिना पंजीयन के कर सकेंगे, इससे छत्तीसगढ़ राज्य के किसानों और विक्रेताओं को अधिकतम मूल्य मिल सकेगा। छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम में संशोधन के अनुसार मंडी फीस के स्थान पर अब मंडी फीस तथा कृषक कल्याण शुल्क शब्द जोड़ा जाएगा। इसके साथ ही कृषक कल्याणकारी गतिविधियों के लिए मंडी बोर्ड अपनी वार्षिक आय की 10 प्रतिशत राशि छत्तीसगढ़ राज्य कृषक काम करने वाले मजदूरों की समस्याओं को दूर करते हुए छत्तीसगढ़ की सरकार द्वारा दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना संचालित करने का निर्णय लिया गया है, जिसमें भूमिहीन कृषि मजदूरों को सालाना 10,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जायेगी, इस योजना के लिए सरकार ने वर्ष 2024-2025 के बजट में 500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, इसके साथ ही सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद, बीजों का वितरण भी समय के भीतर ही हो सके।

# मुर्मु ने राज्यपालों के सम्मेलन का किया उद्घाटन



वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु राष्ट्रपति भवन में राज्यपालों के सम्मेलन का उद्घाटन किया। सम्मेलन में ऐसे कई विषयों पर चर्चा की जाएगी, जो न केवल केंद्र-राज्य संबंधों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि जन-साधारण के लिए कल्याणकारी योजनाओं को बढ़ावा देने के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। मुर्म ने उद्घाटन भाषण में कहा, इस सम्मेलन के एजेंडे में सावधानीपूर्वक चुने गए विषय शामिल हैं, जो हमारे राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में होने वाले विचार-विमर्श सभी प्रतिभागियों के लिए एक समृद्ध अनुभव होंगे और उनके कामकाज में सहायक होंगे। उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री ने भी उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राज्यपालों की शपथ का उल्लेख किया और उनसे पिछले दशक के दौरान हुए सामाजिक कल्याण योजनाओं तथा अभूतपूर्व विकास के बारे में लोगों को जागरूक करने की अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी का निर्वहन करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यपालों से आग्रह किया कि वे केंद्र और राज्य के बीच एक प्रभावी सेतु की भूमिका निभाएं तथा लोगों और सामाजिक संगठनों के साथ इस तरह से संवाद करें कि वंचित लोगों को शामिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि राज्यपाल का पद एक महत्वपूर्ण संस्था है, जो संविधान के ढांचे के भीतर राज्य के लोगों के कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है, खासकर आदिवासी क्षेत्रों के संदर्भ में। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दो दिवसीय सम्मेलन में होने वाली चचाओं की रूपरेखा बताई तथा राज्यपालों से लोगों में विश्वास पैदा करने और विकास कार्यों को गति देने के लिए जीवंत गांवों और आकांक्षी जिलों का दौरा करने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि आपराधिक न्याय से संबंधित तीन नए कानूनों के लागू होने से देश में न्याय व्यवस्था का एक नया युग शुरू हुआ है। उन्होंने कहा, कि हमारी सोच में बदलाव इन कानूनों के नामों से स्पष्ट है: भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के सुचारु संचालन के लिए यह जरूरी है कि विभिन्न केंद्रीय एजेंसियां सभी राज्यों में बेहतर समन्वय के साथ काम करें। उन्होंने राज्यपालों को सलाह दी कि वे इस बारे में सोचें कि वे संबंधित राज्यों के संवैधानिक प्रमुख के रूप में इस समन्वय को कैसे बढ़ावा दे सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा एक अमूर्त संपत्ति है, क्योंकि यह व्यक्तिगत विकास और सामाजिक परिवर्तन के साथ-साथ नवाचार तथा आर्थिक प्रगति को भी बढ़ावा देती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शैक्षणिक संस्थानों की मान्यता और मूल्यांकन प्रणाली में सुधार पर जोर दिया गया है। उन्होंने राज्यपालों से राज्य विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के रूप में अपनी क्षमता में इस सुधार प्रक्रिया में योगदान देने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत सरकार गरीबों, सीमावर्ती क्षेत्रों, वंचित वर्गों और क्षेत्रों तथा विकास यात्रा में पीछे छूट गए लोगों के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

# नीट यूजी परीक्षा के लिए मानक संचालन प्रक्रिया बनाये सरकार, एटीए : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने स्नातक स्तर की मेडिकल और संबंधित अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) के प्रश्नपत्र बनाने से लेकर परीक्षा केंद्र पर सुरक्षित पहुंचाने, सुरक्षित रखने, संबंधित परीक्षार्थियों को समय पर देने और कड़ी जांच सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को एक मानक संचालन प्रक्रिया बनाने का निर्देश दिया।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ तथा न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने पांच मई 2024 को आयोजित नीट-यूजी में गड़बड़ी समेत अन्य अनियमितताओं के खिलाफ दायर याचिकाओं पर विस्तृत फैसला सुनाते हुए यह निर्देश दिया। पीठ ने 23 जुलाई के अपने फैसले में नीट परीक्षा दोबारा कराने की गुहार ठुकरा दी थी। पीठ ने अपने विस्तृत फैसले में कहा कि उपलब्ध तथ्यों से पता चलता कि परीक्षा में कोई प्रणालीगत उल्लंघन नहीं हुआ कि परीक्षा रद्द कर दोबारा कराने का आदेश दिया जाए। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने नीट-यूजी परीक्षा आयोजित करने के लिए निष्पक्ष, पूर्णतः सुरक्षित, पारदर्शी और मजबूत प्रणाली सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पीठ ने धोखाधड़ी को रोकने के लिए विभिन्न चरणों में पहचान जांच बढ़ाने और तकनीकी नवाचारों का भी आदेश दिया। शीर्ष अदालत ने नीट-यूजी 2024 के प्रश्न पत्र सार्वजनिक होने और अन्य अनियमितताओं की जांच के लिए केंद्र सरकार द्वारा गठित के राधाकृष्णन विशेषज्ञ समिति के दायरे को भी बढ़ाते हुए कहा कि समिति को एक मजबूत परीक्षा प्रक्रिया के लिए सात चरणों को शामिल करना चाहिए।

# मेरे खिलाफ ईडी-सीबीआई छापेमारी की चल रही है तैयारी : राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) उनके खिलाफ छापे मारने की तैयारी कर रहा है। कांग्रेस नेता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि ईडी के एक अधिकारी ने उन्हें बताया है कि उनके खिलाफ छापे की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने आशंका जताई कि संसद में बजट पर चर्चा के दौरान उन्होंने कहा था कि सरकार विपक्ष और देश के खिलाफ 'चक्रव्यूह' बना रही है और शायद मोदी सरकार को उनका यह बयान पसंद नहीं आया इसीलिए उनके खिलाफ इस तरह की योजना बनाई जा रही है गांधी ने एक्स पर कहा, जाहिर है, 2 इन 1 को मेरा चक्रव्यूह भाषण पसंद नहीं आया। ईडी के अंदरूनी सूत्रों ने मुझे बताया कि छापेमारी की योजना बनाई जा रही है। बांहें फैलाकर इंतज़ार कर रहा हूं। चाय और बिस्किट मेरे पास। इस बीच कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में पार्टी के व्हिप मणिकम टैगोर ने स्थगन प्रस्ताव देकर सरकार से ईडी-सीबीआई के दुरुपयोग पर चर्चा करने की मांग की है।

# मजबूत प्रणाली है नीट : नड्डा

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे. पी. नड्डा ने राज्यसभा में कहा कि चिकित्सा शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय प्रवेश सह पात्रता परीक्षा (नीट) एक मजबूत प्रणाली है जिसका समाज के निचले तबके को बहुत लाभ हुआ है। नड्डा ने सदन में शिक्षा को समवर्ती सूची से हटाकर संविधान की सातवीं अनुसूची के तहत राज्यों का विषय बनाने को लेकर पेश निजी संकल्प की चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए कहा कि देश में शिक्षा की जबरदस्त प्रणाली है जिससे केंद्र और राज्य के बीच सामंजस्य बना रहता है। उन्होंने कहा कि नीट एक प्रणाली बेहतर है और बहुत ही कम देशों में ऐसी व्यवस्था है। नड्डा ने कहा कि नीट के मामले में कुछ बातें समझने की जरुरत है। देश की आवश्यकताओं को समझना चाहिए। नीट से पहले चिकित्सा शिक्षा व्यवसायिक गतिविधियों का बड़ा अड्डा बन गया था। यह एक धंधा बन गयी थी। चिकित्सा शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए देशभर में जाना पड़ता था। माता-पिता अपने बच्चों के साथ एक संस्थान से दूसरे संस्थान में दौड़ते थे जिसके कारण धन और समय की बबादी होती थी। अभिभावकों और बच्चों की दुर्गति हो रही थी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सभी शिक्षण संस्थान प्रवेश का आयोजन करते थे और पात्रता सूची मात्र 45 मिनट के लिए लगाकर हटा दी जाती थी और कह दिया जाता था कि उम्मीदवार नहीं पहुंचा। इसके बाद सीटें प्रबंधन अपने मनमाने तरीके से भरता था। रेडियोलॉजी की सीट 12 करोड़ से 13 करोड़ रुपयों तक में बेच दी जाती थी। मौजूदा समय में नीट परीक्षा देश के हजारों शहरों में एक साथ होती है। इससे देश के गरीब और दूर दराज में रहने वाले बच्चे भी चिकित्सा शिक्षा के लिए समर्थ हुए हैं। इससे आर्थिक रूप से बच्चों की संख्या में 102 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। अनुसूचित जाति और जनजाति तथा अन्य पिछडा वर्ग के छात्रों की भी हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से अधिक हो गयी है। उन्होंने कहा कि देश के 13 भाषाओं में नीट परीक्षा आयोजित की जाती है।

## पर्यावरणीय स्वीकृति की शर्तों में शामिल वृक्षारोपण की शर्त का पूरी तरह से पालन सुनिश्चित कराये : मंत्री ओपी.चौधरी

# पर्यावरण संरक्षण के कार्यों में पारदिर्शिता एवं तत्परता लाने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओ.पी. चौधरी ने अटल नगर नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के कार्यालय में राज्य के सभी क्षेत्रीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होनें अधिकारियों से कहा स्व-प्रेरित होकर पर्यावरण संरक्षण से जुडे कार्यों में अपना योगदान दे। उनके द्वारा कार्यों में पारदर्शिता एवं तत्परता हेतु प्रदेश एवं जिला स्तरीय कार्यालयों में बायोमैट्रिक उपस्थिति, सी.सी.टी.वी. कैमरा लगाने एवं डैश बोर्ड तैयार करने के निर्देश दिये गये ताकि डैश बोर्ड के माध्यम से अधिकारियों द्वारा प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की जा सके। श्री चौधरी ने सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को मिलने का समय भी निर्धारित कर इसकी सूचना कार्यालय के सूचना पटल पर लगाने कहा। चौधरी द्वारा उद्योगों द्वारा फ्लाई ऐश के परिवहन एवं निपटारे हेतु नियमों के पालन कड़ाई से कराने हेतु निर्देश दिया गया। फ्लाई ऐश लाने ले जाने के लिये उपयोग किये जा रहे वाहनों में जी.पी.एस. सिस्टम व जियो टेगिंग के उपयोग के निर्देश दिये, जिससे कि फ्लाई ऐश इधर-उधर न फेका जा सके। चौधरी ने क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि उद्योगों को प्रदान किये गये पर्यावरणीय स्वीकृति की शर्तों में शामिल वृक्षारोपण की शर्त का पूरी तरह से पालन सुनिश्चित कराये तथा उद्योगों केवल वृक्षारोपण करने तक सीमित ना रहें अपितु लगाये गये पौधों के संवर्धन हेतु भी निरीक्षण का एक सिस्टम तैयार किया जाये। सभी क्षेत्रीय अधिकारियों की यह जिम्मेदारी है कि वें अपने-अपने क्षेत्रों में सघन वृक्षारोपण करायें एवं इन पेड़ों में पीपल, नीम आदि पेड़ शामिल किये जाए। चौधरी ने वाहन प्रदूषण नियंत्रण पर जोर देते हुये निर्देशित किया कि सभी क्षेत्रीय अधिकारी वाहन प्रदूषण मापन प्रदूषण जाँच सिस्टम को शक्तिशाली बनाये एवं वाहन प्रदूषण मापन केन्द्रो की समय-समय पर बैठक आयोजित करें। चौधरी ने अधिकारियों से चर्चा में कहा कि पर्यावरण संरक्षण में उठाये गये कदमों को और कैसे प्रभावी बनाया जा सकता है तथा आने वाली चुनौतियों से कैसे निपटा जा सकता है, इस पर भी विचार करें। उन्होनें जल एवं वायु प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। चौधरी ने परिसंकटमय एवं अन्य अपशिष्ट नियम के प्रावधानों का पालन, जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं नियम, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन एवं नियम, ई अपशिष्ट प्रबंधन एवं नियम, निर्माण विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन एवं नियम, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, उद्योगों, खदानों, संस्थानों के चिमनी उत्सर्जन, परिवेशीय वायु मापन, उपचारित दूषित जल गुणवत्ता का मापन कार्य, राष्ट्रीय जल गुणवत्ता मापन कार्यकम के अंतर्गत प्राकृतिक जल स्त्रोतों, परिवेशीय वायु गुणवत्ता के मापन कार्यों की भी समीक्षा की। चौधरी ने कहा की शीघ्र ही सभी स्टेक होल्डर्स की बैठक ली जायेगी एवं प्रदूषण नियंत्रण सुधार कार्यों में बुद्ध जीवी वर्ग की मदद ली जायेगी।

# अग्निवीरों के आश्रितो को देंगे सरकारी नौकरी व अनुग्रह राशि : हेमंत सोरेन



**रांची।** झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र के आखिरी दिन सदन नेता सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अग्निवीरों के लिये बड़ी घोषणा की है। सोरेन ने सदन के बीच में भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों के जोरदार हंगामे के बीच अपने समापन भाषण में कहा कि अग्निवीरों के निधन होने पर झारखंड सरकार उनके आश्रितों को सरकारी नौकरी और अनुग्रह राशि प्रदान करेगी। इसके पहले मुख्यमंत्री ने अनुपूरक बजट पारित होने पर स्पीकर को बधाई दी। भाजपा विधायकों में वेल में आने पर सीएम बोले देखिये, ये कैसे माहौल बनाते हैं। इन्होंने पांच सालों में क्या अर्जित किया, कितनी जमीन लूटी, इन्होंने डाका डालने का काम किया। 24 जिलों में इन्होंने कार्यालय बनाया। सोरेन ने कहा कि जमीन के लिए मर्डर हुआ। ये जमीन के लुटेरे हमें जमीन लूटने वाला बताते हैं। सीबीआई, ईडी लगाते हैं। ये बताएं कि इस बिल्डिंग के लिए पैसा कहां से आया।

# कांग्रेस के डीएनए में किसान विरोध : चौहान

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यसभा में कहा कि कांग्रेस और उसकी नीतियां किसान विरोधी है और खेती किसानी कभी भी पार्टी की प्राथमिकता में नहीं रहे हैं। चौहान ने सदन में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के कार्यकरण पर चर्चा का जबाव देते हुए कहा कि कांग्रेस के डीएनए में ही किसान विरोध है। आरंभ से ही कांग्रेस की नीतियां गलत रही है। भारतीय खेती बहुत प्राचीन है जिसका इतिहास पांच हजार वर्ष पुराना है। कांग्रेस ने देश में विदेशी कृषि के माडल लागू किये। देश में रूस का कृषि माडल लागू किया गया। कांग्रेस के कार्यकाल में अमेरिका का सड़ा हुआ गेहूं भारत में बांटा जाता रहा। उस दौर में किसानों से जबरदस्ती लगान की वसूली होती थी। उन्होंने कहा, कांग्रेस के डीएनए में किसान विरोध है। कांग्रेस की प्राथमिकताएं प्रारंभ से ही गलत रहीं। स्व. जवाहरलाल नेहरू जी 17 साल देश के प्रधानमंत्री रहे और तब देश को अमेरिका से आया सड़ा हुआ लाल गेहूं खाने को विवश होना पड़ता था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने किसानों की आय बढ़ाने के प्रयत्न नहीं किये गये। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को किसान चुनाव के समय याद आता है। किसान कांग्रेस की प्राथमिकता में कभी नहीं रहे। चौहान ने कांग्रेस की नीतियां पर कहा, जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी। जब हम महाभारत काल में जाते हैं तो हमें भगवान श्रीकृष्ण नजर आते हैं, जबकि विपक्ष को छल- कपट और अधर्म के प्रतीक शकुनी तथा चौसर का ध्यान आता है। कृषि मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार की खेती के लिए छह प्राथमिकताएं उत्पादन बढ़ाना, उत्पादन की लागत घटाना, उत्पादन के ठीक दाम देना, प्राकृतिक आपदा में राहत की ठीक राशि देना, कृषि का विविधीकरण और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की किसानों को लेकर प्राथमिकताएं गलत थीं। कांग्रेस किसानों के साथ छल करती है। कांग्रेस वर्षों तक सरकार में रही, लेकिन सिंचाई की व्यवस्थाओं पर कभी गंभीरता से ध्यान नहीं दिया। इसके एक नहीं अनेक उदाहरण हैं। जब मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी, तब सिर्फ साढ़े सात लाख हेक्टेयर में सिंचाई की व्यवस्था थी। अब इसे बढ़ाकर साढ़े 47 लाख हेक्टेयर किया गया है। चौहान ने कहा, कांग्रेस कभी किसानों को गंभीरता से लेती ही नहीं है चाहे पहले की सरकारें हो या आज की सरकार हो।

# विश्व शांति एवं कल्याण के लिए विहंगम योग संत-समाज की राष्ट्रव्यापी संकल्प यात्रा होगी लाभदायी : सीएम विष्णु देव साय

## मुख्यमंत्री विहंगम योग संत-समाज के कार्यक्रम में हुए शामिल

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर के पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में विहंगम योग संत-समाज द्वारा आयोजित स्वर्वेद कथा में शामिल हुए। उन्होंने संत प्रवर विज्ञानदेव महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया और उनके पावन सानिध्य में जय स्वर्वेद कथामृत का श्रवण किया। इस अवसर पर कोंडागांव विधायक लता उसेंडी भी उपस्थित थीं। गौरतलब है कि विहंगम योग संत समाज द्वारा स्थापना के शताब्दी समारोह के पावन अवसर के निमित्त कन्याकुमारी से कश्मीर तक की राष्ट्रव्यापी संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में राजधानी रायपुर में जय स्वर्वेद कथा आयोजित की गई थी। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर कहा कि यह परम सौभाग्य की बात है कि माता कौशल्या की धरती और भगवान राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ में हमें संत प्रवर विज्ञान देव महाराज के पावन सानिध्य का सुअवसर मिला है। उन्होंने कहा कि पूज्य संतों का आशीर्वाद सदैव प्रदेश पर बना रहे और लोगों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि आए। उन्होंने कहा कि संत विहंगम योग संत समाज की स्थापना के शताब्दी वर्ष के अवसर पर कन्याकुमारी से कश्मीर की यात्रा कर रहे हैं। संत विज्ञान देव ने 15 दिवस में छत्तीसगढ़ के 13 जिलों की यात्राएं की। साय ने कहा कि विश्व शांति एवं कल्याण के लिए यह यात्रा निश्चित ही लाभदायी होगा। मुख्यमंत्री ने समाज कल्याण के लिए विहंगम योग संत समाज के प्रयासों की प्रशंसा की। विधायक लता उसेंडी ने कहा कि विहंगम योग संत समाज के पूज्य संतों का आशीर्वाद हमेशा से छत्तीसगढ़ को मिलता रहा है इनके पावन प्रवास की हम सभी प्रतीक्षा कर रहे थे। छत्तीसगढ़ के सुदूर अंचलों में समाज के पूज्य संतों ने आध्यात्मिक अलख जगाने के लिए अनेक प्रयास किए हैं। विहंगम योग संत समाज के संत प्रवर विज्ञान देव महाराज ने राष्ट्रव्यापी संकल्प यात्रा के उद्देश्य की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कन्याकुमारी से प्रारंभ हुई यह यात्रा कश्मीर तक अपने पावन संकल्पों के साथ पूरी होगी। उन्होंने कहा कि इसी पड़ाव में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से इस संकल्प यात्रा को गति देने का कार्य किया गया है। इस मौके पर विहंगम योग संत समाज के पदाधिकारी सहित समाज के अनुयायी मौजूद रहे।

# विकसित भारत की संकल्प यात्रा का दिशा-निर्देशक है केंद्रीय बजट : ओपी चौधरी

## कोरबा प्रवास के दौरान वित्त मंत्री ने दी केंद्रीय बजट की विस्तृत जानकारी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



वित्त, वाणिज्यिक कर, आवास एवं पर्यावरण, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मंत्री ओ. पी. चौधरी ने अपने कोरबा प्रवास के दौरान प्रेस क्लब कोरबा में केंद्र सरकार के आम बजट के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोरबा जिला उनके प्रशासनिक जीवन की नर्सरी रही है। यहां उन्होंने अपने प्रशासनिक जीवन की शुरुआत की है। यहां आना उनके लिए हमेशा यादगार रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्रीय बजट अमृतकाल के विजन का नींव है। यह बजट विकसित भारत की संकल्प यात्रा का दिशा-निर्देशक बजट है, जो समृद्ध और दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ विकसित भारत के संकल्प को नई मजबूती प्रदान करेगा। यह बजट देश की आर्थिक उन्नति को बढ़ावा देगा एवं प्रगति की नई ऊंचाइयों तक पहुँचाने में सहायक होगा। वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि अमृत काल के विजन पर फाउंडेशन रखने का कार्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। प्रधानमंत्री के लांग टर्म विजनरी सोच के साथ बजट लाया गया है। जिससे 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित होगा। पिछले 10 वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था विश्व में 11वें नंबर से 5वें स्थान पर आ गई है। आने वाले 5 साल में भारत की अर्थव्यवस्था को तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य है। मंत्री चौधरी ने बताया कि केंद्रीय बजट में विकास का मुख्य बिंदु तह्ब्वह है। यह बजट गरीब, युवा, अन्नदाता एवं नारी शक्ति को समर्पित है। वित्त मंत्री ने कहा, बजट में गरीब कल्याण, किसान का उत्थान, मातृशक्ति का सम्मान और नौजवानों की मुस्कान समाहित है। बजट में मातृशक्ति का दर्शन, राम राज्य का विजन, विकसित भारत का संकल्प एवं आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य समाहित है। देश के इन वर्गों को विकसित बनाने से ही राष्ट्र का विकास होगा। इस के अतिरिक्त बजट में शिक्षा, रोजगार, कौशल, एमएसएमई, मध्यम वर्ग पर विशेष ध्यान दिया गया है। वैज्ञानिक शोध और अनुसंधान की दिशा में आगे बढ़ने के लिए अलग प्रावधान रखा गया है। मंत्री चौधरी बजट में ईपीएफओ के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि औपचारिक क्षेत्रों में पहली बार काम करने वाले कर्मचारियों को लक्षित करती है, जिसके तहत उन्हें ईपीएफओ पंजीकरण के माध्यम से तीन किस्तों में वितरित प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के रूप में एक महीने का वेतन प्रदान किया जाता है। इसके तहत 15 हजार रुपये प्रति माह तक लाभ हो सकता है, जिसमें 1 लाख रुपये प्रति माह तक के वेतन पर पात्रता निर्धारित की गई है। इस पहल से लगभग 210 लाख युवाओं को लाभ मिलने का अनुमान है उन्होंने कहा कि रोजगार से जुड़े प्रोत्साहन देकर विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार सृजन को बढ़ावा देना है। कर्मचारियों और नियोक्ताओं दोनों को रोजगार के शुरुआती चार वर्षों के दौरान उनके ईपीएफओ अंशदान से सीधे संबंधित निर्दिष्ट प्रोत्साहन प्राप्त होंगे। अतिरिक्त रोजगार अवसरों को प्रोत्साहित करके सभी क्षेत्रों में नियोक्ताओं का समर्थन करना है। सरकार प्रत्येक अतिरिक्त कर्मचारी की नियुक्ति के लिए नियोक्ताओं को उनके ईपीएफओ अंशदान के लिए दो साल तक 3,000 रुपये प्रति माह तक की प्रतिपूर्ति करेगी। मंत्री चौधरी ने कहा कि बजट में महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल निर्माण किया जाएगा एवं शिशु गृह का निर्माण किया जाएगा।

### आर्थिक विकास को मिलेगी रफ्तार

वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि बजट में छोटे व्यापारियों एमएसएमई को प्रगति का नया रास्ता मिलेगा, बजट में मैन्युफैक्चरिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर पर वृहद स्तर पर ध्यान रखा गया है। इससे आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। देश में 100 औद्योगिक पार्क स्थापित किये जायेंगे। क्रिटिकल मिनिरल मिशन की शुरुवात की जाएगी। ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना शुरुआत की गई है।

### पूंजीगत व्यय अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती है

अधोसरंचना पर व्यय आधारभूत सरंचना होती है। बजट में 11 लाख 11 हजार 111 करोड़ आधार बहुत सरंचना पर खर्च करने का प्रावधान है। साथ ही नवाचार अनुसंधान एवं विकास हेतु 1 लाख करोड़ का प्रावधान है। आयकर स्लैब में भी बदलाव किया गया है। जिससे मध्यम वर्गीय परिवारों को राहत मिलेगी। वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि बजट में किसान, मध्यम वर्ग, महिला से लेकर सभी वर्गों के लिए जो रूपरेखा रखी है, वह भारतीय अर्थव्यवस्था को सही रास्ते और उज्ज्वल भविष्य की ओर आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में बजट एलोकेशन लगातर बढ़ता जा रहा है। 2047 तक विकसित भारत बनने हेतु रोडमैप तैयार कर कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार राज्य में भी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सुशासन की सरकार द्वारा विकसित छत्तीसगढ़ बनाने हेतु सतत कार्य किया जा रहा है। राज्य की जीडीपी को आने वाले 5 सालों में दौगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। जिससे छत्तीसगढ़ विकास की एक नई ऊंचाई पर पहुँचेगा।

# प्रदेश में नवीन औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करने पर जोर : उद्योग मंत्री देवांगन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने सीएसआईडीसी की बैठक में कहा है कि प्रदेश की नई औद्योगिक नीति 01 नवम्बर 2024 से लागू होगी। नई औद्योगिक नीति के आधार पर यहां निवेश करने का एक बड़ा आकर्षण होगा, जो न केवल राज्य के विकास को तेजी से आगे बढ़ाने में मदद करेगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को और मजबूती प्रदान करेगा। इससे प्रदेश में बेहतर औद्योगिक वातावरण का निर्माण होगा और प्रदेश के निवासियों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खनिज संसाधनों से भरपूर छत्तीसगढ़ में उद्योग धंधे स्थापित करने की भरपूर संभावनाएं हैं। छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम (सीएसआईडीसी) के संचालक मण्डल की 152वीं बैठक वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री सह अध्यक्ष सीएसआईडीसी लखन लाल देवांगन की अध्यक्षता में उद्योग भवन में संपन्न हुई। बैठक में सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग अंकित आनंद, संचालक नगर तथा ग्राम निवेश सौरभ कुमार, सीएसआईडीसी के प्रबंध संचालक पी. अरूण प्रसाद, वित्त विभाग के उप सचिव पूजा शुक्ला मिश्रा उपस्थित थे। बैठक में निम्नानुसार महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। नवा रायपुर, अटल नगर सेक्टर-22 में मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा की गई घोषणा के अनुरूप 141.84 एकड़ में फार्मास्युटिकल पार्क की स्थापना किये जाने की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई। पार्क की स्थापना से नवीन निवेश के साथ-साथ स्थानीय रोजगार को बढावा मिलेगा। जिला जांजगीर-चांपा के ग्राम गतवा, बिर्रा एवं सिलादेही में निगम के आधिपत्य की 881.60 एकड भूमि पर आदर्श औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना हेतु सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई। जिला जांजगीर-चांपा के ग्राम भागोडीह, ग्राम मुक्ताराजा, ग्राम सरहर एवं ग्राम रिस्दा में निगम के आधिपत्य की भूमि में 245.29 एकड़ में आदर्श औद्योगिक क्षेत्र एवं 111.02 एकड में टैक्सटाईल पार्क की स्थापना हेतु सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई। जिला-राजनांदगांव के ग्राम बिजेतला की 421.9 एकड़ भूमि में नवीन आदर्श औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना हेतु सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई। भारत सरकार की एमएसई-सीडीपी योजनांतर्गत छत्तीसगढ राज्य में सीएसआईडीसी के अधीनस्थ स्थापित 13 औद्योगिक क्षेत्रों के उन्नयन कार्यों हेतु परियोजना प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। राज्य के समस्त एच.ओ.डी एवं अन्य कार्यालयो का संचालन अटल नगर, नवा रायपुर में किया जाना प्रारंभ हो गया है।

# प्राथमिक शाला बाला के प्रधान पाठक पारसराम वर्मा निलंबित

**मनेंद्रगढ़।** जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार तहसीलदार केल्हारी द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर पारसराम वर्मा, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला बाला विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़ को निलंबित कर दिया गया है। वर्मा पर आरोप है कि उन्होंने 27 जुलाई 2024 को विद्यालय में शराब के नशे में अधिकारी और कर्मचारियों के साथ अभद्रता की थी। उनका यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 23 और 3 का उल्लंघन माना गया है, जिसके कारण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 उपनियम 1 (क) के तहत उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

# कलेक्टर ने 4 अपराधियों को किया जिलाबदर

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर कलेक्टर व जिला दण्डाधिकारी गौरव सिंह ने जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) संतोष सिंह की अनुशंसा पर, कलेक्टर गौरव सिंह ने जिले के चार आदतन अपराधियों को तीन महीने के लिए जिला बदर कर दिया है। जिला बदर किए गए अपराधी फरीद खान (उम्र 30 वर्ष) पिताः अब्दुल हमीद निवासः बंधवापरा, थाना पुरानी बस्ती। 2013 से विभिन्न गंभीर अपराध जैसे मारपीट, चाकूबाजी, गुंडागर्दी, लूटपाट, जान से मारने की धमकी, वसूली, आर्म्स एक्ट, और अवैध शराब बेचने के 19 मामले दर्ज हैं। राजेश्वर उर्फ सोमू निषाद (उम्र 24 वर्ष) पिताः सूरज निषाद निवासः कंडरापारा, थाना तिल्दा। 2015 से हत्या, छेड़छाड़, मारपीट, गुंडागर्दी, लूटपाट, जान से मारने की धमकी, वसूली, और आर्म्स एक्ट के 12 मामले दर्ज हैं। शेख सरवर (उम्र 31 वर्ष) पिताः शेख सत्तार निवासः चुनाभट्ठी, थाना गंज। 2009 से मारपीट, गुंडागर्दी, लूटपाट, जान से मारने की धमकी, और वसूली के 10 मामले दर्ज हैं। यासीन अली (उम्र 37 वर्ष) पिताः सराफत अली निवासः दलदल सिवनी, थाना पंडरी।

# पूरे प्रदेश में उर्वरकों का संकट : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्य में मानसून की भारी बारिश के बाद पूरे प्रदेश में रोपा, बियासी का काम जोरो पर है, लेकिन सरकार की लापरवाही के कारण किसान उर्वरकों के लिये परेशान हो रहे है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा का डी.एन.ए किसान विरोधी है। वह जब-जब सरकार में रहती है किसान को परेशान करने की नीयत से फैसले लेती है। भारतीय जनता पार्टी सरकार की अकर्मण्यता और संवेदनहीनता के चलते छत्तीसगढ़ के किसान खाद और बीच के लिए भटक रहे हैं। खरीफ सीजन 2024-25 के लिए जो खाद और बीज डबल लॉक के गोदामों में रखे गए हैं, वहां से सिंगल लॉक की सोसाइटियों तक पहुंचाने के लिए परिवहन की व्यवस्था नहीं है। छत्तीसगढ़ के लगभग 80 प्रतिशत सोसाइटीयों में खाद और बीज के पर्याप्त स्टॉक नहीं है। अनेकों स्थानों पर पूर्व के परिवहन ठेकेदारों से किए गए निविदा को खत्म कर दिया गया है, लेकिन भारी भरकम कमिशन मांगे जाने के चलते नए परिवहनकर्ता रूचि नहीं दिखा रहे हैं, जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार का पूरा फोकस केवल भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी में है, किसानों की समस्याओं से भाजपा नेताओं का कोई सरोकार नहीं है। पहले मोदी सरकार ने खाद सब्सिडी में भारी भरकम कटौती की, फिर भूमि सुधार के कार्यक्रम से छत्तीसगढ़ को उपेक्षित रखा, अब छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आने के बाद खाद और बीज के लिए किसानों को तरसाया जा रहा है।

# उच्च दाब स्टील उद्योगों की तर्ज पर व्यवसायिक और घरेलू उपभोक्ताओं को अधिक सस्ती बिजली दें : मोहन एंटी

## अरबों रूपये की छूट के षड़यंत्र व हिस्सेदारों का खुलासा हो

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में उच्चदाब स्टील उद्योगों के लिए बिजली दरों के पुनरीक्षण का निर्णय जून 2024 में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत विनियामक आयोग द्वारा लिया गया थ। इस निर्णय के खिलाफ स्टील उद्योग संगठन द्वारा आंदोलन किया जा रहा हैं। इस विषय पर छत्तीसगढ़ प्रदेश उपभोक्ता संरक्षण परिषद के अध्यक्ष मोहन एंटी ने कहा है कि स्टील उद्योगपतियों को विद्युत दरों में राहत देने का विचार करने के पहले प्रदेश के लाखों घरेलू उपभोक्ताओं और छोटे व्यापारियों-व्यवसायियों को राहत देने पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सिर्फ एक वर्ग के उपभोक्ता समूह को इस तरह अचानक और रहस्यमय ढंग से तीन गुना छूट देना इस समूह के प्रति विशेष कृपा को इंगित करता हैं, अतः इससे यह सवाल उठता है कि अरबों रूपये की छूट की राशि का बंटवारा किनके बीच हुआ। मोहन एंटी ने कहा है कि वैसे भी विद्युत विनियामक आयोग एक संवैधानिक संस्था है। उसकी कार्यप्रणाली न्यायिक प्रक्रिया की तरह संचालित होती है। उपभोक्ताओं के किसी वर्ग को यदि शिकायत होती है तो उनके पास न्यायिक प्रक्रिया के तहत यह अधिकार होता है कि उच्च न्यायिक संस्थाओं में अपील कर सके। उन्होंने कहा कि सामान्यतः गृहस्थ और सामान्य व्यापारी वर्ग नियामक आयोग जैसी संस्था के निर्णय को मानता है और विद्युत उत्पादन, पारेषण और वितरण करने वाली संस्थाओं के साथ ही राज्य शासन से मिलने वाली मदद का सम्मान करता है। विगत वर्षा में बड़ी मंहगाई की तुलना में वैसे भी प्रदेश में बिजली ज्यादा महंगी न हो, इसका ध्यान स्वयं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रखा है और राज्य शासन की ओर से 1000 करोड़ रूपये का विशेष अनुदान देकर मदद की है। उल्लेखनीय है कि स्टील उत्पादकों को विगत चार वर्षों में जो अतिरिक्त सुविधा दी गई है, उसका भार कहीं न कहीं घरेलू तथा छोटे व्यापारी तथा व्यवसायी लोगों पर पड़ता है। इसलिए एक तो स्टील उत्पादकों की दी जा रही छूट का युक्ति-युक्तकरण करते हुए उसे 25ः से 10ः किया जाना स्वागत योग्य है, वहीं यह गौरतलब है कि इस कमी के बावजूद भी उन्हें वर्ष 2021-22 की तुलना में दो प्रतिशत अधिक छूट मिल रही है। विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि स्टील उत्पादक विगत वर्षों में शासन से तीन गुना से अधिक छूट का लाभ भी लेते रहे और लोहे का दाम भी डेढ़ गुना से अधिक बढ़ा दिया, जिससे पुनः मध्यम वर्ग, सामान्य उपभोक्ता, घरेलू उपभोक्ता, छोटे व्यापारियों को दोहरी हानि हुई हैं। इसलिए यदि उच्च दाब स्टील उद्योंगों की मांगों पर गौर किया जाता हैं तो घरेलू उपभोक्ताओं तथा छोटे व्यापारियों को बिजली दरों में राहत देने पर विचार करना न्यायोचित होगा।



# अंतरराज्यीय चोर गिरोह का हुआ पर्दाफाश शहर में हो रहे चोरी का हुआ खुलासा




पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

राकेश कुमार जैन पिता सांगीलाल जैन उम्र 47 वर्ष निवासी षीतलापारा कोंडागांव हर साप्ताहिक बाजार बयानार मे सोना चाँदी का व्यापार करने के लिए 11 जून 2024 को अपने भाई हरीश कुमार जैन के साथ व्यापार करने साप्ताहिक बाजार बयानार गया था, बाजार समाप्त होने पर अपने सोना चॉदी को पेटी में रखकर दुकान को समेट रहा था, इसी दौरान एक पेटी को रोड किनारे खड़े अपने बोलेरो में सामान रखने गया था सोना चॉदी का एक पेटी दुकान में ही था। इसी दौरान लगभग 4 बजे अज्ञात चोरो के द्वारा उक्त सोना चांदी में रखा जेवर कीमती 8,00,000 रूपये की पेटी को चोरी कर ले गया हैं। जिसके रिपोर्ट पर तत्काल बयानार थाने में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय वाय अक्षय कुमार (आईपीएस) के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश कुमार डांडे के मार्गदर्शन में एवं उप पुलिस अधीक्षक सतीश भार्गव के नेतृत्व में एक सायबर सेल एवं थाने का संयुक्त टीम बनाया गया। साइबर सेल के टीम के द्वारा चोरी के आरोपी को दीगर राज्य ओडिशा, आंध्र प्रदेश एवं राज्य के अन्य जिलों में लगातार पता तलाश की जा रही थी, इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी का आरोपी भीमखोज, महासमुंद में है, सूचना पर तत्काल टीम के द्वारा भीमखोज में घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ करने पर 11 जून को सचिन ध्रुव पिता राजेश ध्रुव अपने साथी नागराज उर्फ नागेश्वर उर्फ नागू नेताम और ग्राम कुहरी तुमगांव के राकेश सीजी 4 जेएफ1575 में चोरी करना कबूल किया। गिरफ्तार आरोपी के पास से आभूषण एवं नकद कुल जुमला 1976840 लाख बरामद हुआ।

# आपदा में बचाव एवं राहत हेतु एनएमडीसी किरंदुल द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्य



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

लगातार और अत्याधिक बारिश होने के कारण किरंदुल माइन्स की 11/सी खदान में जमा बारिश का पानी ओवर फ्लो होकर नगर की नीचली बस्ती के लोगों के घरों घुस गया।इसकी सूचना मिलते ही परियोजना प्रबंधन अपने अधिकारियों और राहत दल के साथ आपदा स्थल पर पहूंचे और राहत कार्य आरंभ कर पीड़ितों को तुरंत सुरक्षित स्थल पर ले जाया गया। परियोजना द्वारा मंगल भवन में बनाए गए राहत शिविर में लोगों को रहने की उत्तम व्यवस्था के साथ उन्हें नाश्ता, दोपहर एवं रात्रि भोजन एवं बिस्तर की व्यवस्था कर राहत दी गई। घटना के दिन से ही किरंदुल कॉम्प्लेक्स के कार्मिक, सिविल आदि विभागों के कर्मियों और जिला प्रशासन के कर्मियों के साथ ही 150/200 लोगों ने लगातार हो रही बारिश में रात दिन मेहनत कर के इस प्राकृतिक आपदा में युद्ध स्तर पर पीड़ति परिवारों को राहत पहुंचाई है। एनएमडीसी, किरन्दुल परियोजना ने अब तक 179 आपदा पीडित प्रत्येक परिवार को 20,000/-रुपये चेक के माध्यम से मंगल भवन, बंगाली केम्प में आपदा सहयोग राशि प्रदान कर मानवता की नायाब मिसाल कायम की है। एनएमडीसी लिमिटेड के सीएमडी अमिताभ मुखर्जी तथा निदेशकों के सतत मार्गदर्शन एवं कलेक्टर, जिला प्रशासन, दंतेवाड़ा की सहमति एवं सहयोग और मुख्य महाप्रबंधक तथा परियोजना प्रमुख, किरंदुल कॉम्प्लेक्स संजीव साही के नेतृत्व में उक्त राशि के चेक दिए गए। नुक़सान का सर्वे पटवारी एवं किरंदुल कॉम्प्लेक्स द्वारा गठित समिति ने किया। इसके पश्चात नुकसान का जायजा परियोजना एवं जिला प्रशासन द्वारा लेकर मुआवजा दिया जाएगा। बारिश के पानी के कारण आसपास के ग्रामीणों के खेतों में भी लौह चूर्ण बहने की शिकायत मिल रही है जिसके बारे में प्रशासन की सलाह के अनुसार सर्वे कर आगे की कार्वाई होगी।

# बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच पहुंचे महिला संगठन के सदस्य

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



लौह नगरी किरंदुल में बीते 21 जुलाई को बैलाडीला की पहाड़ियों से आई सैलाब ने कई वार्डो में लगभग 200 घरों को पूरी तरह प्रभावित किया था।कई घरों का सामान पूरी तरह पानी मे बह गया था। घरों में 3 से 4 फिट पानी मलवे के साथ घुसा था। इस मलवे को सैकड़ों मजदूरों द्वारा खाली कराया जा रहा है। जिला प्रशासन, एनएमडीसी एवं स्थानीय लोगों की मदद से पीड़ितों को राहत शिविरों में पनाह देकर उनकी जिंदगी को फिर से पटरी में लाने की कवायद चल ही रहीं हैं।इस बीच आज किरंदुल के महिलाओं का मानवीय चेहरा सामने आया।नगर की महिला संगठन की सदस्य राहत शिविरों एवं प्रभावित घरों में जाकर आपदा पीड़ितों से मिलकर उनके दुखों को साझा करते दिखाई दी।साथ ही बाढ़ में नष्ट हुए बच्चों के कॉपी किताब तथा महिला एवं बच्चों के दैनिक उपयोग की सामग्री राहत शिविरों में जाकर वितरण किया।

# शिक्षक सूरज ने अपने जन्म दिवस पर दिया बच्चों और गांव वालों को न्योता भोज

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ शासन शिक्षा विभाग की महत्वाकांक्षी योजना 'न्योता भोज' के तहत कोंडागांव विकास खंड अंतर्गत जनपद प्राथमिक शाला बुनागाँव में पदस्थ शिक्षक सूरज नेताम ने अपने जन्म दिवस पर स्कूल के बच्चों के साथ ही गाँव वालों को न्योता भोज कराया।बच्चों, अभिभावकों, शिक्षकों के साथ ही गाँव वालों ने खीर-पूड़ी, फल, मिठाई और विभिन्न व्यंजनों का आनंद लिया। इस अवसर पर संस्था में पालक- बालक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था में अभिभावकों और ग्रामवासियों को शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी अभिभावकों और ग्रामवासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपने जन्म दिवस के मौके पर शिक्षक के द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' संस्था में वृक्षारोपण भी किया गया और इसे जीवन भर संरक्षित रखने संकल्प लिया। शिक्षक के द्वारा दिए गए शानदार न्योता भोज से गाँव के सरपंच, ग्रामीण और जनप्रतिनिधियों ने उन्हें जन्म दिवस की बधाई दी। उनके शिक्षण कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि हमें ऐसे शिक्षकों पर गर्व है जो बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न नवाचारी गतिविधियों के साथ अभिभावकों और ग्रामवासियों को भी विद्यालय से जोड़े रखते हैं।

# नवोदय विद्यालय में जेएनवीएसटी 2025 के संदर्भ में अभिविन्यास कार्यक्रम का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com

पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय नारायणपुर में जिला शिक्षा अधिकारी लखन लाल धनेलिया की अध्यक्षता व प्रभारी प्राचार्य अनुपम शुक्ल के संयोजन में, जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों और नवोदय विद्यालय के सभी शिक्षकों की उपस्थिति में जेएनवीएसटी 2025 के संदर्भ में अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। धनेलिया ने सभी बीईओ और बीआरसी को नवोदय चयन प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए निर्देशित किया। साथ ही नवोदय विद्यालय को इस अभियान में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। विद्यालय के एकेडमिक परिसर में आम्र पौध का रोपण करने और विद्यालय परिसर का भ्रमण करने के बाद शिक्षकों को संबोधित करते हुए जिले की शिक्षा व्यवस्था में नवोदय विद्यालय के योगदान की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। इस अभिविन्यास कार्यक्रम में विकास खंड शिक्षा अधिकारी नारायणपुर कृष्ण नाथ गोटा, विकास खंड स्रोत केंद्र समन्वयक विकास खंड नारायणपुर पुरुषोत्तम कोलियारा, विकास खंड स्रोत केंद्र समन्वयक विकास खंड ओरछा लक्ष्मीकांत सिंह उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी लखन लाल धनेलिया जी ने पंजीकरण के दौरान आने वाली समस्याओं से अवगत कराया।

# प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित लोगों को वितरण किया गया दैनिक उपयोगी सामग्री

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com



लौह नगरी किरंदुल में बीते 21 जुलाई को बैलाडीला की 11 सी खदान से आई लौहचुर्ण और पानी का सैलाब ने कई वार्डो में लगभग 200 घरों को पूरी तरह प्रभावित किया था।कई घरों का दैनिक उपयोगी सामग्री पानी मे बह गया था तथा घरों में मलबा अभी भी जमा हुआ हैं। इस मलवे को सैकड़ों मजदूरों द्वारा खाली कराया जा रहा है।प्रशासन एवम एनएमडीसी द्वारा लगातार राहत व बचाव कार्य किया जा रहा हैं।इसी तारतम्य में गुरुवार रात कलेक्टर दंतेवाड़ा मयंक चतुवेदी के आदेशानुसार बाढ़ प्रभावित क्षेत्र बंगाली कैम्प,तालाब पारा, अस्पताल पारा में पीड़ितों को कम्बल, गद्दा,तकिया,मच्छरदानी एवम राशन किट का वितरण किया गया।मौके पर आर आई भरत कर्मा,नगरपालिका राजस्व अधिकारी डी एस साहू,पटवारी हेमन्त देवांगन,पुलोक देवनाथ,मनराखन लाल ठाकुर,मालती बाकड़े,अजय मंडावी, दीपिका मुराम एवम प्रशासनिक अमला मौजूद था।

# किरंदुल 11 सी माइन्स से बहकर खेतों तक पहुंची आयरन ओर की डस्ट, फसल हुई बर्बाद

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com



किरंदुल में एक ही हफ्ते में दो बार बाढ़ आई। इसमें पानी के साथ एनएमडीसी की 11 सी माइंस की डस्ट भी नगर में पहुंची।ये डस्ट केवल किरंदुल के मोहल्ले ही नहीं बल्कि 40 किलोमीटर दूर दंतेवाड़ा में शंखिनी नदी तक पहुंच गई है।अभी एनएमडीसी और प्रशासन केवल किरंदुल में फैले हुए मलबे की ही सफाई कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के खेतों में फैले मलबे की सफाई का काम शुरू नहीं हो पाया है। दूसरी ओर जानकारी मिली है कि एनएमडीसी खनन वाले क्षेत्र में पहाड़ों को बेंच की तरह काटता है।जहां खुदाई की जाती है वहीं पानी स्टोर होता है।यहीं उच्च क्वॉलिटी का आयरन और का भी खनन किया जाता हैयही डस्ट अब किरंदुल की 11 सी माइंस से निकलकर 40 किलोमीटर के दायरे में फैल गई है। किरंदुल क्षेत्र के बैमपाल,कोड़ेनार, कमेली,गमावाड़ा जैसे गांवों के खेतों तक यह डस्ट पहुंच गई है।

## नाग ने की कलेक्टर कोंडागांव कुणाल दुदावत से मुलाकात

# युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष कपिलकांत नाग ने की टोल में स्थानीय जिलेवासियों को छूट देने की मांग

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव युवा कांग्रेस कार्यकारी जिलाध्यक्ष कपिलकांत नाग ने कलेक्टर कोंडागांव कुणाल दुदावत से मुलाक़ात कर कोंडागांव मसोरा टोल मे सीजी 27 परमिट एवं कोंडागांव जिले क़े मूल निवासरत सभी वाहनों को छूट दिए जाने का मांग किया। कपिलकांत नाग ने बताया कि, अन्य जिलों मे स्थानीय जिले वासियों को स्थानीय वाहन परमिट या स्थानीय परिचय पत्र देखकर टोल मे छूट दी जाती है परन्तु कोंडागांव मसोरा टोल मे इस प्रकार कि सुविधा नहीं है जिससे हमारे कोंडागांव जिले वासियों को भारी परेशानीयों का सामना करना पड़ता हैं। कोंडागांव जिला मुख्यालय होने की वजह से सभी शासकीय कार्यों से लेकर चिकित्सा संबंधी कार्य बैंकिंग कार्य सहित व्यक्तिगत कार्य हेतु कोंडागांव आये दिन आना होता है और कोंडागांव नजदीक होने कि वजह से कभी कभी दो तीन दफे भी आना हो जाता है परन्तु टोल कि मार से भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। यह कोंडागांव जिले मे निवासरत सभी की पीड़ा है क्योंकि कोंडागांव जिले का 50 प्रतिशत हिस्सा टोल नाका क़े उस पार तो 50 प्रतिशत हिस्सा टोल नाका क़े इस पार निवासरत है। हमारे जिलेवासियों को हर सुख दुःख मे यहाँ से वहाँ एक गांव से दूसरे गांव आना जाना लगा रहता है ऐसी स्थिति मे इस बढ़ती मंहगाई मे टोल का बोझ और अतिरिक्त उठाना पड़ता है जबकि अन्य टोल नाकाओं मे स्थानीय जिलेवासियों हेतु छूट रहती है इसी तर्ज पर हमारे कोंडागांव जिले वासियों को भी छूट प्रदान करते हैं तो जिले वासियों को भारी राहत मिलेगी। साथ ही यह भी कहा की यह एक जनहितैषी मुद्दा है जनहित मे कदम बढ़ाते टोल मे स्थानीय वाहनों को छूट नहीं देने पर निकटम भविष्य मे युवा कांग्रेस द्वारा कांग्रेस पार्टी द्वारा उग्र प्रदर्शन किया जायेगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी कलेक्टर से मुलाक़ात कर ज्ञापन सौंपने क़े दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष झूमूकलाल दीवान, युवा कांग्रेस कार्यकारी जिलाध्यक्ष कपिलकांत नाग, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष दुष्यन्त राणा, एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष केशकाल निलेश नेगी, त्रिभुवन सोरी, जीतू नाग, सतीश नरेटी क़े साथ कांग्रेस जन युवा कॉंग्रेसी उपस्थित रहे।

## शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 11 अगस्त तक

कांकेर।जिले के समस्त शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में सत्र अगस्त 2024-25 एवं 2024-26 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 11 अगस्त तक आमंत्रित की गई है। महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य ने बताया कि प्रवेश के लिए संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण के विभागीय वेबसाईट के ''ऑनलाइन एप्लीकेशन 2024'' पर क्लिक कर पंजीयन एवं प्रवेश हेतु व्यवसाय का चयन किया जा सकता हैं। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने की अंतिम तिथि 11 अगस्त निर्धारित की गई है।

## अब छत्तीसगढ़ रोजगार ऐप से हो सकेगा रोजगार पंजीयन व नवीनीकरण

**जगदलपुर।** संचालनालय रोजगार विभाग रायपुर द्वारा जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र जगदलपुर में 'छत्तीसगढ़ रोजगार ऐप' विकसित किया गया है। इच्छुक शिक्षित आवेदक छत्तीसगढ़ रोजगार ऐप के माध्यम से स्वयं अपने मोबाइल के माध्यम से रोजगार पंजीयन व नवीनीकरण का कार्य कर सकते हैं। इस हेतु विभगीय वेबसाईट पर उक्त ऐप उपलब्ध है।

# फर्जी जाति प्रमाण पत्र के दम पर बना धनोरा गांव का सरपंच-सामाजिक पदाधिकारियों का आरोप

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिला के विकासखंड केशकाल अंतर्गत धनोरा के पूर्व सरपंच संतोष उईके पर फर्जी जाति प्रमाण पत्र का गंभीर आरोप लगा हैं। कहा जा रहा हैं कि, संतोष उईके ओबीसी वर्ग से संबंध रखते हुए गलत तरीके से फर्जी आदिवासी जाति प्रमाण पत्र बनवाए थे। इसी जाति प्रमाण पत्र का फायदा उठाकर वे धनोरा गांव के सरपंच भी रह चुके हैं।

अब आदिवासी समाज के पदाधिकारी कोंडागांव कलेक्टर से मिलकर फर्जी जाति प्रमाण पत्र के माध्यम से जनप्रतिनिधि रहते हुए सरपंच बनने पर गहरी नाराजगी जताई है। सामाजिक पदाधिकारी ने उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक अध्यक्ष फरसू सलाम और अन्य सामाजिक पदाधिकारी आज कोंडागांव के कलेक्टर कुणाल दुदावत से मुलाकात करने पहुंचे। यहां पहुंचकर उन्होंने कलेक्टर के समक्ष जांच के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। जांच प्रतिवेदन और मांग पत्र सौंपते हुए पदाधिकारियों ने मांग की है कि, प्रशासनिक स्तर पर हुई जांच में यह साबित हो गया है कि, धनोरा गांव के पूर्व सरपंच संतोष उईके फर्जी प्रमाण पत्र के माध्यम से अपने आप को आदिवासी दर्शाते रहे हैं। जबकि उनकी जाति भाट है, जो की ओबीसी वर्ग में शामिल होती है। प्रशासनिक स्तर पर हुई छानबीन के बाद यह तो सिद्ध हो गया हैं कि, संतोष उईके फर्जी जाति प्रमाण पत्र के माध्यम से स्वयं को आदिवासी कहकर पहले सरपंच पद पर काबिज हो चुके हैं। लेकिन इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए उन्होंने फर्जी दस्तावेज का इस्तेमाल किया था। ऐसे ही उनके परिवार के अन्य सदस्य भी आदिवासी वर्ग के लिए मिलने वाले शासकीय लाभ का फायदा उठा रहे हैं।

# धमतरी जिले को शतप्रतिशत साक्षर बनाने हेतु चल रही मुहिम

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण जिला धमतरी द्वारा चारों विकासखंड में असाक्षरों व स्वयंसेवी शिक्षकों के पंजीयन की संपूर्ण प्रक्रिया जारी है। जिला परियोजना अधिकारी केके साहू सर द्वारा भारत सरकार द्वारा निर्मित उल्लास एप के माध्यम से ऑनलाइन और ऑफलाइन के माध्यम से असाक्षर, स्वयं सेवी शिक्षक, सर्वेयर के पंजीयन व सर्वे कार्य की विस्तृत प्रक्रिया की जानकारी दी गई। उल्लास केंद्र की स्थापना कर और असाक्षरों को सिखाने व परीक्षा केंद्र के रूप में उपयोग किया जाना है साथ ही साक्षरता कार्यक्रम के उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु मिशन मोड में कार्य करने तथा शत प्रतिशत साक्षरता का लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश सभी ग्राम प्रभारीयों को सतत दिए जा रहे। रिसोर्स पर्सन प्रीति शांडिल्य ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार प्रौढ़ शिक्षा अब सभी के लिए शिक्षा के नाम से जाना जाएगा, पढिए कहीं भी कभी भी की थीम पर कार्य किया जाना है इस कार्यक्रम में दिव्यांगजन तथा महिलाओं को प्राथमिकता दी जानी है राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार प्रौढ शिक्षा अब सभी के लिए शिक्षा के नाम से जाना जाएगा, उल्लास मोबाइल एप पर शिक्षार्थियों एवं स्वयंसेवी शिक्षकों का सर्वे कर डेटा एंट्री किया जाना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति. 2020 की अनुशंसानुसार नव भारत साक्षरता कायक्रम को भारत सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। इस कार्यक्रम को ULLAS के नाम से संचालित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस कार्यक्रम के पाँच प्रमुख घटक हैं. बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान, जीवन कौशल वित्तीय, डिजिटल, कानूनी, मतदान साक्षरता इत्यादि, व्यावसायिक कौशल विकास, बुनियादी शिक्षा समतुल्यता




कायक्रम और सतत् शिक्षा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार प्रौढ शिक्षा अब सभी के लिए शिक्षा के नाम से जाना जाएगा। यह कार्यक्रम 15 वर्ष से अधिक आयु समूह के लोगों के लिए है। यह कार्यक्रम 2027 तक संचालित किया जाना है। जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण की कार्यकारिणी के पदेन अध्यक्ष कलेक्टर होंगे। उल्लास केन्द्र के लिए स्कूल भवन का उपयोग किया जाए। उल्लास मोबाइल एप पर शिक्षार्थियों एवं स्वयंसेवी शिक्षकों का सर्वे कार्य किया जा रहा साथ ही उल्लास हेतु जिले में वातावरण निर्माण सतत् रूप से किया जा रहा है। शिक्षा सप्ताह में प्रत्येक शाला में सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों द्वारा उल्लास की शपथ ली गई। उल्लास कर्यक्रम हेतु वालेंटियर टीचर्स को प्रशिक्षित किया जाना योजना के अंतर्गत सम्मिलित है, जिला शिक्षा अधिकारी तेज राम जगदल्ले ने शिक्षा विभाग के साथ सामुदायिक सहभागिता लेते हुए लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सत्यनिष्ठा पूर्वक कार्य करने हेतु मार्गदर्शन दियाए शिक्षा केवल नौकरी पाने के लिए नहीं, जीवन जीने के लिए भी जरुरी है। जिला कलेक्टर नम्रता गाँधी ने अपने उद्बोधन में कहा उल्लास नवभारत साक्षरता कायक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ के दो लाख असाक्षरों को साक्षर किया जायेगा, 15 वर्ष से अधिक असाक्षर को सम्मानजनक जीवन जीने व आत्मनिर्भर बनाने के लिए उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के साथ. साथ महत्वपूर्ण जीवन कौशल जिसके अंतर्गत डिजिटल, वित्तीय, कानूनी, मतदान एवं पर्यावरण आदि से संबंधित भी जानकारी प्रदान की जानी है, उनमें व्यावसायिक कौशल का विकास भी करना है, उन्हें बुनियादी शिक्षा देने के साथ.साथ सतत शिक्षा के कायक्रम में बनाए रखना है। अपने आसपास के असाक्षरों की पहचान की जाए और साक्षरता विभाग को अवगत कराया जाए ताकि उन्हें भी सर्वे सूची में शामिल कर साक्षर बनाने का काम किया जा सके। साथ ही सभी स्कूल शिक्षकए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताए मितानिन, विहान योजनाए सेवानिवृत्ति शिक्षक एवं सभी वर्ग के लोगों को जोड़कर इस कार्यक्रम को सफल बनाना है और यह निरंतर प्रयास रहेगा कि देश का जन.जन बने साक्षर जिला स्तर के सभी अधिकारी इस अभियान में स्वयंसेवी की भूमिका में रहेंगे तथा जहां भी असाक्षर मिले उनका नाम दर्ज कराएंगे और उन्हें साक्षर बनाएंगे। अशिक्षित को शिक्षा दो और अज्ञानी को ज्ञान, क्यूंकि शिक्षा से ही बन सकता है भारत देश महान।

# खाद्य परिसरों का किया गया निरीक्षण





पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा लगातार खाद्य परिसरों का निरीक्षण चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला वाहन के जरिए किया जा रहा है। इसी कडी में कुरूद शहर के नया बस स्टैण्ड स्थित पंचू साहू ढाबा, यादव ढाबा, ठाकुर ढाबा एवं रेस्टोरेंट व जनता ढाबा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान साफ सफाई का अभावए खाद्य पदार्थो को ढंकने की संतोषजनक व्यवस्था नहीं पाए जाने एवं खाद्य पंजीयनध्लायसेंस नहीं होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 55 के तहत स्पष्टीकरण जारी किया गया। इसी तरह रेवा पान सेंटर नया बस स्टैण्ड कुरूद में एक्सपायरी गाठिया तथा यादव होटल में अमानक तेल का उपयोग करते पाया गया, जिसे मौके पर नष्ट कराया गया। इसके साथ ही कारगिल चौक कुरूद स्थित कृष्णा पावभाजी एवं चाट सेंटर कुरूद, शारदा चाट सेंटर और अमन मेडिकल स्टोर्स कुरूद तथा कोमल किराना स्टोर्स मोहंदी में बिना खाद्य पंजीयन, लायसेंस के खाद्य कारोबार करते पाया गया। चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला वाहन के माध्यम से खाद्य पदार्थो का नियमानुसार सर्वेलेंस के अनुरूप कुल 95 नमूना संकलित किया गया, जिसके दो अवमानक एवं 3 मिथ्याछाप का पाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि चलित खाद्य प्रयोगशाला से निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य परिसरों एवं खाद्य पदार्थों के निर्मित किए जाने वाले जगहों की सफाई व्यवस्था ठीक रखने, गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थों का उपयोग मिठाईयों एवं नमकीन बनाने में करने, किसी भी निर्मित मिठाइयों या खाद्य पदार्थों में अखाद्य रंगों का उपयोग नहीं करने के साथ ही किराना दुकानों में बिना बैच नम्बर, ऐसे खाद्य पदार्थ जिसमें निर्माण तिथि अंकित नहीं हो, विक्रय नहीं करने और अखबारी स्याहीयुक्त कागज में खाद्य पदार्थ नहीं परोसने की समझाईश दी गई। साथ ही ग्राहकों से अपील की गई है कि वे साफसफाई युक्त खाद्य परिसरों से ही जांच.परखकर,खाद्य पदार्थों का अवसान तिथि, खाद्य लायसेंस,पंजीयन नंबर देखकर ही पैक्ड खाद्य पदार्थों का क्रय करें।

## महतारी वंदन योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं को वितरित किए गए पौधे




पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा जगदलपुर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश की महिलाओं को महतारी वंदन योजना की छठवीं किश्त की राशि हस्तांतरित की गई। आज धमतरी जिले के ग्राम पंचायत सोरम के ग्राम बेलतरा में महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों को एक पेड मां के नाम रोपित करने हेतु 210 नग फलदार पौधों का वितरण वन विभाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर संलग्नाधिकारी बीके लकरा, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी दक्षिण धमतरी राकेश कुमार तिवारी, सुपरवाइजर महिला बाल विकास विभाग सरिता कुशवाहा, आंगनबाडी कार्यकर्ता अनीता ध्रुंव, अध्यक्ष वन प्रबंधन समिति बेलतरा श्याम सुंदर सिन्हा, अशोक सिन्हा एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# अरहर दाल एवं मिर्ची पाउडर में मिलावट

## दो दुकानदारों को लगाया गया 40 हजार रूपये का जुर्माना

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

अमानक अरहर दाल एवं मिर्ची पाउडर पर जिले के दो दुकानदारों को कुल 40 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन से मिली जानकारी अनुसार पलारी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम जुनवानी स्थित राजेश दाल भंडार में टीम द्वारा 19 जुलाई 2022 को निरीक्षण के दौरान दाल के सैंपल लिया गया था। उक्त सैंपल को जांच हेतु रायपुर स्थित राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया था। जिसमे सैंपल अमानक पाया गया। जिस पर दुकान के प्रोपाइटर वेदराम बंजारे पर 25 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया है। इसी तरह बलौदाबाजार नगर में स्थित कमलेश किराना स्टोर में टीम द्वारा 19 जुलाई 2022 को ही लूज मिर्ची पाउडर का सैंपल लिया गया था। उक्त सैंपल को जांच हेतु रायपुर स्थित राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया था। जिसमे सैंपल अमानक पाया गया। जिस पर दुकान के प्रोपाइटर सागर साहू पर 15 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया है। उक्त दोनो कार्रवाई खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत की गई है।

# स्काउट गाइड जिला संघ सदस्यों की संवर्गवार सूची का प्रथम प्रकाशन किया गया

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ धमतरी के निर्वाचन हेतु जिला संघ सदस्यों की संवर्गवार सूची का प्रथम प्रकाशन 30/07/2024 को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में किया गया। इस अवसर पर भारत लाल साहू] हनुमान सिंह वर्मा, योगेश्वर साहू, मानसिह कपूर सहायक निर्वाचन अधिकारी उपस्थित रहे। डीके साहू मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 28 जून 2024 को जिला संघ निर्वाचन की अधिसूचना जारी की गई है जिसके अनुसार 28 जून 2024 से लेकर 28 जुलाई 2024 तक सभी संवर्ग हेतु सदस्यता अभियान चलाया गया। उपरोक्त समयावधि में प्राप्त आवेदनों की स्क्रुटनी पश्चात 30 जुलाई 2024 को जिला संघ सदस्यों के समस्त संवर्ग सूची का प्रथम प्रकाशन किया गया। उक्त सूची का अवलोकन जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय धमतरी एवं समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सूचना पटल पर किया जा सकेगा। 31 जुलाई 2024 से 7 अगस्त 2024 तक प्रथम प्रकाशित सूची पर दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया है। 8 अगस्त 2024 को जिला संघ सदस्यों के समस्त संवर्ग का अंतिम प्रकाशन शाम 4 तक किया जाएगा तथा जिला संघ का निर्वाचन दिनांक 22 अगस्त 2024 गुरुवार को सरस्वती शिशु मंदिर आमाताला धमतरी में एक ही दिन में संपन्न किया जाएगा।

## प्राथमिक शाला स्टेशन पारा बेलसोंडा में न्योता भोज का आयोजन



**महासमुंद।** प्राथमिक शाला स्टेशन पारा बेलसोंडा में ग्राम के ही नागरिक सम्माननीय केशव राम चन्द्राकर की पोती पायोजा चन्द्राकर के जन्मदिन के पावन अवसर पर शाला के बच्चों को न्योता भोज कराया गया। न्योता भोज में बच्चों ने केला, जलेबी, वेज पुलाव, पूड़ी और आलू छोले का आनन्द लिया। न्योता भोज खाकर बच्चे खुश हुए। शासन के द्वारा जब से न्योता भोज कराने कि योजना लागू हुआ है तब से बच्चों के मन मे शाला आने की उत्सुकता बनी रहती है। न्योता भोज मध्यान्ह भोजन के अतिरिक्त बच्चों को दिया जाने वाला पूरक पोषण आहार है जिससे बच्चों में शाला आने के प्रति उत्सुकता बनी रहती है।इस अवसर पर शाला के समस्त स्टाफ एवं डी. एल .एड. के छात्र -छात्राएं उपस्थित रहे।

## सस्ता बिजली मांगने वाले उद्योगपतियों ने प्रदूषण से नागरिकों का जीना मुश्किल कर दिया है : किसान मोर्चा

पायनियर संवाददाता महासमुंद
www.dailypioneer.com

बिजली दर कम करने के लिए स्टील उद्योगपतियों की हड़ताल पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राज्य आंदोलनकारी छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा,छ्सपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ी बेरोजगार संघ के संरक्षक अध्यक्ष अनिल दुबे ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि एक तरफ सस्ती बिजली, रा मटेरियल सस्ता, पानी, मजदूरी सस्ती का लाभ ले रहे हैं।वहीं दूसरी ओर स्थानीय छत्तीसगढ़िया बेरोजगारों की घोर उपेक्षा और किसानों की जमीन औने पौने दाम में लेकर किसानों का शोषण कर रहे हैं। इसके अलावा औद्योगिक प्रदूषण से रायपुर राजधानी, महासमुंद से लेकर पूरे छत्तीसगढ़ के जल-जमीन,जंगल को प्रदूषित कर लोगों का जीना दूभर कर दिया गया हैं। ऐसे में प्रदेश के मुख्यमंत्री से राज्य आंदोलनकारी किसान मोर्चा के नेता अनिल दुबे, बृजबिहारी साहू, छन्नुलाल साहू, अशोक कश्यप, परसराम ध्रुव, दशरथ सिन्हा, हेमसागर पटेल, रूपसिंग निषाद, डेविड चंद्राकार, लीलाधर पटेल, नाथूराम सिन्हा, धर्मेंद्र यादव, तोषण सिन्हा, कुमार बरिहा, उदय चंद्राकर, अवध साहू, अलख साहू, लोकेश्वर सेन, शत्रुघ्न साहू, करण साहू, गणेश साहू, जनकु साहू, अगर सिंह दीवान, बोधन यादव ने मांग किया है कि हड़ताल करने वाले उद्योगपतियों को अन्यत्र जाने का आदेश दें। साथ ही साथ किसान मोर्चा ने मुख्यमंत्री से यह भी मांग किया है कि सभी उद्योगपति से प्रदूषण नियन्त्रण यंत्र ईएसपी अनिवार्य लगवायें। स्थानीय छत्तीसगढ़िया बेरोजगारों को शत प्रतिशत रोजगार दें और औद्योगिक क्षेत्र के किसान एवं आम जनता से सामाजिक कार्यों में सहयोग प्रदान करें तथा गोद लिए गांव की समुचित विकास में भागीदारी निभाने वाले उद्योगपतियों को ही उद्योग चलाने का आदेश दें।छत्तीसगढ़ में नये स्पंज आयरन, स्टील और सीमेंट उद्योगों को अनुमति न दें। साथ ही छत्तीसगढ़ के घरेलू बिजली घर को 50 प्रतिशत कम किया जावे।

# 500 में रसोई गैस, विद्यार्थियों को ट्रेवल्स अलाउंस कब देगी साय सरकार : विनोद चंद्राकर

## भूमिहीन मजूदर, महिलाएं, छात्र-छात्राओं के साथ भाजपा ने किया छल

पायनियर संवाददाता महासमुंद
www.dailypioneer.com



प्रदेश में सरकार बनाने के लिए भाजपाइयों ने अपने संकल्प पत्र में घोषणाओं की झड़ी लगा दी थी। बात थी डबल इंजन की सरकार आते ही सारे वादे पूरे करने की। प्रदेश के 5 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी, महिलाओं को 500 रूपए में रसोई गैस, महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं को मंथली ट्रैवल अलाउंस, भूमिहीन मजदूरों को 10 हजार रूपए सालाना देने की। सरकार बनते ही इन्होंने कर्ज लेना भी शुरू कर दिया। महज सात माह के कार्यकाल में 16 हजार करोड़ रू. का कर्ज लेकर कीर्तिमान स्थापित भी कर दिया। प्रदेश वासियों को लगा कि सरकार ने संकल्प पत्र में प्रदेश वासियों से किया वादा पूरा करने के लिए कर्ज ले लिया। लेकिन न वादे पूरे हुए, न कोई नई नीति बनी। आज प्रदेश के युवा, महिलाएं, महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं। वे समझ चुके हैं कि भाजपा के सारे वादे केवल जुमले होते हैं। उक्त वक्तव्य पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कही। चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बने 7 माह से भी अधिक समय हो गया है। लेकिन, भाजपा के विष्णुदेव सरकार ने मजदूरों, विद्यार्थियों, महिलाओं से किया वादा पूरा नहीं किया। भाजपा की सरकार महज 7 माह में ही 16 हजार करोड़ का कर्ज ले चुका है। कांग्रेस की भूपेश सरकार ने अपने कार्यकाल के अंतिम तीन वर्षों में एक रूपए का कर्ज नहीं लिया था। जबकि, भाजपा की रमन सरकार ने विरासत में 50 हजार करोड़ का कर्ज छोड़ा था। आज भाजपा राज में जमीनों की रजिस्ट्री में टैक्स तथा गाइड लाइन के दरों में बढ़ोत्तरी के साथ शराब के दाम भी बढ़ा दिया गया। उसके बाद भी यह सरकार वादे पूरे करने में असमर्थ नजर आ रहा है। चंद्राकर ने कहा कि पूर्ववर्ती भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ में वित्तीय अनुशासन और कुशल प्रबंधन का कीर्तिमान स्थापित किया। अर्थव्यवस्था के तीनों सेक्टर कृषि, सेवा और उत्पादन के क्षेत्र में कांग्रेस सरकार के दौरान 2018 से 23 तक छत्तीसगढ़ का प्रदर्शन राष्ट्रीय औसत से बेहतर रहा।

# संयुक्त टीम ने कोचिंग संस्थाओं का लिया जायजा

## सुविधाएं एवं सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने दिए निर्देश




पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर सोमवार को प्रशासनिक टीम द्वारा जिले के शहरों में संचालित कोचिंग संस्थाओं का निरीक्षण कर मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया। टीम द्वारा कोचिंग संस्थाओं में उपलब्ध सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था, लाइब्रेरी, प्रवेश क्षमता आदि का जायजा लेकर जरुरी निर्देश दिए। बलौदाबाजार नगर में एसडीएम अमित कुमार गुप्ता एवं एसडीओपी निधि नाग के नेतृत्व में तहसीलदार, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सीएसपीड़ीसीएल, नगर पालिका अधिकारी की संयुक्त टीम ने प्रोफेजनल स्टडी सेंटर, बिलासपुर पीएससी एकेडमी, सहज़ एकेडमी, नरेन्द्र सेन कोचिंग, सेड़ी ट्रेनिंग सेंटर, आई सेक्ट कम्प्यूटर सेंटर, हेड वे कोचिंग, केशरवानी कोचिंग क्लासेस का निरीक्षण किया। इसी तरह कसडोल में एसडीएम भूपेंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा विक्ट्री इंस्टिट्यूट, गुरु कौटिल्य एकेडमी एवं स्टडी पॉइंट ट्यूशन सेंटर का निरीक्षण किया गया। सिमगा में आर्यन कम्प्यूटर सहित अन्य कोचिंग संस्थाओं का निरीक्षण किया गया। निरक्षण के दौरान संस्था के कमरों में पर्याप्त रोशनी, पेयजल, बालक-बालिका शौचालय, फर्नीचर, वेंटीलेशन, पार्किंग, अग्निशमन यन्त्र, सुरक्षा ऑडिट, बेसमेंट आदि की जानकारी ली गई। गौरतलब है कि विगत दिनों देश के बड़े नगरों के कोचिंग संस्थानों में हुए घटनाओ को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा शहरों में संचालित कोचिंग संस्थानों में सुरक्षा एवं सुविधाओं को लेकर संचालकों को सतर्क किया जा रहा है।

# नगर पालिका के द्वारा किराया जमा नहीं करने पर की गई तालाबंदी

## नोटिस के बाद बाजार क्षेत्र में वसूली करने निकला दल, वसूले 2.79 लाख



पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत दुकान किराया बकायादारो के द्वारा किराए की राशि जमा नहीं करने पर नगर पालिका के द्वारा कड़ी कार्यवाही व वसूली के प्रति सख्ती बरतते हुए गोल बाजार की 02 दुकानों को सील कर तालाबंदी की कार्रवाई की गई, व शेष अन्य दुकानदारों को पूर्व में 03 नोटिस देने व लोक अदालत में प्रकरण पर कार्यवाही हेतु अवगत कराये जाने के बाद भी किराया की राशि जमा नहीं करने पर नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई व राजस्व विभाग द्वारा कार्यवाही की गई। जिसमें गोल बाजार नेहरू चौक स्थित अब्दुल रहीम/अब्दुल कादर के दुकान क्रमांक 67 पर 35000.00 बकाया एवं मोहम्मद हुसैन/नसीरुद्दीन इलाहाबादी के दुकान क्रमांक 68 पर 49728.00 बकाया होने पर तालाबंदी की कार्यवाही करते हुए दुकानों को सील किया गया, व शेष दुकानदारों पर भी दिए गए नोटिस के अनुरूप राशि वसूल की कार्वाई की गई। बाजार क्षेत्र में नगर पालिका के बकायादारो में कपूर चंद जैन दुकान किराया बकाया की आंशिक वसूली में 10400.00, प्रकाश चंद/दरूमल (वर्तमान में लोकुमल होटल) से 64749.00, राजेंद्र कुमार/हसमत राय हरिरमानी (राजू बूट हाउस) से 46801.00, प्रकाश चंद हरीरामानी राय से 18468.00, रमेश कुमार/ परमानंद से 14916.00, मुस्ताक खान मसाला दुकान से 12342.00, कमल साहू से 7617.00, योगेश फेकर से 9832.00, रुपए कुल - 278728.00 रुपए की वसूली की गई। कार्यवाही के दौरान नगर पालिका के उप अभियंता विनोद यादव, स्वच्छता निरीक्षक मनोज कश्यप, राजस्व प्रभारी प्रसून शर्मा, सहायक राजस्व निरीक्षक शतेंद्र सिन्हा, सुरेंद्र सोनी, राजेश यादव, सहायक ग्रेड 3 तुलसीराम यादव, किशोर यादव, कैलाश सोनी, गुरुदत्त तिवारी सहित अन्य कर्मचारी एवं पुलिस विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

## जन समस्या निवारण शिविर में पार्षद गुंजन की सक्रियता से मात्र 48 आवेदन हुए प्राप्त



पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

शासन द्वारा नगरीय निकायों के प्रत्येक वार्ड में जन समस्या निवारण शिविर लगाया जा रहा है. वार्ड में आम जन के सुविधा हेतु उनकी नगरपालिका से संबंधित समस्याएं जैसे नल कनेक्शन, राशन कार्ड, परिवार सहायता, पेंशन, जीवन मृत्यु प्रमाण पत्र, नामांतरण जैसे कार्य होते है. उक्त शिविर में आम जन की नगरपालिका से संबंधित समस्या का निवारण किया जाना था. उक्त शिविर में नगरपालिका से संबंधित वार्ड नं. 6 से मात्र 48 आवेदन प्राप्त हुए जिसमे की राजस्व विभाग के 3 आवेदन लोक निर्माण विभाग के 31 आवेदन, सफाई से सबंधित 3 आवेदन, विद्युत विभाग से संबंधित 3, नल कनेक्शन से संबंधित 4 और प्रधानमंत्री आवास से संबंधित 4 आवेदन प्राप्त हुए. इस तरह से कुल 48 आवेदन प्राप्त हुए है. उक्त आवेदनों एवम समस्याओं का अतिशीघ्र निराकरण कर लिया जाएगा. इतने कम आवेदन प्राप्त होने से वार्ड के पार्षद गुंजन अग्रवाल की सक्रियता का पता चलता है की पार्षद होते हुए वो अपने वार्ड के समस्याओं को ले कर कितने गंभीर है एवम वार्डवासियों की समस्याओं को कितनी गंभीरता से ध्यान देते हुए निपटाते है।

# जिले में पहली बार मल्लखंब की 15 दिवसीय कार्यशाला का आगाज

## 15 अगस्त के मुख्य कार्यक्रम होगा प्रदर्शन, रहेगा मुख्य आकर्षण का केंद्र

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश एवं विशेष प्रयास से जिला मुख्यालय में पहली बार मल्लखंब की 15 दिवसीय कार्यशाला का आगाज किया। उक्त प्रशिक्षण में राष्ट्रीय कोच पुष्कर दिनकर का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। पुष्कर दिनकर अपने अकादमी के माध्यम से बच्चों को भारत के प्राचीन खेल मल्लखंब की बारीकियों से अवगत करा कराते। वह विगत आठ वर्षो से पामगढ़ में खिलाड़ियों को प्रशिक्षित कर रहे है। उनके खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर 36 मैडल और राज्य स्तर पर 102 मेडल अर्जित कर चुके हैं। मल्लखंब की यह कार्यशाला शहर के मुख्य स्थान



शासकीय प्री मैट्रिक बालक छात्रावास में संचालित हो रही है.इस प्रशिक्षण शिविर में कुल बीस खिलाड़ी भाग लेंगे जिनका चुनाव शारीरिक परीक्षण लेने के पश्चात किया गया। प्रशिक्षण उपरांत 15 अगस्त को मुख्य समारोह में उक्त खिलाड़ियों द्वारा प्रदर्शन किया जाएगा। गौरतलब है की मल्लखंब भारत की प्राचीन खेल विधा है जिसे योग, जिम्नास्टिक, एरोबिक्स के आयामों के साथ खेला जाता है,मास्टर ट्रेनर के रूप में आएं कोच पुष्कर दिनकर राष्ट्रीय स्तर के निर्णायक और कोच हैं। कलेक्टर दीपक सोनी ने बच्चों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं वहीं जिला खेल अधिकारी प्रीति बंछोर बिजौरा ने भी टीम को हर तरह से सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध जताया।

# महासमुंद जिले के खिलाड़ियों ने बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में 27 पदक जीते

पायनियर संवाददाता महासमुंद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय मिक्स बॉक्सिंग चैम्पियनशिप का आयोजन लोहाना भवन फाफाडीह रायपुर में 27 से 28 जुलाई 2024 को किया गया। मिक्स बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ जिला इकाई रायपुर द्वारा आयोजित इस चैम्पियनशिप में विभिन्न आयु एवं वजन समूहों में लगभग 250 महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस आयोजन में महासमुंद जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 27 पदक जीते, जिसमें 10



गोल्ड, 9 सिल्वर, और 8 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में वंशिका चौहान, आरुषि नंद, सिमरन चौहान, पल्लवी भोई, दिलेश्वरी साव, सबेश्वरी साहू, साहिल कुमार, राजकुमार रोहिदास, सूर्यकांत मिश्रा और त्रिलोचन साहू शामिल हैं, जिन्होंने गोल्ड मेडल जीते। इसके अतिरिक्त, भगवंतीन निराला, नुरेंद्र साहू, सना खान, इजरायल दीप, संस्कार सिंह नायक, भवनी बेहेरा, प्रियंका साव, योगिता खूंटे, और हेमा साव ने सिल्वर मेडल जीते। कृतिका बारीक, हेमा पटेल, जैनीश दीप, डॉलीमा चौधरी, दिव्या यादव, रचना साव, नंदिका साहू और जेता वाजपेई ने ब्रॉन्ज मेडल जीते। कलेक्टर प्रभात मलिक एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह ने सभी खिलाड़ियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी और राष्ट्रीय स्तर पर भी पदक जीतकर जिले का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दीं। सभी खिलाड़ियों ने विरेन्द्र कुमार डडसेना के मार्गदर्शन और कोच वंशिका चौहान के नेतृत्व में शानदार प्रदर्शन किया। इसी के साथ जिला खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, हरिशंकर देवांगन, बृजेश मिश्रा, रॉयल किड्स स्कूल नयापारा खुर्द पिथौरा के प्राचार्य अवस्थी एवं सुरेश निषाद ने भी खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

# जन समस्या निवारण पखवाड़ा शिविर में 232 आवेदन आये, मौके पर ही 122 आवेदनों का त्वरित निराकरण





■ **महापौर बोलेः जन समस्या निवारण पखवाड़ा शिविर के तहत, आवेदन लेने के साथ साथ, आवेदनों का तत्परता से निराकरण मुख्य उद्देश्य ह**

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम द्वारा बुद्ध विहार शंकर नगर में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पहुंचे लोगों ने मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने की मांग को लेकर आवेदन किया। किसी ने सड़क पर हुए गड्ढों की मरमत, किसी ने बंद स्ट्रीट लाइट को चालू किए जाने की मांग को लेकर आवेदन किया।शिविर में वार्ड 10,11,12 एवं 13 के नागरिकों को बुलाया गया था। महापौर धीरज बाकलीवाल, आयुक्त लोकेश चंद्राकर, पार्षद संजय कोहले, चंद्रशेखर चन्द्राकर, सतीश देवांगन, अजीत वैध ने शिविर में पहुंचे लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। शिविर कार्यक्रम में एडीएम अरवींद्र एक्का, एसडीएम मुकेश रावटे द्वारा शिविर के स्टालों में जाकर अधिकारी/कर्मचारियो से आवेदनों की संख्या एवं निराकरण से सम्बंधित जानकारी ली। शिविर में कुल 232 आवेदन मिले। लोगों ने नल कनेक्शन, राशनकार्ड व जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने, सड़कों पर हुए गड्ढों को पाटने, बंद स्ट्रीट लाइट को चालू किए जाने, गलियों की साफ -सफाई सहित अन्य कार्यों को लेकर आवेदन किया। प्राप्त आवेदनों में से 122 का निराकरण मौके पर किया गया। शेष निराकरण हेतु 110 आवेदनों को कार्रवाही कर निराकरण के निर्देश।शिविर में नगर निगम के कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, बाजार अधिकारी ईश्वर वर्मा, शशिकांत यादव, सुरेंद्र बजाज सहित अन्य उपस्थित थे। महापौर धीरज बाकलीवाल ने जन समस्या निवारण पखवाड़ा शिविर के तहत, आवेदन लेने के साथ साथ, आवेदनों का तत्परता से निराकरण मुख्य उद्देश्य है। वार्डो के शिविर में जनसमस्या पखवाड़ा शिविर लगातार जारी है। जिसमें प्रमुख रूप से नागरिको के समस्याओ का समाधान राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड बनाना, सड़को की मरम्मत करना, साफ-सफाई करना, स्ट्रीट लाईट लगाना,मोर मकान मोर आस का फार्म मिलने सहित अनेकों प्रकार के समस्याओ का समाधान के लिए आवेदन स्वीकार किये जा रहे है।

# कलेक्टर द्वारा कोचिंग संस्थानों के निरीक्षण हेतु टीम गठित

## निरीक्षण टीम ने किया प्रतियोगी परीक्षा कोचिंग संस्थानों का आकस्मिक निरीक्षण




पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने विगत दिवस देश की राजधानी दिल्ली के राजेन्द्र नगर में सिविल सेवा परीक्षा एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षा के कोचिंग प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के साथ घटित घटनाओं को ध्यान में रखते हुए दुर्ग-भिलाई नगर स्थित प्रतियोगी परीक्षा कोचिंग संस्थानों के निरीक्षण हेतु जिला स्तरीय टीम गठित कर जिले में संचालित सभी कोचिंग सेंटरों की सतत् निरीक्षण करने निर्देश दिये हैं। जिला स्तरीय निरीक्षण टीम में अपर कलेक्टर अरविंद एक्का, नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त देवेश ध्रुव, नगर पालिक निगम रिसाली के आयुक्त मोनिका वर्मा, संयुक्त कलेक्टर मुकेश रावटे, सहायक



आयुक्त आदिवासी विकास हेमंत कुमार सिन्हा, जिला सेनानी नगर सेना नागेन्द्र कुमार सिंह एवं सभी थाना प्रभारी शामिल है। उक्त निरीक्षण टीम द्वारा जिला मुख्यालय के अंतर्गत संचालित कोचिंग सेंटर आईआई टायन गुरू, वेदांतु लर्निंग सेंटर, एनईई एण्ड जेईई, मोशन, कोटा स्टडी सर्कल, सिविक सेंटर भिलाई एवं रिसाली स्थित बायजूस, पारख सुपर मार्केट तथा नेहरू नगर दुर्ग स्थिति फिजिक्स वाला कोचिंग सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। संचालित कोचिंग सेंटरो में अनुज्ञा प्राप्त भवन, मानक के अनुरूप सुरक्षा व्यवस्था, फायर सेफ्टि, कोचिंग सेंटर में प्रवेश एवं निकासी, आपात व्यवस्था, लायब्रेरी, सेंटरों में स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के संबंध में जांच किया गया। जिन कोचिंग सेंटरों में उक्त सुविधा/व्यवस्था की कमी पाई गयी, उन संस्थाओं को शीघ्र आवश्यक व्यवस्था करने का निर्देशित किया गया है। टीम द्वारा कोचिंग सेंटरों में कोचिंग प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के सुविधा को ध्यान में रखकर किसी भी प्रकार की दुर्घटना एवं आपदा की स्थिति में सुरक्षात्मक उपाय करने के संबंध में कोचिंग संचालकों से जानकारी ली जा रही है।

# जिला चिकित्सालय में विश्व स्तनपान सप्ताह की शुरूवात

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



जिला चिकित्सालय दुर्ग में बच्चे एवं माताओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में 01 अगस्त 2024 को विश्व स्तनपान सप्ताह की शुरूआत की गई है। इस वर्ष विश्व स्तनपान सप्ताह का थीम है-अंतर को कम करना, सभी के लिये स्तनपान समर्थन है। जिला चिकित्सालय दुर्ग के शिशु रोग विभाग में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. दिव्या वास्तव टीकाकरण अधिकारी जिला दुर्ग, डॉ. सीमा जैन एवं डॉ. वाय किरण शिशु रोग विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय दुर्ग द्वारा स्तनपान में जानकारी दी गई। चिकित्सकों ने बताया कि धात्री महिलाओं द्वारा शिशुओं को स्तनपान कराने से शिशुओं का मानसिक विकास, शिशु को डायरिया, निमोनिया एवं कुपोषण से बचाने एवं स्वास्थ्य के लिये आवश्यक है। साथ ही जन्म के छः माह तक केवल स्तनपान तथा दो साल तक सतत् स्तनपान कराना आवश्यक है। कार्यक्रम में डॉ. हेमंत साहू सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक दुर्ग, डॉ. रजनीशकांत मल्होत्रा शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ. गोवर्धन, डॉ सुनीता, संदीप ताम्रकार जिला कार्यकम प्रबंधक, दिलीप ठाकुर आजीवन जीवनदीप सदस्य, तथा धात्री महिलाएं, नर्सिंग स्टूडेंट, अस्पताल स्टॉफउपस्थित थे।

# संभाग आयुक्त कार्यालय के दो कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

**दुर्ग।** दुर्ग संभाग आयुक्त कार्यालय में पदस्थ दो कर्मचारी आज 31 जुलाई 2024 को अपनी अधिवार्षिकीय आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। इसमें सहायक वर्ग-3 बंशीलाल साहू और सहायक वर्ग-3 रामनारायण सोनी शामिल है। संभाग आयुक्त एस.एन. राठौर ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शॉल, फल और पेंशन अदायगी आदेश प्रदान किया। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन के लिए शुभकामनाएं दी।

# 42 वर्ष सेवा अवधि पूर्ण कर रियाज भाई हुए सेवानिवृत्त

## कलेक्टोरेट परिवार द्वारा दी गई भावभिनी बिदाई

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



जिला कार्यालय दुर्ग में स्टेनोग्राफर ग्रेड 01 के पद पर पदस्थापित रियाज अहमद अपनी अधि वार्षिकीय आयु पूर्ण कर 31 जुलाई 2024 को सेवानिवृत्त हुए। कलेक्टोरेट दुर्ग के सभाकक्ष में रियाज अहमद के सम्मान में कलेक्टोरेट परिवार द्वारा आयोजित सादे समारोह में उन्हें अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा भावभिनी बिदाई दी गई। रियाज अहमद अपने 42 वर्ष की सेवा अवधि में दुर्ग जिले में वर्ष 2003 से अनावरत् कलेक्टर दुर्ग के स्टेनो के पद पर 21 वर्ष तक अपनी सेवायें दी है। समारोह में जिला कार्यालय दुर्ग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी तथा विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी भी सम्मिलित हुए। समारोह में उपस्थित अधिकारी-कर्मचरियों द्वारा सेवानिवृत्त रियाज अहमद को सम्मान स्वरूप पुष्प गुच्छ भेंट किये। एडीएम अरविन्द कुमार एक्का, अपर कलेक्टर बी.के. दुबे, जिला पंचायत के सीईओ अश्वनी देवांगन, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी, उप संचालक जिला रोजगार राजकुमार कुर्रे ने रियाज अहमद के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही उनके कार्यशैली की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई। सहायक ग्रेड-02 नरसिंग पटेल ने भी अपने वक्तव्य पर रियाज अहमद के कार्यों की प्रशंसा की। सभी वक्ताओं ने जटार क्लब के संचालन में रियाज अहमद की योगदान को अविस्मरणीय बताते हुए उनके कार्यों के आधार पर अहमद के सेवा वृद्धि के लिए शासन स्तर पर हर संभव प्रयास करने की बातें कही। सेवानिवृत्त स्टेनोग्राफर ग्रेड 01 रियाज अहमद को कलेक्टोरेट परिवार की ओर से अपर कलेक्टर द्वय एक्का एवं दुबे ने शॉल, फल एवं प्रशस्ति पत्र तथा पेंशन स्वीकृति व जी.पी.एफ आदेश की प्रति प्रदान किये। रियाज अहमद ने अपनी भावना व्यक्त करते हुए कार्यों के दौरान सहयोग के लिए सभी अधिकारी-कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर उपसंचालक जनसंपर्क विभाग एम.एस. सोरी, उप संचालक समाज कल्याण अमित सिंह परिहार, सीईओ अंत्यावसायी श्यामल दास, उप संचालक योजना एवं सांख्यिकी डी.एस. वर्मा, सहायक संचालक आर. नटेश विशेष रूप से उपस्थित थे।

# मैत्री कालेज ऑफनर्सिंग अंजोरा के द्वारा 11 यूनिट रक्त दान



पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिला चिकित्सालय दुर्ग के ब्लड बैंक में रक्तदान करने हेतु 31 जुलाई 2024 को मैत्री कॉलेज ऑफ नर्सिंग अंजोरा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जिला चिकित्सालय दुर्ग के ब्लड बैंक में किया गया। इस रक्तदान शिविर में मैत्री कॉलेज ऑफ नर्सिंग अंजोरा के प्रिंसिपल शबनम डेविड, अध्यापक मिना साहू, दीपक साहू, लोविना हेम्ब्रम तथा नर्सिंग के छात्र-छात्राओं के सहयोग से 11 यूनिट बहुमूल्य रक्तदान किया गया। शिविर में मुख्य रूप ब्लड बैंक नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण अग्रवाल, नर्सिंग ऑफिसर तरूणा रावत, काउंसलर टी. एस. एंथोनी, लैब टेक्नोलॉजीस्ट रोशन सिंह, लैब इंचार्ज रूपेश सरपे, लैब टेक्नीशियन तीरथ यादव, सूरज, हिमांशु चंद्राकर, माला देशमुख, प्रशिक्षणार्थी डेमन, वीणा, सुनील, गोवर्धन, भारती की उल्लेखनीय भूमिका और सकारात्मक सहयोग रहा और सभी ने रक्तदाताओं को साधुवाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# आबकारी एवं रेलवे विभाग के संयुक्त टीम द्वारा रेलवे स्टेशन में गहन जांच कर 40.80 लीटर अवैध शराब जप्त

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



जिले में अवैध मदिरा विक्रय के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु लगातार कार्यवाही की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारीराजेश जायसवाल के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग एवं रेल्वे विभाग के संयुक्त जांच के दौरान 31 जुलाई 2024 को रेल्वे स्टेशन दुर्ग में एक व्यक्ति चार बैंगों के साथ संदिग्ध अवस्था में होने से टीम को देखकर भाग गया। मौके पर सभी बैंगों की तलाशी लिये जाने पर 20 बोतल रॉयल स्टेग व्हिस्की, 19 बोतल मैगडावल नंबर 1 एवं 10 बोतल ब्लैन्डर्स प्राइड व्हिस्की कुल 36.75 बल्क लीटर मध्यप्रदेश से निर्मित मदिरा जप्त कर छ.ग. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। उक्त प्रकरण में सहायक जिला आबकारी अधिकारी धीरज कनौजिया, रेल्वे सुरक्षा बल दुर्ग पोस्ट प्रभारी सिन्हा, आबकारी उप निरीक्षक भूपेन्द्र नेताम, सहायक उप निरीक्षक रेल्वे सुरक्षा बल टेम्भूरकर, प्रधान आरक्षक प्रहलाद सिंह राजपूत, आरक्षक रेल्वे सुरक्षा बल निहाल सिंह मीणा, आबकारी आरक्षक अशोक वर्मा/सु चितेश्वरी ध्रुव का सहयोग रहा। इसी प्रकार 31 जुलाई 2024 को मुखबीर की सूचना के आधार पर उरला से बेलौदी मार्ग नदी किनारे पर आरोपी मानसिंह राजपूत की तलाशी लिये जाने पर 25 पाव देशी मदिरा मसाला कुल मात्रा 4.5 बल्क लीटर जप्त कर कर छ.ग. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)ख का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। उक्त प्रकरण में सहायक जिला आबकारी अधिकारी मती निर्मला ठाकुर, आबकारी आरक्षक संदीप तिर्की/ खुलदीप यादव का सहयोग रहा।

# स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने किया सामदायिक स्वास्थ्य केंद्र अभनपुर का निरीक्षण

## मरीजों से मिलकर जाना उनका हाल, सुविधाओं का लिया जायजा



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अभनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों से मिलकर उनका हाल पूछा और उनके शीघ्र ही स्वस्थ होने की कामना की। जायसवाल ने अस्पताल में मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया।

जायसवाल ने इस दौरान अस्पताल के स्टाफ और चिकित्सकों के कार्य और व्यवहार के बारे में भी मरीजों से जानकारी ली। स्वास्थ्य मंत्री ने ओपीडी और वार्ड का निरीक्षण करने के साथ ही ओपीडी पंजीयन काउंटर का भी निरीक्षण किया। इस दौरान जायसवाल ने चिकित्सकों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए मरीजों की बेहतर देखभाल और समुचित उपचार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# शगुन इवेंट द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में दूसरे दिन काफी रिस्पांस मिला : तृप्ति गोविंद राठी




पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

शगुन इवेंट द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में आयोजक तृप्ति गोविंद राठी ने बताया कि दुसरे दिन लोगो की काफी रिस्पांश मिला। यहां उपलब्ध सामग्री गोबर से राखी, धान से राखी चांवल से राखी से बनायी गयी है और मिलेट प्रोडक्ट बाजरी का आटा, रागी आटा, कच्चा धानी तेल, और दर्द निवारक आयुर्वेदिक तेल, मुरादाबाद के क्राकरी, भागलपूरी साडी, अनेक यहा प्रकार के अलग-अलग सामग्री यहा मिल रही है और लोग काफी पसंद भी कर रहे है। यहा पर भारत के सभी प्रांतो से आकर स्टाल लगाये है। हर प्रांत की लगभग प्रसिद्ध सामग्री विक्रय के लिए उपलब्ध है। आन्ध्र समाज की महिलाओं को तृप्ति गोविंद राठी और शताब्दी सुबोध पांडेय ने कार्यक्रम हेतु मंच दिया गया। संस्था के सदस्यों कि भवानी राव के निर्देश में महिला कलाकार श्रीदेवी, आराधिता ए आनंददिता, पल्लवी राव, आकांक्षा अभिता राव आरती पटनायक द्वारा सावन के गीतो पर सदाबहार गानों की प्रस्तुती दी गई।

आराधिता आनंधिता द्वारा कूहू कूहू बोले कोयलिया गाने की शानदार प्रस्तुति दी गई। वही पल्लवी राव तू ही रे, और जरा जरा बहकता और के आकांक्षा द्वारा रिमझिम गिरे सावन और बरसों से मेघा मेघा ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया आरती पटनायक द्वारा सावन के झूले पडे और अनीता राव द्वारा राम आंएगे भजन से शानदार शुरूआत की गई। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से चेम्बर की महिला विंग अध्यक्ष मधु अरोरा जी, संरक्षक आभा मिश्रा कोषाध्यक्ष प्रेरणा भट्ट उपस्थित थे। आंध्र ब्रम्हाण समाज से प्रमुख रामलक्ष्मी और सुनीता राव उपाध्यक्ष ए.के. श्रीनीवास उपस्थित रहें। और आंध्र समाज से बडी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**केंते एक्सटेंशन परियोजना से सुरगुजा मे हजारों रोजगार के अवसर पैदा होंगे, राजस्थान की बिजली कंपनी सामुदायिक विकास के लिए प्रतिबद्ध**

# राजस्थान सरकार की केंते एक्सटेंशन खदान के लिए जन सुनवाई सफलतापूर्वक संपन्न हुई

पायनियर संवाददाता ◄ अंबिकापुर
www.dailypioneer.com





सरगुजा जिले के उदयपुर विकास खंड में पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा प्रस्तावित केंते एक्सटेंशन खुली खदान परियोजना के लिए जन सुनवाई शुक्रवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुई। राजस्थान राज्य के स्वामित्व वाली राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरआरवीयूएनएल) 1760 हेक्टेयर में फैली 11 मिलियन टन की वार्षिक कोयला उत्पादन क्षमता वाली एक नई कोयला खदान और एक अत्याधुनिक वाशरी परियोजना खोलेगी। आरआरवीयूएनएल को यह सफलता सरगुजा स्थित 15 मिलियन टन कोयला उत्पादन वाली परसा ईस्ट केते बासन (पीईकेबी) खदान के 12 साल के सफल संचालन और समुदाय लक्षी कार्यक्रमों के कारण मिली है। खुदकी खदानों से कोयले के उत्पादन से राजस्थान की कोल इंडिया और महंगे आयातित कोयले पर निर्भरता कम होगी। कोयला मंत्रालय ने पीईकेबी ब्लॉक को इसके उत्कृष्ट संचालन के लिए प्रतिष्ठित फाइव-स्टार रेटिंग प्रदान की है। आरआरवीयूएनएल ने शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, आजीविका और ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास सहित अन्य चीजों पर ध्यान केंद्रित करते हुए कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहलों में पर्याप्त निवेश किया है। इसके चलते राजस्थान एक और कोयला ब्लॉक के लिए सैकड़ों स्थानीय लोगों के समर्थन करके आरआरवीयूएनएल की प्रभावशाली सीएसआर पहलों को मान्यता दे दी है। उदयपुर तहसील के केंते, बासेन, चकेरी, परोगिया और 10 किलोमीटर के दायरे में आने वाले आस-पास के गांवों से हजारों ग्रामीण ने सुबह 8 बजे से बारिश के बावजूद सुबह 11 बजे निर्धारित की गई जन सुनवाई के लिए अपना समर्थन व्यक्त करने के लिए पहुंचने लगे। यह सुनवाई करीब सात घंटे से ज्यादा समय तक चली। सरगुजा के पर्यावरण संरक्षण मण्डल के क्षेत्रीय अधिकारी विजय सिंह पोर्ते और अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट सुनील कुमार नायक ने जन सुनवाई की अध्यक्षता की। परसा के उपसरपंच गणेशराम यादव ने कहा, स्थानीय लोगों की मदद से आर आरवीयूएनएल ने पीईकेबी खदान की पहले से खनन की गई भूमि पर 12 लाख से अधिक पेड़ लगाकर सरगुजा को एक नई पहचान दी है। राजस्थान की बिजली उपयोगिता निःशुल्क अंग्रेजी माध्यम स्कूल, कौशल विकास केंद्र, क्लीनिक और एम्बुलेंस सेवाएं चलाती है। हमें उम्मीद है कि आरआरवीयूएनएल केंते एक्सटेंशन खदान खोलकर इन पहलों को और बढ़ावा देगा। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विकास, रोजगार प्रबंधन और स्वरोजगार पर चर्चा की। अधिकारियों और गणमान्य लोगों ने केंटे एक्सटेंशन कोल ब्लॉक के लिए भी समर्थन व्यक्त किया, उनका मानना है कि इससे क्षेत्र में नए विकास और रोजगार के अवसर आएंगे। केंते एक्सटेंशन का समर्थन करते हुए चकेरी गांव के त्रिलोचन सिंह पेकरा ने कहा, यह परियोजना पिछड़े क्षेत्र में हमारे गांव की महिलाओं और युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करेगी। आरआरवीयूएनएल के संचालन और सीएसआर प्रयासों ने प्रदर्शित किया है कि निगम स्थानीय लोगों के लिए समृद्धि लाएगा।बासेन गांव की उर्मिला पंडो ने कहा, पीईकेबी खदान खुलने से मेरे सहित कई महिलाओं को स्वरोजगार मिला है। हमारे समूह की महिलाएं महिला सहकारी समिति के माध्यम से विविध व्यावसायिक गतिविधियों में संलग्न होकर आत्मनिर्भर बन गई हैं। इसलिए मैं केंते विस्तार परियोजना का समर्थन करती हूं।आरआरवीयूएनएल के अतिरिक्त मुख्य अभियंता वीपी गर्ग ने छत्तीसगढ़ परियोजना के बारे में जानकारी दी। उपमंडल मजिस्ट्रेट बनसिंह नेताम, उदयपुर की नगर निरीक्षक चंद्र कुमारी और उदयपुर ब्लॉक की तहसीलदास चंद्रशीला जायसवाल उपस्थित थीं। जनसुनवाई में आरआरवीयूएनएल के अधीक्षण अभियंता अशोक प्रसाद, अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड सरगुजा क्लस्टर प्रमुख मनोज कुमार शाही सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। जन सुनवाई के अंत में आरआरवीयूएनएल के अतिरिक्त मुख्य अभियंता वीपी गर्ग ने कंपनी के सामाजिक सरोकारों के माध्यम से विकास कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की तथा जन सुनवाई के आयोजन में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से शामिल सभी ग्रामीणों, प्रशासनिक अधिकारियों, हितधारकों व सभी का आभार व्यक्त किया।

## संपादकीय

### राहुल की मांग जाति गणना

**राहुल गांधी** ने संसद में जाति गणना का मुद्दा उठाते हुए 'हलवा आयोजन' का प्रतीक के रूप में प्रयोग किया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बजट प्रस्तुतीकरण के पहले परंपरागत 'हलवा आयोजन' के बहाने बजट प्रक्रिया में हाशियाकृत समुदायों की सहभागिता पर सवाल उठाया। उन्होंने इस प्रतीक का प्रयोग करते हुए कहा कि केवल उच्चजातीय लोग ही हलवा बनाने में लगे थे जो इसे जनसंख्या के विशिष्ट लोगों में बांटते हैं। राहुल ने इसके लिए सदन में एक पोस्टर दिखाया जिस पर लोकसभा अध्यक्ष ने इसे नियम विरुद्ध बताया। हालांकि, लंबे समय से 'जाति गणना' का मुद्दा विवादों में घिरा है। इस पर संसद के वर्तमान सत्र में में न केवल तीखी चर्चा हुई, बल्कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पूर्व केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के बीच टकराव भी हो गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अनुराग ठाकुर का समर्थन करते हुए ट्विटर पर लिखा, 'मेरे युवा और ऊर्जावान साथी श्री अनुराग ठाकुर का यह भाषण अवश्य सुनने वाला है। इसमें तथ्यों और व्यंग्य का अच्छा मिश्रण है जिसने इंडी गठबंधन की गंदी राजनीति उजागर कर दी है।' अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में राहुल गांधी के भाषण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जो लोग अपनी जाति नहीं जानते हैं, वे जाति गणना की मांग कर रहे हैं। जाति गणना की मांग लंबे समय से जारी है और अब इस मुद्दे को 'इंडिया' समूह ने उठाया है। पैरोकारों का तर्क है कि यह विभिन्न जातियों की सामाजिक-आर्थिक स्थितियां समझने तथा लक्षित कल्याण योजनायें बनाने के लिए बहुत जरूरी है। लेकिन भारत में जातियों की संख्या इतनी अधिक है और वे विभिन्न प्रदेशों में भिन्न-भिन्न नाम लिखती हैं कि उनकी 'वैज्ञानिक डेटा' के आधार पर गणना लगभग असंभव है।



भारत में एक जटिल जाति व्यवस्था है जिसका सामाजिक और आर्थिक गतिशीलता पर प्रभाव पड़ता है। विपक्ष का कहना है कि जाति गणना से असमानताओं का पता लगेगा जिससे सरकार इनको ज्यादा प्रभावी ढंग से संबोधित कर सकेगी। अनेक हाशियाकृत समुदाय आज भी भेदभाव तथा अवसरों की कमी का सामना कर रहे हैं। लेकिन इसे केवल 'जाति' से जोड़ना उचित नहीं होगा क्योंकि उच्चजातीय समझे जाने वाले अनेक परिवार भी लगभग समान विपन्नता का शिकार हैं। रंगनाथ मिश्र कमेटी ने कहा था कि जातीय आरक्षण में निहित स्वार्थ विकसित हो गए हैं जो आरक्षण के लाभ गरीब लोगों तक नहीं पहुंचने देते हैं। लेकिन विपक्ष व खासकर कांग्रेस पार्टी मुखर रूप से वर्तमान समय में जाति गणना की पैरवी कर रही है। कांग्रेस का यह कदम संभावित चुनावी लाभ को देखते हुए है क्योंकि वह लंबे समय तक ओबीसी आरक्षण की विरोधी रही है और मंडल आयोग रिपोर्ट तथा कर्पूरी ठाकुर रिपोर्ट पर दशकों तक खामोश रही है। कांग्रेस सरकार ने 2011 की जनगणना में जाति गणना को शामिल किया था, पर इसका डेटा कभी सार्वजनिक नहीं किया गया और न इस पर कोई कार्रवाई की गई। इसका कारण संभवत: डेटा का 'अविश्वसनीय' होना था। इन तथ्यों को देखते हुए ही अनुराग ठाकुर ने विपक्ष की मांग का कड़ा विरोध किया। उनका तर्क था कि सरकार सामाजिक उत्थान के लिए पहले ही अनेक योजनायें चला रही है और जाति गणना से समाज में और विभाजन बढ़ेगा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि विपक्ष 'विभाजनकारी राजनीति' कर रहा है, जबकि सरकार का प्रयास समावेशी विकास को प्रोत्साहित करना है। कांग्रेस समेत विपक्षी दल येन-केन-प्रकारेण सत्ता तक पहुंचने के लिए प्रयासरत हैं और वे 'जाति गणना' को हथियार बनाना चाहते हैं।

# व्यक्तिगत आय कर में सुधार

वित्त मंत्री ने 2024-25 के बजट में व्यक्तिगत आय कर की ज्यादा आकर्षक 'नई व्यवस्था' बनाने के साथ पूंजी लाभ कर ढांचे को और तार्किक बनाया है।



उत्तम गुप्ता
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



केंद्रीय बजट 2024-25 में वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण ने व्यक्तिगत आय कर-पीआईटी को ज्यादा आकर्षक बनाने की 'नई व्यवस्था' लागू की है। इसके साथ ही उन्होंने पूंजी लाभ कर-सीजीटी ढांचे की प्रक्रिया को 'तार्किक' व 'सरल' बनाना जारी रखा है। इस प्रक्रिया की शुरुआत 2023-24 में की गई थी। सीतारमण ने नई पीआईटी व्यवस्था 2020-21 के बजट में शुरू की थी। 250,001-500,000 रुपये वार्षिक आय पर 5 प्रतिशत टैक्स बनाए रखते हुए उन्होंने 500,000 से अधिक आय पर टैक्स बढ़ा कर 500,001-750,000 तक 10 प्रतिशत, 750,001-1,00,000 तक 15 प्रतिशत, 1,00,001-1,250,000 तक 20 प्रतिशत तथा 1,250,001-1,500,000 रुपये तक 25 प्रतिशत टैक्स का प्राविधान किया था। 1,500,000 से अधिक आय पर 30 प्रतिशत टैक्स की व्यवस्था जारी है। लेकिन पुरानी व्यवस्था में जहां व्यक्ति अधिकतम 375,000 रुपये के दीर्घकालीन निवेश पर छूट और रियायतों का लाभ उठा सकते थे, नई व्यवस्था में इसकी अनुमति नहीं दी गई है।

हालांकि, लोगों को नई व्यवस्था पसंद करने या पुरानी व्यवस्था जारी रखने का विकल्प दिया गया है। 2023-24 के बजट में वित्त मंत्री ने कर संरचना को बदल कर 300,000 आय तक शून्य टैक्स, 300,001-600,000 रुपये तक 5 प्रतिशत टैक्स, 600,001-900,000 तक 10 प्रतिशत, 900,001-1,200,000 तक 15 प्रतिशत, 1,200,001-1,500,000 तक 20 प्रतिशत तथा 1,500,000 रुपये से अधिक आय पर 30 प्रतिशत टैक्स का प्राविधान किया था।

इसके साथ ही वेतनभोगी कर्मचारियों व पेंशनधारकों के लिए मानक कटौती 50,000 रुपये थी। यह स्थिति 2020-21 के पैकेज से बेहतर थी। इसके अंतर्गत 1,500,000 तक वार्षिक आय वाले व्यक्ति को 140,000 रुपये पर टैक्स देने की आवश्यकता थी, जबकि पुरानी योजना में कुछ कर रियायतों के साथ उसे 150,000 पर टैक्स देना होता था। इस कारण उसके पास 1,360,000 रुपये बचते थे, जबकि पुरानी व्यवस्था में उसके पास केवल 975,000 रुपये बचते थे। नई योजना में वेतनभोगी कर्मचारी को 750,000 रुपये की वार्षिक आय पर कोई टैक्स नहीं देना होता था। 2024-25 के बजट में वित्त मंत्री ने टैक्स स्लैबों में और कमी की है। अब 300,000 तक कोई टैक्स नहीं है, 300,001-700,000 तक 5 प्रतिशत, 700,001-1000,000 तक 10 प्रतिशत, 100,001-1,200,000 तक 15 प्रतिशत, 1,200,001-1,500,000 तक 20 प्रतिशत तथा 1,500,000 से ऊपर 30 प्रतिशत टैक्स देना होगा। इसके साथ ही अब वेतनभोगी कर्मचारी व पेंशनर 75,000 मानक कटौती का लाभ उठा सकते हैं। इस प्रकार 1,500,000 रुपये से अधिक वार्षिक आय वाले व्यक्ति 2023-24 में भुगतान योग्य कर से 15,000 रुपये बचा सकते हैं। ऐसे करदाता को अब केवल 125,000 रुपये पर टैक्स देना होगा। इसके साथ ही वेतनभोगी कर्मचारी को अब 825,000 रुपये तक वार्षिक आय पर कोई टैक्स नहीं देना होगा, जबकि पहले यह सीमा 750,000 रुपये थी। महत्वपूर्ण रूप से आईटी रिटर्न फाइल करने वाले लगभग दो तिहाई लोग नई व्यवस्था स्वीकार कर चुके हैं।

2024-25 के बजट में ज्यादा लोगों को नई टैक्स योजना में आने के लिए और सुविधायें दी गई हैं। सीजीटी के अनुसार करों की दरें व्यापक रूप से ईक्विटी, शेयर, बांड, भौतिक परिसंपत्तियों, सूचीबद्ध या बिना सूची वाले, होल्डिंग पीरियड, आदि पर निर्भर करती थीं। इसके कारण मनमानेपन, दुरुपयोग, करापवंचन व लंबी मुकदमेबाजी जैसी समस्यायें सामने आती थीं। पिछले साल सरकार ने इसमें परिवर्तन की शुरुआत की। 24 मार्च, 2023 को लोकसभा द्वारा पास वित्त विधेयक, 2023 में गैर-ईक्विटी या 'डेट म्यूचुअल फंड'-डीएमएफ से पूंजीगत लाभ पर कर व्यवस्था में संशोधन किए गए थे। डीएमएफ एक ऐसी योजना है जिसमें निश्चित आय वाले उपकरणों में निवेश किया जाता है।

इनमें कार्पोरेट व सरकारी बांड, कार्पोरेट डेट सिक्यूरिटी, शेयर बाजार उपकरण, आदि शामिल हैं जो पूंजीगत लाभ पेश करते हैं। पहले डेट फंड में यूनिटें बनाए रखने से पूंजीगत लाभ को तीन साल या उससे अधिक तक बनाए रखने को दीर्घकालीन पूंजीगत लाभ-एलटीसीजी माना जाता था और इस पर 'इंडेक्शेसन' लाभ के साथ 20 प्रतिशत टैक्स लगता था। इसमें मुद्रास्फीति से प्रभावित निवेश की गाना होती थी जिससे पूंजीगत लाभ और कर देयता घटती थी। तीन साल से कम समय तक यूनिटें बनाए रखने पर पूंजीगत लाभ को अल्पकालीन पूंजी लाभ-एसटीसीजी माना जाता था और इसे व्यक्तिगत आय कर में टैक्स स्लैब में जोड़ दिया जाता था।

'स्पेसीफाइड म्यूचुअल फंड'-एसएमएफ के मामले अब संशोधन के माध्यम से इसे समाप्त कर दिया गया है। इसका अर्थ उन म्यूचुअल फंडों से है जहां कुल धनराशि के 35 प्रतिशत से अधिक को घरेलू कंपनियों के ईक्विटी शेयरों में लगाया जाता है। इसके परिणामस्वरूप एसएमएफ से प्राप्त लाभ को उस स्लैब के आधार पर कर योग्य माना जाएगा जिसमें कुल आय कर आता है, चाहे निवेशक इसे एसटीसीजी में लगाए या नहीं। 1 अप्रैल, 2023 से लागू नई कर व्यवस्था एक्सचेंज ट्रेडेड फंड-ईटीएफ, गोल्ड फंड, आउटबाउंड म्यूचुअल फंड, ईक्विटी फंड, आदि पर लागू होती है। 2024-25 के बजट में वित्त मंत्री ने सीजीटी व्यवस्था में व्यापक परिवर्तन किए हैं। डेट, गैर-ईक्विटी एम एफ तथा अनलिस्टेड बांड को छोड़ कर सभी प्रकार की परिसंपत्तियों पर अब दीर्घकालीन पूंजीगत लाभ कर-एलटीसीजी 12.5 प्रतिशत की दर से टैक्स देना होगा, चाहे वे वित्तीय या भौतिक, सूचीबद्ध या अनलिस्टेड हों। दीर्घकाल तय करने के लिए होल्डिंग पीरियड 24 महीने होगा, जबकि स्टाक, इक्विटी म्यूचुअल फंड आदि के लिए यह 12 महीने होगा। 24 महीने से कम होल्डिंग वाली परिसंपत्तियों के लिए अल्पकालीन पूंजी लाभ-एसटीसीजी लागू स्लैब दर के अनुसार होगा। लेकिन स्टाक, ईक्विटी म्यूचुअल फंड, लिस्टेड बांड, आदि के मामले में एसटीसीजी 20 प्रतिशत होगा जो पहले 15 प्रतिशत था। इस प्रकरण ऐसे उपकरणों के लिए एलटीसीजी 12.5 प्रतिशत होगा जो पहले लागू 10 प्रतिशत से अधिक है। इन परिवर्तनों से तीन मुख्य संदेश सामने आते हैं। पहला, इससे दीर्घकालीन निवेशकों को लाभ होगा जिनको अब 12.5 प्रतिशत एलटीसीजी देना होगा जो पहले 20 प्रतिशत था अथवा यह परिसंपत्तियों के लिए उपलब्ध स्लैब दर के आधार पर होता था जो मोटेतौर से 39 प्रतिशत था। स्टाक और ईक्विटी एमएफ से एलटीसीजी की वार्षिक छूट सीमा बढ़ा कर 125,000 की गई है जो पहले 100,000 रुपये थी। यह एक और लाभ की स्थिति है। लेकिन वित्त मंत्री ने एलटीसीजी कर दरें घटा कर इंडेक्सेशन का लाभ समाप्त कर दिया है।

इस प्रकार वित्त मंत्री ने रियल इस्टेट क्षेत्र में राजस्व नुकसान का एक बड़ा स्रोत बंद कर दिया है जहां डेवलपर इंडेक्सेशन का लाभ उठा कर अपने कर दायित्व में भारी कमी करने में सफल होते थे। लेकिन 2001 से पहले प्राप्त पुराने मकानों के स्वामियों या पैतृक संपत्ति को इससे अलग रखा है और उनको इंडेक्सेशन का लाभ मिलता रहेगा। निवेशकों को स्टाक और ईक्विटी म्यूचुअल फंड पर अब अल्पकालीन लाभ के लिए ज्यादा एसटीसीजी टैक्स देना होगा जो पहले 15 प्रतिशत की तुलना में बढ़ा कर 20 प्रतिशत कर दिया गया है। ये लोग आमतौर पर अमीर लोग या अतिरिक्त पैसे वाले बहुत अमीर लोग होते हैं।

ऐसे लोगों से ज्यादा टैक्स प्राप्त करने का वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण का प्रयास पूर्णत: उचित है। नई सीजीटी व्यवस्था निसंदेह एक बड़ा सुधार है। लेकिन सरकार को ऐसा ढांचा बनाने का प्रयास करना चाहिए जहां किसी की वार्षिक आय में परिसंपत्तियों से प्राप्त पूंजीगत लाभ को जोड़ा जाए, भले ही उनका वर्ग चाहे जो हो, वे सूचीबद्ध या अनलिस्टेड हों अथवा उनका होल्डिंग पीरियड चाहे जो हो। इस प्रकार टैक्स वार्षिक स्तर पर प्राप्त कुल आय के आधार पर होना चाहिए और उसमें सभी स्रोतों को शामिल किया जाना चाहिए।

# आघात लगने से घाव भरने तक

> अपनी इच्छाओं को समझकर और अपने कार्यों का विश्लेषण करके, हम खुद को ठीक करने के तरीके खोज सकते हैं।

ब्रह्मकुमार निकुंज
(लेखक आध्यात्मिक उपदेशक हैं)



महात्मा गांधी ने कहा था कि मेरी अनुमति के बिना कोई भी मुझे चोट नहीं पहुंचा सकता, हालांकि, सच्चाई यह है कि हममें से ज्यादातर लोग अपने रिश्तों में एक-दूसरे को चोट पहुंचाते हैं और हम ऐसा इसलिए करते हैं क्योंकि हम ऐसा करना चाहते हैं। इसके लिए कोई बड़ा कारण नहीं है, लेकिन यह कुछ ऐसा है जो बस होता है। मनोवैज्ञानिकों के अनुसार, ज्यादातर लोग किसी को चोट पहुंचाते हैं क्योंकि वे कुछ ऐसा चाहते हैं जो उन्हें लगता है कि उनके पास नहीं हो सकता, या उनके पास कुछ ऐसा है जो वे नहीं चाहते। अगर हम खुद को करीब से देखें, तो हम पाएंगे कि हममें से ज्यादातर लोग ऊपर बताई गई दो स्थितियों में से किसी एक में हैं, और हमें नहीं पता कि इसके बारे में क्या करना है, इसलिए हम सोचते हैं कि जो हम चाहते हैं उसे पाने का एकमात्र तरीका किसी को चोट पहुँचाना है। तो, क्या यही एकमात्र तरीका है? क्या इसका पालन करना सही तरीका है? हम सभी जानते हैं कि यह गलत है क्योंकि इससे दोनों तरफ़ बहुत दर्द होता है, तो हम ऐसा क्यों करते हैं? सिर्फ़ इसलिए क्योंकि हम समझ नहीं पाते कि जिस चीज़ को हम बहुत चाहते हैं उसे कैसे पाएं या जिस चीज़ की हमें ज़रूरत नहीं है उसे कैसे दूर करें बिना किसी को दुख पहुंचाए।

लोगों को दुख पहुंचाने के हमारे कई कारण हो सकते हैं, हालांकि उनमें से सबसे आम है अधूरी उम्मीदें जो हम सभी अपने अलग-अलग रिश्तों में अनुभव करते हैं। उदाहरण के लिए, हम अभी-अभी किसी से मिले हैं और उससे प्यार करने लगे हैं। अब भावनाओं का आदान-प्रदान होने से पहले, हम बस उन चीज़ों के बारे में सपने देखना शुरू कर देते हैं जो पूरी तरह से संदर्भ से बाहर होती हैं।



बहुत ज्यादा पीछा करने, पीछा करने और धक्का देने के बाद, जब हम अंतत: दूसरे छोर से वांछित उत्तर पाने में विफल हो जाते हैं, तो हम दुखी महसूस करना शुरू कर देते हैं और फिर तुमने मुझे दुख पहुंचाया, तुमने मेरा दिल तोड़ा आदि जैसी बातें कहकर उस व्यक्ति को दोष देना शुरू कर देते हैं। हमें एक शांत कोने में बैठकर खुद से पूछना चाहिए कि क्या शुरू से ही हमारी उम्मीदें यथार्थवादी थीं। क्या सामने वाले व्यक्ति ने हमें ऐसा विश्वास करने के लिए प्रेरित किया कि वह भी वैसा ही महसूस करता है जैसा हम महसूस कर रहे हैं? क्या दोनों तरफ़ प्यार की भावनाएँ एक-दूसरे के प्रति थीं? जब यह समझने का समय था कि वह क्या कह रहा है, तो हम हवा में प्यार के महल बना रहे थे, जब विपरीत व्यक्ति को कुछ जगह देने का समय था, तो हम अपने मजबूर प्यार और स्नेह से उस व्यक्ति का दम घोंट रहे थे। क्या यह सही तरह का व्यवहार है? याद रखें! किसी भी तरह का एकतरफा रिश्ता बेहद दर्दनाक और हानिकारक होता है क्योंकि यह आपको किसी और के जीवन का एक खाली हिस्सा जैसा महसूस कराता है जैसे कि आप उनके लिए उतने महत्वपूर्ण नहीं हैं जितना कि वे आपके लिए हैं। इसलिए खुद को ऐसे दर्द और पीड़ा से बचाने के लिए, उस व्यक्ति के साथ स्पष्ट संवाद करना सबसे अच्छा है जिसके लिए आप भावनाएँ रखते हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप किस तरह के रिश्ते में हैं, लेकिन आपको अपनी भावनाओं को व्यक्त करना होगा क्योंकि जब हम संवाद का द्वार खोलते हैं, तो हम अपना दिल खोलते हैं।

इसलिए हमेशा अपने आप को व्यक्त करें क्योंकि अनकहे शब्दों का बोझ ढोना आप पर भारी पड़ सकता है। 100 बार %आई लव यू% दोहराने के बजाय जो आप वास्तव में महसूस करते हैं उसे कहना 100 गुना बेहतर है। हालाँकि, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि हममें से ज़्यादातर लोग अंदर से ही खून बहाना पसंद करते हैं और अपनी 'कोई बात न कहने' की ज़िद पर अड़े रहते हैं। इसलिए एक समझदार व्यक्ति हमेशा इन कारणों के बारे में सोचेगा जब वह आहत होता है, बजाय इसके कि 'मुझे क्यों?' पर समय बर्बाद करे।

तो इतनी आसानी से हार मत मानो क्योंकि ऐसी सांसारिक चीज़ों के लिए ज़िंदगी बहुत छोटी है, बस जो आपको दुख पहुँचाता है उसे भूल जाओ लेकिन जो उसने तुम्हें सिखाया है उसे कभी मत भूलना। अपने सबक सीखो और आगे बढ़ो।

## आप की बात

### लव जिहाद पर शिकंजा

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लव जिहाद पर शिकंजा कस कर सराहनीय कदम उठाया। आए दिन नाम बदलकर दोस्ती और शादी के झांसे देना, हिन्दू समाज की लड़कियों को प्रलोभन देकर प्रेम का ढोंग कर शादी के लिए दवाब बनाना और बाद में धर्मान्तरण के लिए मजबूर करना जैसी बढ़ती घटनायें चिन्ता का विषय हैं। हिन्दू लड़कियों की जिंदगी बर्बाद करना जैसे कुछ कट्टरपंथी मुस्लिम युवाओं का शगल बन गया है। विडंबना है कि अपने नौजवानों की इस गलत व आपराधिक प्रवृत्ति पर रोक लगाने के बजाय मुस्लिम समाज का बड़ा हिस्सा इसमें सहायता करता दिखता है। इसे रोकना और अपराधियों को कठोर दंड देना जरूरी हो गया है। उतर प्रदेश के साथ ही लव जिहाद के खिलाफ ऐसे कड़े कानून दूसरे प्रदेशो को भी बनाने चाहिए। हिंदू समाज को भी अपनी एकजुटता को बढ़ावा देकर अपने बच्चे-बच्चियों के दोस्तों पर ध्यान देना होगा। मुस्लिम या अन्य धर्मों के नौजवानों को अपनी पहचान छिपा कर हिंदुओं की कीमत पर आर्थिक लाभ उठाने, उनको नुकसान पहुंचाने तथा लड़कियों को प्रेम जाल में फंसाने को भी गंभीर अपराध माना जाना चाहिए। इससे लव जिहाद की जड़ों पर प्रहार होगा और अब यह संभवत: जरूरी होता जा रहा है।

**- योगेश जोशी**, बड़वाह

### संसद में बहस

**मॉनसून सत्र** में बजट पर बहस केंद्र में रहनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश किया, लेकिन राहुल गांधी ने बजट पर बहस में अनावश्यक व अतार्किक रूप से जाति का मुद्दा उठा दिया। अब तथ्यपूर्ण, शालीन और तर्कपूर्ण बहस के बजाय एक दूसरे पर शब्द बाण चलाना, मजाक उड़ाना और खुद को हाईलाइट करना बहस का मकसद रह गया है। हमारे जन प्रतिनिधियों को सदन में इसकी भी चिन्ता नहीं रहती कि देश की 140 करोड़ जनता उनकी तरफ बड़ी आशा से देख रही है। उसे उम्मीद रहती है कि शायद इस बार उनके आर्थिक बोझ, महंगे जीवनयापन और अन्य परेशानियों को हल करने के लिए सभी मिलकर प्रयास करेंगे। लेकिन निर्वाचित होने के बाद अधिकांश जन प्रतिनिधियों का नया ही रूप सामने आता है। इससे स्पष्ट होता है कि उन्हें आम जनता का ध्यान सिर्फ वोट लेने तक ही रहता है। बीच के 5 साल वह अपने निजी और राजनीतिक हित साधने में खर्च कर देते हैं। इस बार संसद चली तो जरूर, लेकिन विडंबना है कि अधिकांश सांसद भविष्य की राजनीति और चुनावी गोटें बिछाने के दृष्टिकोण से एक दूसरे पर आरोप लगाने में ही व्यस्त रहे।

**- सुभाष बुडावन वाला**, रतलाम

### मौसम संबंधी चेतावनी

**गृह मंत्री** अमित शाह ने राज्यसभा में कहा कि केंद्र ने केरल सरकार को वायनाड त्रासदी के एक सप्ताह पहले ही चेतावनी दी थी कि भारी बारिश या भूस्खलन की संभावना है। अगर केंद्र सरकार या मौसम विभाग अधिकृत रूप से किसी राज्य सरकार को मौसम खराब होने संबंधी आपदा या संकट की चेतावनी देता है तो उस पर ध्यान दिया जाना चाहिए। अमित शाह ने अपने बयान में यह भी कहा कि अतीत में ओडिशा और गुजरात राज्य सरकारों ने केन्द्र द्वारा दी गई मौसम संबंधी सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई कर जनहानि लगभग शून्य करने में सफलता प्राप्त की थी। भारतीय मौसम विभाग ने दूरसंवेदी उपकरणों तथा कृत्रिम उपग्रहों के माध्यम से मौसम की सटीक जानकारी देने की जो व्यवस्था बनाई है, वह दुनिया के केवल तीन देशों के पास उपलब्ध है। मौसम विभाग अलग से राज्यों को चेतावनी जारी करने के साथ ही उसे अपनी वेबसाइट पर भी प्रदर्शित करता है। ऐसे में देश के सभी नागरिकों तथा खासकर छात्रों और शिक्षकों को मौसम विभाग की वेबसाइट पर दी गई जानकारी का सीधे लाभ उठाने का भी प्रयास करना चाहिए। जनता की सुरक्षा को राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का विषय नहीं बनने देना चाहिए।

**शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### क्वाड बैठक

**टोकियो** में हुए क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में परस्पर साझेदारी और अनेक वैश्विक समस्याओं पर स्पष्ट संदेश दिया गया। इस बैठक से भारत और क्वाड में शामिल अमेरिका, जापान व आस्ट्रेलिया के बीच संबंध और मजबूत हुए हैं। इस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी की रूस यात्रा के बाद क्वाड देशों के संबंधों में दरार की आशंकाएं गलत साबित हुई हैं। वर्ष के अंत में भारत में होने वाली क्वाड बैठक के लिए भी यह एक शुभ संकेत है। बैठक में चारों देशों के विदेश मंत्रियों ने अच्छी समझ और सामंजस्य का प्रदर्शनि किया है। क्वाड गठबंधन भारत के लिए खासतौर से महत्वपूर्ण है क्योंकि उसे लगातार अपने पड़ोसी चीन की आक्रामकता का सामना करना पड़ता है। चीन के अन्य क्वाड देशों के साथ व्यापारिक संबंध होने के बावजूद वे भी उसकी विस्तारवादी व वर्चस्ववादी नीतियों से परेशान हैं। हालांकि, भारत राजनयिक स्तर पर चीन से संबंध सुधारने के हर संभव प्रयास करता है तथा विदेश मंत्री जयशंकर ने द्विपक्षीय संबंधों में किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से इनकार किया है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में क्वाड महत्वपूर्ण शक्ति है।

**- विभूति बुपक्या**, खाचरोद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# पंडरिया विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से गन्ना किसानों के बकाया भुगतान हेतु कारखाने से जारी की गई 12.62 करोड़ से अधिक की राशि

## किसानों के हित और कल्याण के लिए हम प्रतिबद्ध हैं, गन्ना किसानों का बकाया भुगतान भी जल्द होगी जारी : भावना बोहरा

पायनियर संवाददाता ◂ कवर्धा
www.dailypioneer.com

पंडरिया विधानसभा में गन्ने की खेती करने वाले किसानों के बकाया भुगतान हेतु पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पंडरिया द्वारा पेराई वर्ष 2023-24 में पंडरिया विधानसभा के 7500 से अधिक शेयरधारी गन्ना किसानों से 2 नवम्बर 2023 से 5 अप्रैल 2024 तक 3.13 मिट्रिक टन गन्ने की खरीदी हुई थी जिसका उचित एवं लाभकारी मूल्य के तहत (एफआरपी दर) भुगतान हेतु 91 करोड़ रुपए की राशि कारखाने द्वारा दी जानी थी। पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा लगातार किसानों की बकाया राशि का भुगतान करने हेतु जल्द व्यवस्था करने का प्रयास किया जा रहा था और वे लगातार अधिकारियों एवं प्रशासन से किसानों के भुगतान हेतु संपर्क में हैं। इसी कड़ी में आज किसानों को बकाया भुगतान हेतु 12 करोड़ 62 लाख 14 हजार 255 रुपए की राशि जारी की गई है, जिससे किसानों में खुशी दिखाई दे रही है। इस राशि के साथ ही अब तक 27 फरवरी 2024 तक किसानों के बकाया राशि का भुगतान किया जा चुका है। आपको बताते चले की अब तक विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से लगभग 71 करोड़ 92 लाख रुपए से अधिक की राशि अबतक किसानों को जारी की जा चुकी है और बकाया राशि भी जल्द ही उन्हें भुगतान कर दी जाएगी। इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि हमारे पंडरिया विधानसभा में अधिकतर किसान हैं जो गन्ने की खेती करते हैं। गन्ना किसानों द्वारा बकाया भुगतान की राशि के बारे में मुझे अवगत कराया गया था जिसके लिए मैनें किसानों के हित को देखते हुए लगातार प्रयास किये की उन्हें बकाया राशि जल्द से जल्द दी जा सके। इसके पूर्व भी किसानों को दो से तीन किश्तों में बकाया राशि का भुगतान किया जा चुका है और आज 12 करोड़ 62 लाख 14 हजार 255 रुपए की राशि भी किसानों को भुगतान करने हेतु जारी की गई है जिससे किसानों को आर्थिक संबल मिलेगा। मैं सभी किसान भाई-बहनों को आश्वस्त करती हूँ कि जो राशि अभी भी भुगतान हेतु बाकी है वह भी जल्द ही उन्हें दे दी जाएगी। भावना बोहरा ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार किसनों के हित एवं उनके अधिकार के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। हाल ही में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पंडरिया के 11,892 शेयरधारी किसानों को नियमानुसार 50 किलो शक्कर प्रदान करने हेतु मंडी बोर्ड निधि से 33 लाख 62 हजार 457 रुपए एवं भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना कवर्धा हेतु 66 लाख 37 हजार 543 रुपये के अनुदान राशि की स्वीकृति भी प्रदान की गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा कृषि एवं कृषक कल्याण के लिए संचालित योजनाओं का लाभ आज किसानों को जमीनी स्तर पर मिल रहा है। अच्छे गुणवत्ता के खाद, बीज एवं हर प्रकार के साथ ही आधुनिक खेती से भी किसानों को अपनी फसल व आय बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन मिल रहा है, जिससे उनके जीवन स्तर में आज सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। मैं पंडरिया विधानसभा के गन्ना किसानों को आश्वस्त करती हूँ कि भुगतान हेतु जो शेष राशि बकाया है उसका भी भुगतान जल्द करने हेतु हम लगातार प्रयास कर रहें हैं।



# खिलाड़ी विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत किया



पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने आज पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय बहेरा, बेमेतरा में आयोजित विद्यालय प्रबंधन समिति ( मैनेजमेंट कमेटी ) की बैठक ली। बैठक में विद्यालय के वार्षिक रिपोर्ट सहित अन्य एजेंडा पर विस्तार से चर्चा की गई । कलेक्टर ने बैठक में विद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2024-25 की जानकारी, बच्चों का परीक्षा परिणाम, बच्चों की उपलब्धियों के सम्बंध में चर्चा की। इसके अलावा विद्यालय से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर कलेक्टर रणबीर शर्मा ने भोपाल संभाग के अन्तर्गत आयोजित रीजनल स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को तीनों श्रेणियों अंडर 14, अंडर 17, अंडर 19, में विजेता टीम को ट्राफी प्रदान कर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया गया तथा विद्यालय के खिलाड़ी विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत किया। शर्मा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को मेहनत और समर्पण का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि खेलकूद शिक्षा का अभिन्न हिस्सा है और यह विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होता है। कलेक्टर ने विद्यालय के शिक्षकों और स्टाफको भी धन्यवाद दिया जिन्होंने विद्यार्थियों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में प्रवेश की अंतिम तिथि 4 अगस्त

**दल्लीराजहरा।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में लेटरल एण्ट्री के माध्यम से प्रवेश हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 04 अगस्त 2024 निर्धारित की गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम विद्यालयों में वर्ष 2024-25 हेतु विभिन्न कक्षाओं में रिक्त सीट के विरुद्ध प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कक्षा 7वीं में बालिका हेतु 01 रिक्त सीट, कक्षा 8वीं एवं 9वीं में बालक हेतु 01, कक्षा 11वीं में 06 बालक एवं बालिका हेतु 02 रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 04 अगस्त निर्धारित की गई है। प्रवेश परीक्षा 06 अगस्त को आयोजित की जाएगी। परीक्षा परिणाम 12 अगस्त को जारी किया जाएगा। इसके साथ ही विद्यालय में प्रवेश की तिथि 14 अगस्त से 16 अगस्त एवं प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि 22 अगस्त निर्धारित की गई है।

# प्रथम वेस्ट जोन जु जित्सु स्पर्धा में बेमेतरा को 13 पदक

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



प्रथम वेस्ट जोन जु जित्सु मार्शल आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन देवास मध्य प्रदेश में किया गया यह प्रतियोगिता देवास में 19 जुलाई से 21 जुलाई 2024 को आयोजित किया गया था। जिसमें छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए बेमेतरा जिले के साजा क्षेत्र के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए तीन इवेंट में 13 स्वर्ण ,11 रजत एवं 7 कांस्य पदक प्राप्त किए। सब जूनियर बालिका में रिशिका वर्मा 28 कि.ग्रा. नेवाजा में रजत पदक फाइटिंग कांस्य पदक, प्रिया साहू 36 कि.ग्रा. नेवाजा एवं फाइटिंग में दो स्वर्ण पदक, जिया राजपूत 52 कि.ग्रा. फाइटिंग एवं नेवाजा में दो स्वर्ण पदक। जूनियर बालिका में कुंजल कन्नौजे 40 कि.ग्रा. फाइटिंग में कांस्य पदक, सबा परवीन 48 क कि.ग्रा. फाइटिंग में स्वर्ण पदक कांटेक्ट में रजत पदक, मौसमी बनो 40 कि.ग्रा. कांटेक्ट में स्वर्ण पदक फाइटिंग में रजत पदक जूनियर बालक में विभोर मानिकपुरी 44 कि.ग्रा.कांटेक्ट में स्वर्ण पदक फाइटिंग में रजत पदक, देवेंद्र चंद्राकर 52 कि.ग्रा. नेवाजा में रजत पदक फाइटिंग में कांस्य पदक ,वंश पटेल 69 कि.ग्रा. फाइटिंग में रजत पदक कांटेक्ट में कांस्य पदक, खेमलाल साहू 52 कि.ग्रा. नेवाजा कांटेक्ट में दो स्वर्ण पदक, तोषन साहू 62 कि.ग्रा. कांटेक्ट में स्वर्ण पदक फाइटिंग रजत पदक, आदित्य साहू 69 कि.ग्रा. फाइटिंग में स्वर्ण पदक कांटेक्ट में कांस्य पदक, श्रेयकुशल शर्मा 69 कि.ग्रा. फाइटिंग एवं कांटेक्ट में दो कांस्य पदक अथर्व राजपूत 77 कि.ग्रा. फाइटिंग एवं नेवाजा दो स्वर्ण पदक सीनियर बालिका में सानिया परवीन 63 कि.ग्रा. कांटेक्ट में स्वर्ण पदक फाइटिंग में कांस्य पदक सीनियर बालक में अमन साहू 56 कि.ग्रा. कांटेक्ट में रजत पदक प्राप्त किया इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ तृतीय स्थान, महाराष्ट्र द्वितीय और मध्यप्रदेश प्रथम स्थान पर रही यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ जु जित्सु एसोसिएशन के सचिव राणा अजय सिंह के मार्गदर्शन में हासिल किया। उक्त जानकारी बेमेतरा जिला जु जित्सु संघ के सचिव शिवदयाल पाटिल ने दी। बच्चों की इस उपलब्धि पर कोच रुपेन्द्र सिंह चंदेल और सभी पालकों ने हर्ष व्यक्त किया एवं शुभकामनाएं दी।

# 3 लाख पशुओं का गलघोटू और एकटंगिया रोग के खिलाफ टीकाकरण किया गया

**बेमेतरा।** बेमेतरा ज़िले में जून-जुलाई माह में कुल 2,98,000 पशुओं का गलघोटू और एकटंगिया रोग के खिलाफ टीकाकरण किया गया है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं ने जानकारी दी कि आगामी माहों में मुहपका खुरपका, लम्पी स्कीन डिसीज और बकरियों में पी.पी.आर. का टीकाकरण किया जाएगा। विभाग ने यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किए हैं कि कोई भी पशुपालन विभाग की सेवाओं से वंचित न रहे। पशु चिकित्सा विभाग के कर्मचारी गांव-गांव जाकर पशुओं का टीकाकरण कर रहे हैं और पशु पालकों को आवश्यक जानकारी प्रदान कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त , विभाग द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्य म भी चलाए जा रहे हैं ताकि पशु पालक समय पर अपने पशुओं का टीकाकरण करवा सकें और बीमारियों से बचा सकें।

# जनसमस्या निवारण शिविर में अनेकों आवेदनों का मौके पर किया गया निराकरण

पायनियर संवाददाता ◂ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्रों में निवास करने वाले आम नागरिकों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु जिले के नगरीय निकायों में जन समस्या निवारण शिविर के आयोजन का क्रम निरंतर जारी है। 01 अगस्त को नगरीय निकायों में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में बड़ी संख्या में नगरीय क्षेत्र के लोगों ने शिविर में उपस्थित होकर अपनी मांगों एवं समस्याओं के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। इस दौरान मौके पर उपस्थित नगर पंचायत अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित अन्य जन प्रतिनिधियों के अलावा अधिकारी कर्मचारियों ने शिविर में प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु समुचित कार्रवाई सुनिश्चित की। इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा अनेक आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका बालोद के वार्ड क्रमांक 08 गणेश वार्ड एवं 09 सरदार पटेल वार्ड निवासियों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान राशन कार्ड बनाने हेतु कुल 23, लोक निर्माण विभाग से संबंधित कुल 10, पेयजल से संबंधित 16, राजस्व विभाग से संबंधित कुल 03, विद्युत विभाग से संबंधित कुल 01, प्रधानमंत्री आवास हेतु 07 आवेदनों के अलावा शिविर में जन्म-मृत्यु, शहरी आजीविका मिशन, समाज कल्याण, महिला बाल विकास, भवन अनुज्ञा, सामाजिक पेंशन आदि से संबंधित कुल 66 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। इसी तरह नगर पालिका दल्लीराजहरा के वार्ड क्रमांक 10, 11 एवं 12 के लिए वार्ड क्रमांक 11 साहू किराना के पास जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत लोक निर्माण विभाग के कुल 41, राजस्व विभाग के 52, स्वच्छता विभाग 09 सहित अन्य विभाग से संबंधित कुल 110 आवेदन प्राप्त हुए। इसी तरह नगर पंचायत डौण्डी में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में कुल 22 आवेदन प्राप्त हुए।

# जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर के चौंथे चरण का आयोजन सम्पन्न

## शिक्षकों की कमी गर्भवती महिलाओं को गर्म भोजन नही मिलने सहित मूलभूत सुविधाओं को लेकर लगे सैकडों समस्याओं के आवेदन

पायनियर संवाददाता ◂ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद क्षेत्रान्तर्गत जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर के चौथे चरण का आयोजन वार्ड क्रमांक 3 स्थित मंगलभवन में किया गया। जिसमें वार्ड क्रमांक 2, 3, 4, 7, 8 के वार्डवासियों से जुड़े जनसमस्या को लेकर आवेदन लिए गए। इस शिविर में 232 लोगों ने आवेदन किये 59 आवेदनों का शिविर स्थल पर निराकरण कर लिया गया। वहीं 192 आवेदन लंबित रहा। शिविर में जमीन के पट्टे बनवाने से संबंधित सबसे ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए जिसकी संख्या 94 रही। वहीं शिविर में राशनकार्ड, मजदूर कार्ड, पेंशन, ऋण, आवास निर्माण के अतिरिक्त वार्ड में जलभराव, प्रकाश व्यवस्था, सड़क चौड़ीकरण, स्कूलों में मरम्मत कार्य, नगर का सौंदर्यीकरण से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में स्वामी आत्मानंद स्कूल में शिक्षकों की कमी के कारण एलकेजी यूकेजी के बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने संबंधित आवेदन मिले, वहीं आंगनबाड़ियों में गर्भवती महिलाओं को गर्म भोजन नही मिलने को लेकर भी लोगों ने आवेदन किया। शिविर में सबसे बड़ी समस्या के रूप में जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन विस्तारीकरण में ठेकेदारों की



लापरवाही से जुड़े कई आवेदन प्राप्त हुए शिविर स्थल पर लोगों ने बताया कि हर एक मोहल्ले के सड़कों को पाईप लगाने के नाम पर खोदा जा रहा जिसका समय पर कार्य पूर्ण नही किया जा रहा है जिससे लोग हादसे का शिकार हो रहे हैं। पालिका द्वारा निर्मित दुकानों के स्वरूपों में लापरवाही पूर्वक परिवर्तन के संबंध में भी शिकायत आवेदन दिए गए। बता दें कि बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों को वन विभाग के द्वारा पांच सौ फलदार एवं घने छायादार वृक्षों के पौधे वितरित किये गए। वहीं शिविर में कई लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाकर दवा भी प्राप्त किया। शिविर में राजस्व विभाग से जुड़े आय, निवासी प्रमाण पत्र बनवाने के भी आवेदन मिले। कांग्रेसी पार्षद मनहरण यादव द्वारा सब्जी मंडी निर्माण को लेकर आवेदन किया गया, जल विभाग में नल कनेक्शन व पानी समस्या को लेकर 8 आवेदन मिले। शिविर में जाति प्रमाण पत्र बनवाने को लेकर ऐसे लोगों ने आवेदन जमा किये जिनका जाति प्रमाण नही बना है, वे लगातार जाति प्रमाण पत्र के लिए पिछले तीन-चार वर्षों से तहसील के चक्कर काट रहे हैं। शिविर में पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर, नोडल अधिकारी प्रकाशचंद थवानी, राजस्व निरीक्षक राकेश साहू, हरिकिशन पांवरिया सहित पार्षदगण एवं पालिका अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भारी बारिश की वजह से मच्छरों का प्रकोप, पार्षद टी.ज्योति ने नगर पालिका अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



पायनियर संवाददाता ◂ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

टी.ज्योति पार्षद द्वारा नगर पालिका अधिकारी रमाकांत साहू को सौंपा गया ज्ञापन में कहा गया कि, भारी बारिश की वजह से दल्ली राजहरा में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे कि डेंगू व मलेरिया जैसी शिकायत नगर में आ रही है। इसके लिए राजहरा नगर में फॉगिंग मशीन पूरा नगर में घुमाया जाए, वह कीटनाशक दवाई द्वारा पूरा नगर में छिड़काव कराया जाए, जिससे कि आम नागरिकों को डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारियों का सामना करना ना पड़े। राजहरा नगर में स्थित पूरे स्कूल कॉलेज का खेल ग्राउंड क्षेत्र यह सभी जगह भी इस विषय पर ध्यान देने की आवश्यकता है। टी.ज्योति पार्षद के द्वारा ज्ञापन सौंपने पर नगरपालिका अधिकारी ने तत्काल नगर पालिका के कर्मचारियों को आदेशित किया कि नगर में फॉगिंग मशीन को पूरे नगर में वार्ड-वार्ड गाड़ी घुमाया जाए।

# कलेक्टर पहुंचे जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर में

## शिविर में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 201 आवेदन प्राप्त हुये

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रणबीर शर्मा स्थानीय नागरिकों की समस्याओं के समाधान हेतु लगाये गये जनसमस्या निवारण शिविर में पहुँचे। ज़िला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 9 और 10 की स्थानीय समस्याओं के समाधान हेतु शिविर सांस्कृतिक मंच कोबिया में आयोजित था। कलेक्टर ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि स्थानीय नागरिकों की छोटी-छोटी समस्या होती है जिन्हें दूर किया जाये। स्थानीय नागरिक अपनी-अपने वार्ड की समस्या ले कर आते है, जो इस शिविर में हाल होती है। स्थानीय नागरिक समस्याएं यथा नल कनेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञप्तियां, अनापत्ति प्रमाण पत्र, नामांतरण स्वरोजगार के प्रकरण तथा कई विविध छोटे-छोटे कार्य होते है, जिनका निराकरण शीघ्र अपेक्षित होता है। लोगों की नल लीकेज, नलों में पानी न आना, नालियों/गलियों की सफाई, सार्वजनिक नलों के प्लेटफार्म से पानी बहना, कचरे की सफाई व परिवहन टूटी-फूटी नालियों की मरम्मत, सड़कों के गड्ढे पाटना, स्ट्रीट लाइट के मरकरी/ बल्ब/ ट्यूब का बंद रहना आदि समस्याएं भी होती है। उन्होंने प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर शर्मा ने शिविर में सुकन्या समृद्धि योजना अंतर्गत 14 आवेदन मौके पर ही फार्म भराकर खाता खोलने कहा गया। कलेक्टर ने शिविर में अपना ब्लडप्रेशर(बीपी) चेक कराया। लोगों से बातचीत की उनकी समस्याएँ भी सुनी। समस्याओं के समाधान के निर्देश दिये। मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि नगर पालिका के अंतर्गत शिविर में मांग और समस्या विद्युत, साफ-सफाई, उज्ज्वला, पानी निकासी, पट्टा, राशनकार्ड नवनीकरण, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना पेयजल सहित कुल 201 आवेदन प्राप्त हुए। उन्होंने बताया कि नगर पालिका वार्ड नं. 09 एवं 10 में अधिकांश शिकायतें राशन कार्ड नवनीकरण और नवीन महतारी वंदन हेतु आवेदन योजना वार्ड 09 में कुल 113 आवोदन प्राप्त हुए, जिसमें 19 आवेदन मौके पर ही निराकरण किया गया।

# दाढ़ी नगर पंचायत में जन समस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के समस्त नगरी निकायों में 27 जुलाई से 10 अगस्त तक जन समस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन लगातार किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत नगर पंचायत दाढ़ी के स्थानीय जनता नागरिकों के समस्या समाधान हेतु शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें राशन कार्ड, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, निर्माण कार्य, बिजली, पानी, अतिक्रमण, संबंधित विविध प्रकार के छोटे-बड़े कार्य किया जाना है जिनका निराकरण शीघ्र अपेक्षित होता है साथ ही नाली सफाई बीटी, सीसी सड़क, नाली निर्माण की बात रखी जा रही है। सीएमओ श्रीनिवास द्विवेदी ने बताया की शिकायतों का निराकरण मौके पर ही शीघ्र से किए जा रहे हैं मांग पत्रों को शासन की ओर पत्र प्रेषित किया जाएगा। वहीं स्थानीय प्रशासन में लंबित शिकायतों का निराकरण शीघ्र हो सकेगा। समस्त निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, अधो संरचना मद से निर्माण कार्य की सूची एवं अन्य कार्य की सूची भेजी गई है जिसका प्रस्ताव बनाकर जेडी कार्यालय दुर्ग के माध्यम से भेजने के लिए शासन से सूचना मिली है, जिला कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिले के सभी निकाय क्षेत्रों में जन समस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन कर नागरिकों की समस्याओं से अवगत होकर समाधान करने के लिए निर्देश दिए हैं इस दौरान निकाय क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर समस्या का निराकरण यथा समय मौके पर किया जा रहा है साथ ही शिविर में करदाताओं से भी अपील किया गया है कि संपत्ति करो का भुगतान कर अपने नगर के समस्याओं को दूर करने के लिए सुविधा उपलब्ध कराई जा सके नगर पंचायत दाढ़ी में मांग और शिकायत जैसे साफ सफाई विद्युत अतिक्रमण राशन कार्ड जन्म मृत्यु के कुल 10 आवेदन प्राप्त हुए हैं शिकायतों का निराकरण नगर पंचायत द्वारा तुरंत निपटान किया जा रहा है मांगों के निपटारा के लिए शासन की ओर पत्र प्रेषित किए जाने की बात रखी गई है शिविर में विशेष रूप से तहसीलदार सीताराम कंवर मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीनिवास द्विवेदी विद्युत विभाग से कन्हैया लाल ध्रुव पटवारी गुरु वचन डेहर, परसराम साहू नगर पंचायत दाढ़ी के कर्मचारी सहायक ग्रेड 3 देवेंद्र बनाफर संकल्प शर्मा चित्रेश चंद्राकर मनोज ध्रुव धनु मरकाम उपस्थित थे।

# विश्व स्तनपान सप्ताह पर शिशुवती माताओं को किया गया जागरूक

## जिला अस्पताल बेमेतरा में विश्व स्तनपान सप्ताह पर चलाया गया जागरूकता अभियान

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

विश्व स्तनपान सप्ताह अगस्त माह 2024 के प्रथम सप्ताह में मनाया जाना है। उक्त अवसर पर जिला चिकित्सालय के एमसीएच में भर्ती समस्त शिशुवती माताओं को सिविल सर्जन डॉ संतराम चुरेंद्र, अस्पताल प्रमुख सलाहकार डॉ स्वाति यदु, प्रभारी मेट्रन आरती दत्ता के उपस्थिति में आरएमएनसीएच परामर्शदाता विद्या साहू द्वारा शिशुवती माताओं को अपने बच्चो को स्तनपान कराने के फायदे, स्तनपान कैसे कब तक कराए, स्तनपान कैसे कराएं आदि के बारे में प्रत्येक माताओं को जानकारी देकर स्तनपान हेतु जागरूक किया गया।



### विश्व स्तनपान सप्ताह पर ऑनलाइन उन्मुखीकरण का आयोजन

बच्चे एवं माताओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 1 से 7 अगस्त 2024 तक विश्व स्तनपान सप्ताह वैशविक अभियान की तरह मनाया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से स्तनपान के महत्व को प्रभावी ढंग से समुदाय तक पहुंचाया जा सकता है। विश्व स्तनपान सप्ताह पर ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन राज्य स्तरीय किया गया। उक्त वेबिनार में जिला बेमेतरा के शिशु स्वास्थ्य नोडल अधिकारी, अस्पताल सलाहकार, आर.एम.एन.सी.एच.ए सलाहकार, विकासखंड चिकित्सा अधिकारी, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, जिला समन्वयक मितानिन, विकासखंड समन्वयक मितानिन, एसएनसीयू, एनबीएसयू एवं एनबीसीसी में कार्यरत स्टाफ नर्स, जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिविल अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में कार्यरत स्टाफ नर्स, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सी.एच.ओ), ए.एन.एम एवं संबंधित अधिकारी/कर्मचारी ऑनलाइन बेबिनार में अपनी उपस्थिति दर्ज कर जानकारी ली।

### स्तनपान बच्चो के लिए आवश्यक

बच्चे एवं माताओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 1 से 7 अगस्त 2024 तक विश्व स्तनपान सप्ताह वैश्विक अभियान की तरह मनाया जा रहा हैं। इस अभियान के माध्यम से स्तनपान के महत्व को प्रभावी ढंग से समुदाय तक पहुंचाया जा सकता है। यह सर्वविदित है कि शिशु के लिए स्तनपान न केवल सर्वोत्तम आहार हैं तथापि यह शिशु के मानसिक विकास, शिशु को डायरिया, निमोनिया एवं कुपोषण से बचाने और स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है। स्तनपान कराने में माताओं का सहयोग एवं स्तनपान को बढ़ावा दिया जाना अत्यंत महत्वपूर्ण है। जन्म के छः माह तक केवल स्तनपान, दो साल तक सतत स्तनपान और उसके बाद भी स्तनपान जारी रखने से शिशु को उच्च गुणवत्ता वाली ऊर्जा एवं पोषक तत्व प्राप्त होता हैं। बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य पर स्तनपान के प्रभावी हस्ताक्षेप को समझते हुए, विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर का समुचित उपयोग करते हुए समुदाय को बेहतर स्वास्थ्य की ओर ले जाया जा सकता है। इस वर्ष विश्व स्तनपान सप्ताह का थीम है- अंतर को कम करना- सभी के लिए स्तनपान समर्थन।

### स्तनपान की राज्य में दर

राज्य में एनएफएचएस-4 (2015-16) की तुलना में एनएफएचएस-5 (2019-21) में प्रसव के एक घंटे के भीतर स्तनपान की दर घटकर 47.1% से 32.4% हो गयी है। इस महत्वपूर्ण सूचकांक को संज्ञान में लेते हुए तथा बच्चो के मानसिक एवं शारीरिक विकास में स्तनपान के महत्व को दृष्टिगत रखते हुए यह आवश्यक हैं कि विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित गतिविधियों अनुसार किया जाना आवश्यक है।

# अंडर ब्रिज में डूबकर एक ग्रामीण की मौत, सुबह पानी कम होनें के बाद मिला शव, पुलिस मामले की जांच में जुटी

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com





जिले में शहर से सटे जिंदल के अंडर ब्रिज में डूबकर एक ग्रामीण की मौत हो गई। गुरूवार की सुबह इस घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई और देखते ही देखते मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। इस घटना की जानकारी मिलते ही कोतरा रोड पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजते हुए मामले को जांच में ले लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़-खरसिया मार्ग में स्थित सराईपाली गांव का रहने वाला लीलाधर रात्रे 56 साल बीती रात किसी कार्य के सिलसिले में कलमी गया हुआ था। बताया जा रहा है कि रायगढ़ में दो दिनों से हो रही बारिश की वजह से सराईपाली और कलमी के बीच में स्थित जिंदल का अंडर ग्राउंड पुल में भी पानी भरा हुआ था। कलमी से वापस अपने घर लौटते समय लीलाधर को यहां भरे पानी का एहसास नही हो पाया और डूबने से उसकी मौत हो गई। गुरूवार की सुबह जब अंडर ब्रिज का पानी कम हुआ तब कलमी गांव के लोगों ने लीलाधर की लाश को देखा। जिसके बाद गांव के ग्रामीणों ने इस घटना की जानकारी कोतरा रोड थाने में दी। अंडर ब्रिज में ग्रामीण की लाश मिलने की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

**आक्रोशित थे गांव के ग्रामीण**-इस संबंध में वार्ड नं. 43 के पार्षद प्रतिनिधि विनोद कुमार पटेल ने बताया कि गुरूवार की सुबह घटना की जानकारी मिलते ही वे मौके पर पहुंचे हैं। बरसात के दिनों में अंडर ब्रिज में पानी भर जाने से क्षेत्र के ग्रामीण आक्रोशित थे। आक्रोशित ग्रामीणों की मांग थी कि अंडर ब्रिज में पानी न भरे इसके लिये कोई व्यवस्था की जाए। जिसके बाद जिंदल के अधिकारियों के द्वारा आश्वासन दिये जाने के बाद गांव के ग्रामीण शांत हुए।

**बरसात के दिनों में बढ़ जाती है परेशानी**-कलमी गांव के ग्रामीणों ने बताया कि जिंदल का अंडर ब्रिज हर साल बारिश के दिनों में भर जाता है जिससे इस क्षेत्र के आधे दर्जन से अधिक गांव के ग्रामीणों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अंडर ब्रिज के पानी को पंप के जरिये खाली किया जाता है जिसके बाद ही कलमी कोसमपाली, डीपापारा, सराईपाली, गेजामुड़ा, पतरापाली, भगवानपुर, गोरखा गांव के ग्रामीण इस मार्ग से आवाजाही करते हैं। अंडर ब्रिज में पानी भरे रहने के कारण क्षेत्र के ग्रामीणों को कई किलोमीटर दूर से दूसरे मार्ग का सहारा लेना पड़ता है।

**तो बच सकती थी जान**-इस घटना के बाद मौके पर उपस्थित क्षेत्र के आक्रोशित ग्रामीणों का कहना था कि इससे पहले भी इस अंडर ब्रिज में कई बार पानी भरता रहा है। जिसे जिंदल प्रबंधन की ओर से लगवाये गए पंप के माध्यम से बाहर निकाला जाता है। यदि बीती रात भी बारिश के बाद पंप का उपयोग करके अंडर ब्रिज से पानी को निकाल दिया जाता तो लीलाधर की जान बच सकती थी। उन्होंने कंपनी प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुआवजे की मांग भी उठाई है।

**क्या कहते हैं थाना प्रभारी**-जिंदल अंडर ब्रिज में एक ग्रामीण की लाश मिलने के संबंध में कोतरा रोड थाना प्रभारी त्रिनाथ त्रिपाठी ने बताया कि बीती रात लीलाधर अपने घर से निकला था और गुरूवार की सुबह उसकी लाश मिली है। अंडर ब्रिज में पानी भरा हुआ था इस लिहाज से प्रथम दृष्टया आशंका जताई जा रही है कि पानी में डूबने से उसकी मौत हुई है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजते हुए पूरे मामले को जांच में ले लिया गया है।

# मानसिक रूप से अस्वस्थ मूक बधिर से दुष्कर्म के आरोपी की अपील खारिज

## पीड़िता नहीं बोल पाई पर गांव के बच्चों ने सच्चाई को उजागर किया

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



दुष्कर्म पीड़िता मानसिक रूप से अस्वस्थ मूक बधिर अदालत में उसके साथ क्या हुआ था नहीं बोल पाई किन्तु गांव के बच्चों ने पूरी सच्चाई बताई। हाई कोर्ट ने बच्चों की गवाही व एफएसएल रिपोर्ट को दोष सिद्धि के लिए साक्ष्य माना और आरोपी की अपील को खारिज करते हुए निचली अदालत के निर्णय को यथावत रखा है। विचारण न्यायालय ने आरोपी को धारा 376 (2) में 10 वर्ष व एट्रो सिटी एक्ट में उम्र कैद व 5000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। धमतरी जिला में रहने वाली मानसिक रूप से अस्वस्थ मूक बधिर 3 अगस्त 2019 की दोपहर को गांव के अन्य बच्चों के साथ आरोपी चैन सिंह के घर टीवी देख रही थी। 3.30 बजे आरोपी आया और पीड़िता का हाथ पकड़ कर खिंचते हुए कमरे का अंदर ले गया। साथ टीवी देख रहे बच्चों ने बंद दरवाजा धक्का देकर खोला तो देखा कि आरोपी पीड़िता के साथ गलत काम का रहा था। इसके बाद आरोपी उसे छोड़कर भाग गया। बच्चों ने इसकी जानकारी पीड़िता की माँ को दी। पीड़िता की माँ ने देखा कि उसके हाथों की चूड़ी टूटा हुआ व कपड़ा भी ठीक से नहीं थी। मामले की रिपोर्ट लिखाई गई। मेडिकल जांच में डॉक्टर ने पीड़िता के मानसिक अस्वस्थ व मूक बधिर होने की रिपोर्ट दी। पुलिस ने कपड़ा जप्त कर एफएसएल जांच के लिए भेजा। सुनवाई उपरांत न्यायालय ने आरोपी को 376 (2) में 10 वर्ष कैद व 5000 रुपये अर्थदंड तथा पीड़िता के अनुसूचित जनजाति वर्ग से होने पर एट्रो सिटी एक्ट में आजीवन कारावास व 5000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। इसके खिलाफ आरोपी ने हाई कोर्ट में अपील पेश की। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल ने आरोपी की अपील को खारिज करते हुए सजा को यथावत रखा है।अपील पर यह आधार लिया गया। आरोपी ने अपील में कहा कि उसे झूठे फसाया गया। पीड़िता का परीक्षण नहीं किया गया है। पीड़िता ने इस संबंध में कुछ नहीं कहा है। हाई कोर्ट ने आदेश में कहा पीड़िता मूक-बधिर और मानसिक रूप से फिट नहीं है, वह बोल भी नहीं सकती. इसलिए उससे गवाह के रूप में पूछताछ नहीं की गई। उसकी मां का कथन है जिन गवाह जिन्होंने देखा अपीलकर्ता (आरोपी) पीड़िता को घर के अंदर खींच रहा था, और जब गवाह ने दरवाजे को धक्का दिया, उसने देखा कि अपीलकर्ता बलात्कार कर रहा था। इसके अलावा, एफएसएल रिपोर्ट से वीर्य और शुक्राणु थे , जो इस तथ्य को साबित करता है कि अपीलकर्ता ने पीड़िता के साथ बलात्कार किया है। इस आधार पर कोर्ट ने आरोपी की अपील खारिज किया है।

# सरकारी स्कूल के बच्चों ने बॉर्डर पर तैनात सैनिक भाईयों के लिए भेजी राखियां

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



कहते हैं कि आने वाले रक्षाबंधन के इस पावन पर्व पर जब घरों में भाई अपनी कलाइयों पर अपनी बहनों के हाथों से राखियां बंधवा रहे होंगे तब देश की सीमा पर तैनात हमारे वीर जवान जो कि हम सबकी सुरक्षा के लिए 24 घंटे सीमा पर खुले आसमान के नीचे रहकर हमें सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं, ऐसे भाइयों के लिए शक्ति विकासखंड के ग्राम पंचायत रगजा के शासकीय प्राथमिक विद्यालय रगजा पारा के विद्यार्थियों ने अनुकरणीय पहल करते हुए ऐसे सभी वीर सैनिकों के लिए राखियां बनाकर एवं अक्षत कुमकुम प्रेषित किया है,तथा शासकीय प्राथमिक विद्यालय रगजा पारा के प्रधान पाठक जगदीश प्रसाद सिदार, प्रिया दुबे एवं रीता राज सिदार की पहल पर बच्चों ने यह कार्य किया, तथा शक्ति विकासखंड के विकासखंड शिक्षा अधिकारी के पी राठौर ने भी विद्यालय के बच्चों की इस अनुकरणीय पहल पर जहां उनका उत्साह वर्धन किया तो वहीं इस मौके पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी के पी राठौर स्वयं मौजूद रहे तथा उन्होंने बच्चों के इस उत्साह को देखते हुए इस कार्य को एक अच्छी पहल बताया तथा इस अवसर पर बच्चों ने भी कहा कि वे हमारे बॉर्डर में तैनात सभी जवानों के लिए राखियां भेज कर काफी प्रसन्न है, एवं वे चाहते हैं कि उनके द्वारा भेजी गई राखियां उन तक पहुंचे एवं उनकी कलाइयों में सुशोभित हो।

# महानदी में बहकर छत्तीसगढ़ से ओडिसा पहुंची महिला

## उफनती नदी में बह रही महिला को मछुवारों ने बचाया

### जाको राखे सांईया-चमत्कार को नमस्कार

- 20 किलोमीटर दूर से बहकर आई महिला के पैरों में बंधी थी जंजीर

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com





रायगढ़ सहित पूरे प्रदेश में लगातार हो रही बारिश के चलते महानदी के अलावा अन्य नदी नाले पूरी तरह उफान पर है। इसी बीच महानदी बाढ़ के तेज बहाव में बहकर सरिया से एक महिला ओडिसा के पुसल्दा गांव में नदी किनारे मछवारों को मिली। पानी में बह रही इस महिला की मछुवारों ने जान बचाई है। आश्चर्यजनक बात यह है कि घटना के पूरे समय महिला के पैरों में लोहे की जंजीर बंधी हुई थी इसके बावजूद वह बाढ के पानी में नही डूबी। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पड़ोसी राज्य ओडिसा के झारसुगडा थाना क्षेत्र के पुसल्दा गांव के मछुवारों ने उफनती महानदी में बहती हुई एक महिला को सुरक्षित बचाया है। मछुवारों के द्वारा महिला से प्रारंभिक पूछताछ में उसने अपना नाम सरोजनी रणवीर बताते हुए कहा कि वह नवगठित सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के सरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कोर्रा गांव की रहने वाली है और तकरीबन 20 किलोमीटर दूर बहकर यहां तक पहुंची है।

**महिला के पैरों में बंधी है लोहे की जंजीर**-उफनती हुई महानदी में 20 किलोमीटर तक बहकर आई महिला के दोनों पैरों में लोहे की जंजीर से बंधे होनें के बावजूद महिला की जान बच गई। जिसके बाद से उसे बचाने वाले मछुवारे भी इसे आश्चर्य मान रहे हैं। महिला पूरी तरह से स्वस्थ है और महिला को उसके गांव भेज दिया गया है।

**जंजीर के कारण मानसिक बीमार होनें का अंदेशा**-महानदी में मछली पकड़ने गए मछुवारो ने बताया कि हम लोग महिला को देखे तो वह बह कर आ रही थी बाकी जो लोग थे वो लोग भी देखे जैसे पास में किनारे दिखी तो सभी दौड़ कर गये उसे बचा कर लाये और नाव में ला कर बैठाये उसको खाना पानी और कपड़ा लाकर दिये है।

# वीडियो कॉलिंग की स्क्रीन रिकॉर्डिंग कर युवती को किया ब्लैकमेल

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



घरघोड़ा पुलिस ने एक्सटॉर्शन की शिकार हुई यवती की रिपोर्ट पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को सक्ती जिले में दबिश देकर पकड़ा और न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। थाना घरघोड़ा में पुलिस चौकी खरसिया से प्राप्त हुई बिना नंबरी अपराध डायरी पर धारा 308(2) बीएनएस, 67 आईटी एक्ट के तहत आरोपी दीपेश शर्मा निवासी अडभार, जिला सक्ती पर अपराध पंजीबद्ध किया गया। अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित तिवारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर एक टीम आरोपी की गिरफ्तारी के लिए सक्ती रवाना किया गया तथा पीड़ित युवती का महिला अधिकारी से कथन कराये जिसमें युवती बताई की इसी साल फरवरी में इंस्टाग्राम में मिस्टर मैक्स नाम के आईडी से एक फ्रेंड रिक्वेस्ट आया था जिसे एक्सेप्ट की, चैटिंग के दौरान युवक अपना नाम दीपेश शर्मा निवासी मालखरौदा जिला सक्ती का बताया था। दोनों एक दूसरे का मोबाइल नंबर लेकर कॉल और व्हाट्सएप करने लगे। मार्च 2024 में एक दिन बातचीत के दौरान युवक ने वीडियो कॉलिंग कर बातचीत का स्क्रीन रिकॉर्डिंग कर लिया तथा उस आपत्तिजनक वीडियो को इंटरनेट पर फेक आईडी बनाकर अपलोड करने धमकी देने लगा। युवती बताई कि आरोपी दीपेश शर्मा उसे धमकी देकर रूपए मांगने पर अपने मंगेतर से फोन पे कर दीपेश को 1,000 भेजी, उसके बाद दीपेश 2,000 की मांग किया नहीं दी तो युवती के जीजा काल कर वीडियो वायरल करने की धमकी दिया।

# किशोरी को शादी का झांसा देकर भगाने के बाद अनाचार, पुलिस ने आरोपी को दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



थाना घरघोड़ा में 14 अक्टूबर 2023 को स्थानीय रहवासी द्वारा उसकी नाबालिग बालिका (16 साल) के 08 अक्टूबर के सुबह घर में बिना बताये कहीं चले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया, रिपोर्ट पर थाना घरघोड़ा में गुम इंसान की धारा 363 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दरम्यान बालिका को उसके गांव का युवक दीपक चौहान प्रेम संबंध बनाकर भगा ले जाने की जानकारी मिली। घरघोड़ा पुलिस लगातार गुम बालिका और संदेही युवक की पतासाजी की जा रही थी। दोनों के दिल्ली में रहने की जानकारी प्राप्त हुई थी किन्तु दोनों मोबाइल बंद कर लगातार अपना निवास स्थान बदल रहे थे। पुलिस लगातार संदेही युवक के परिजनों से पूछताछ कर जानकारी लिया जा रहा था, पुलिस के दबाव को देखते हुए युवक वापस बालिका को गांव लाकर किराया मकान लेकर रहने लगा। पुलिस को सूचना मिलते ही बालिका को दस्तयाब कर संदेही को हिरासत में लिया गया। महिला पुलिस अधिकारी को किशोरी ने बताया कि करीब 4-5 साल से दीपक चौहान को जानती है। दोनों एक-दूसरे से प्रेम करने लगे थे। इसी दरम्यान 08 अक्टूबर को दीपक चौहान शादी कर पत्नी बनाकर रखने का विश्वास देकर गांव में ही शारीरिक संबंध बनाया और उसके बाद बस में रायगढ़ ले गया, दोनों ट्रेन पकडकर दिल्ली चले गये। जहां किराये के रूम में रखकर शारीरिक संबंध स्थापित किया है। किशोरी के कथन, मेडिकल रिपोर्ट पर प्रकरण में धारा 366,376(2)ढ भादवि एवं 4, 6 पास्को एक्ट जोड़ा गया और आरोपी दीपक चौहान पिता नरसिंह चैहान उम्र 23 वर्ष थाना घरघोडा जिला रायगढ़ को गिरफ्तार कर आज ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

# 6 अगस्त को सक्ती जिले के 129 संकुल केंद्रों में होगी पालक एवं शिक्षकों की मेगा बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश की विष्णु देव की सुशासन वाली सरकार के कार्यों को गति देने एवं प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग की मंशा अनुरूप प्रत्येक प्राथमिक, मिडिल हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को शिक्षा की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध करवाने की दिशा में एक पहल की जा रही है,तथा इसी श्रृंखला में लोक शिक्षण संचनालय छत्तीसगढ़ ने भी सभी कलेक्टरों को आदेश जारी करते हुए इन व्यवस्थाओं को त्वरित अमल करने के निर्देश दिए गए हैं,एवं इस व्यवस्था के अंतर्गत प्रत्येक सरकारी स्कूलों में पालकों को बुलाकर शिक्षकों के साथ संवाद कराया जाएगा एवं स्कूलों में किसी भी प्रकार की कमियां या की शिक्षा की व्यवस्था को कैसे बेहतर बनाए जाए इस संबंध में पालकों से सुझाव भी लिए जाएंगे एवं इसी श्रृंखला में शक्ति जिले के आईएएस कलेक्टर अमृत विकास तोपनों ने 1 अगस्त 2024 को एक आदेश जारी कर आगामी 6 अगस्त को शक्ति जिले के सभी 129 संकुल केंद्रों में पालक एवं शिक्षकों की मेगा बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए हैं तथा इस निर्देश के तहत यहां शक्ति जिले के सभी बड़े प्रशासनिक अधिकारियों को भी इन संकुल केंद्रों में जाकर बैठक लेने की जिम्मेदारी दी गई है तो वहीं जिला प्रशासन की इस पहल से ऐसा लगता है कि आने वाले दिनों में शक्ति जिले में सरकारी शिक्षा व्यवस्था और अधिक दुरुस्त होने में एक सकारात्मक गति मिलेगी,कार्यालय कलेक्टर सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.) के पत्र क्र/1615/ बैठक / मेगा/2024-25 आदेश सक्ती दिनांक 01/08/2024 के अंतर्गत पालक- शिक्षक मेगा बैठक दिनांक 06.08. 2024 को आयोजन के संबंध में निर्देशित किया गया है,तथा पत्र में बताया गया है कि सकती जिले के समस्त शासकीय शैक्षणिक संस्थाओं में पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन आगामी 06.08.2024 को प्रत्येक संकुल में किया जाना है, मेगा बैठक का उद्देश्य शिक्षक एवं पालकों के बीच समन्वय, बच्चों के पढ़ाई हेतु समाधान कारक एवं शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन है, एवं इस बैठक में 12 मुद्दों पर चर्चा किया जाना है,अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि निर्धारित तिथि व स्थान में मेगा बैठक के पूर्व, बैठक दिवस एवं बैठक के बाद की कार्यवाही का आयोजन करे।

# जिसकी लाठी उसी की भैंस ग्राम केकराभाठ का मामला, कहा तक सच

पायनियर संवाददाता ➤ जैजैपुर
www.dailypioneer.com





आप लोगों ने यह जरूर सुना होगा कि जिसकी लाठी उसी की भैंस कहावत आज बाहुबली पर यह लागू होते चले आ रहा है और वर्षों से हो रहा है। यह मामला ग्राम पंचायत केकराभाठ का है जहां पर शासकीय भूमि में बेजा कब्जा करने वाले ने ही सरपच के खिलाफ शिकायत किया है। केकराभाठ निवासी राजेंद्र चंद्रा पिता गंगा प्रसाद चंद्रा जो की सरपंच के घरेलू रिश्तेदार हैं जिन्होंने सरपंच रमाकांत चंद्रा के खिलाफ ही अपना आवाज बुलंद कर दिया। खुद शासकीय भूमि पर बेजा कब्जा करना और दूसरे को दोषी कहना । यह कि सरपंच के द्वारा मनरेगा के तहत नाली निर्माण कार्य के लिए चिन्हांकित किया गया नाली निर्माण कार्य शासकीय भूमि में होना पटवारी के द्वारा बताया गया कि खसरा नंबर 376 वह 370 पर मनरेगा के तहत नाली निर्माण कार्य कराया जा रहा था जिसमें ग्राम के वरिष्ठ राजेंद्र चन्द्रा पिता गंगा प्रसाद चंद्रा निवासी केकरा भाठ के द्वारा अपना स्वयं का जेसीबी मशीन एवं जान डीयर ट्रैक्टर से अवैध रूप से मुरूम खनन कर शासकीय जमीन को पाट कर रा मटेरियल को इधर से उधर नाली के किनारे जीवित पेड़ को भी उखाड़ फेंका जिसकी शिकायत ग्राम केकराभाठ सरपंच रमाकांत चंद्रा के द्वारा अपने परिवार के राजेन्द्र पिता गंगा प्रसाद चंद्रा निवासी कैकराभाट के खिलाफ किया । राजेंद्र चंद्रा अपना स्वयं का जेसीबी मशीन एवं जॉन डीयर ट्रैक्टर से सामान को नष्ट किया गया एवं सरपंच के द्वारा लाए गए रा मटेरियल फैका और उस जगह पर एक छोटे से ठेला नुमान मकान शासकीय भूमि पर बनाकर जबरन बेजा कब्जा किया। जाकर सरपंच के खिलाफ ही कार्यवाही करने के लिए उच्च अधिकारियों से आवेदन किया जहां पर जिला से आए जांच टीमों ने निरीक्षण में पाया कि यह शासकीय भूमि है और चिन्हाकित किया गया है जिसमें जिसमें राजेंद्र चंद्रा के द्वारा बेजा कब्जा करना पाया और जीवित वृक्ष को भी उखाड फैका जिनकी फोटोग्राफ्स उच्च अधिकारियों को सरपंच ने अपने शिकायत आवेदन के साथ प्रस्तुत किया है यह कहा जाता है कि उल्टा चोर कोतवाल को डांटे खुद बैजाकब्जा करने वाला राजेंद्र चंद्रा खुद सरपंच को शासकीय जमीन से हटाने के लिए झूठी शिकायत का मामला सामने आया।

# सीएसईबी के बाहर बिजली बिल जलाकर यूंका ने किया प्रदर्शन

## प्रदेश में बढ़ी बिजली दर व स्मार्ट मीटर के खिलाफ जताया आक्रोश

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



राज्य सरकार द्वारा विद्युत दर में वृद्धि, स्मार्ट मीटर, असमय बिजली कटौती के खिलाफ युवक कांग्रेस ने बिजली दफ्तर के सामने विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रतिक स्वरूप बिजली बिल को आग लगाया और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए स्मार्ट मीटर की योजना को वापस लेने, बिजली की बढ़ी हुई दरों को पुराने दरों पर यथावत रखने तथा अघोषित विद्युत कटौती पर तत्काल रोक लगाने की मांग उठाई। इस दौरान यूंका नेताओं द्वारा कहा गया कि पूरे प्रदेश में राज्य सरकार ने बिजली की दरों में बढ़ोतरी करने के बाद स्मार्ट मीटर के नाम पर लूट मीटर के नाम से आम उपभोक्ताओं की जेब ढीली करने की योजना बनाई है। आश्चर्य जनक तथ्य तो यह है कि इन सब के बीच सरपल्स बिजली उत्पादन वाले इस राज्य में अघोषित बिजली कटौती जैसे आम बात हो गई है। अब राज्य सरकार आम जन पर स्मार्ट मीटर (लूट मीटर) लगाने का कार्य करने जा रही है। जिसमें प्रत्येक बिजली उपभोक्ता को एडवांस में रिचार्ज करवाना होगा और जब रिचार्ज खत्म तो तत्काल लाइट खुद से कट जायेगी, इन्हीं सब मुद्दो को लेकर युवक कांग्रेस ने अपना विरोध जताया। प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव राकेश पाण्डेय ने कहा कि जब कोयला पानी सब हमारा तो महंगी बिजली क्यों और स्मार्ट मीटर गरीब के जेब में डाका है। सरकार एडवांस में पैसा लेकर अपने पूंजी पति मित्रों को देगी ताकि वो उस पैसे से अपना व्यापार बढ़ा सके, जहां लोगो के पास शिक्षा, इलाज और अगले दिन के खाने का जुगाड नहीं है वहां एडवांस रिचार्ज जैसा नियम लाना जनता को लूटने जैसा है। युवक कांग्रेस ने बिजली की प्रतियां जलाते हुए सरकार को चेताया है की अगर ऐसे फैसले वापस नहीं लिये गए तो आगे उग्र आंदोलन होगा। आज के आंदोलन में महापौर जानकी काटजू, अध्यक्ष अनिल शुक्ला, शाखा यादव, मदन महंत, एनएसयूआई अध्यक्ष आरिफ हुसैन, जिला महामंत्री सौरभ अग्रवाल, यूवक कांग्रेस उपाध्यक्ष अनुराग गुप्ता, रिंकी पाण्डेय,सुजॉय राय, शाकिब अनवर, गौरव साव,लोकेश देवांगन, अखलाख खान, रितेश शर्मा, घनश्याम अग्रवाल सहित सैकड़ों की संख्या में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# तिलगा व बादपाली के ढाबा पर पुलिस ने मारा छापा

## 9 टन अवैध कबाड़ जप्त, दोनों ढाबा संचालकों पर कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर को मुखबीर से सूचना मिली कि कुछ दिनों से ग्राम बादपाली के मनोज ढाबा और ग्राम तिलगा के पटेल ढाबा के सामने अवैध रूप से लोहा के पाइप, छड़ के टुकड़े, वाहनों के पाट्र्स काफी मात्रा में डंप किया जा रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई के लिए थाना प्रभारी प्रशात राव हमराह स्टाफ के साथ ढाबों पर रेड किया गया। पुलिस टीम को ग्राम बादपाली मनोज ढाबा के पास रेड में लोहे की पाइप, छड, लोहे की जाली, एंगल विभिन्न कबाड़ के पाट्र्स वजन लगभग 3.5 टन कीमती 1,05,000 का मिला ढाबा संचालक मनोज सिंह पिता राधिका सिंह उम्र 42 वर्ष निवासी भगवानपुर नीचे पर थाना कोतरारोड़ जिला रायगढ़ के पास कबाड़ के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं होने से पुलिस ने चोरी की संपत्ति होने के संदेह पर विधिवत कार्रवाई कर आरोपी मनोज सिंह से जप्ती की गई। इसी कड़ी में ग्राम तिलगा के पटेल ढाबा पर पुलिस ने रेड कार्यवाही में लोहे का छड़, एंगल, चैनल, पाइप इत्यादि करीब 5.5 टन कीमती 1,50,000 का मिला। मौके पर उपस्थित ढाबा के पंचराम पटेल पिता स्वर्गीय महत्व राम पटेल उम्र 42 साल निवासी खुरसुला थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ ने कबाड़ के संबंध में कोई कागजात-लाइसेंस नहीं होना बताया।

# श्री राम मंदिर में श्रावणी मास की शिवरात्रि पर हुई पूजा अर्चना एवं प्रसाद वितरण

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



शहर के हटरी से बाजार रोड में स्थित दशको पुराने प्रतिष्ठित श्री रामचंद्र मारवाड़ी पंचायती मंदिर में मोहल्ले वासियों के प्रयासों से 2 अगस्त को श्रावणी मास की शिवरात्रि के पुनीत दिवस पर सुबह से ही मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रसाद का सार्वजनिक वितरण किया जा रहा है, तथा इस अवसर पर जहां मंदिर में रात्रि 7:00 बजे महा आरती के साथ ही आंचल के प्रसिद्ध भजन गायक विक्की सिंघल की भजन संध्या कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है, तो वहीं शिवरात्रि पर्व को लेकर शिव भक्तों में भी भारी उत्साह देखा जा रहा है, एवं शक्ति शहर के श्री रामचंद्र मारवाड़ी पंचायती मंदिर में आज शिवरात्रि पर्व के मौके पर आयोजित पूजा के कार्यक्रम में भी मोहल्ले के लोगों ने सह परिवार शामिल होकर पूजा- अर्चना की, तथा भगवान भोलेनाथ से पूरे क्षेत्र की सुख,शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की मंगल कामना भी की है. शक्ति के तुर्रीधाम में भी शिवरात्रि पर्व पर शिव भक्तो की उमड़ी आस्था सकती-शक्ति से शहर से लगे तुर्रीधाम में भी 2 अगस्त को श्रावणी मास की शिवरात्रि के पावन पर्व पर तुर्रीधाम में सुबह से ही शिव भक्तों ने पहुंचकर बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया तथा लोगों की भारी भीड़ रही।

# रेलवे ने 72 यात्री ट्रेनें 19 अगस्त तक रद्द की, यात्रियों की मुसीबतें बढ़ी, पूछ रहे कौन सी ट्रेन चल रही




पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर रेल मंडल के राजनांदगाँव-कलमना रेल खंड के बीच में तीसरी लाइन को कलमना रेलवे स्टेशन से जोडने का कार्य के लिए इलेक्ट्रोनिक इंटरलोकिंग का कार्य किया जाएगा। इस इलेक्ट्रोनिक इंटरलोकिंग कार्य में प्री-नॉन इंटरलोकिंग का कार्य 04 से 13 अगस्त, 2024 तक एवं नॉन इंटरलोकिंग का कार्य 14 से 19 अगस्त, 2024 तक किया जायेगा। राजनांदगांव-नागपुर तीसरी रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत 228 किलोमीटर तीसरी रेल लाइन का निर्माण 3540 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। इस कार्य के फलस्वरुप कुछ गाड़ियों को रद्द एवं कुछ को गंतव्य से पहले समाप्त एवं रवाना किया जाएगा।

## रदद होने वाली गाडियां

07 से 19 अगस्त, 2024 तक डोंगरगढ़ से छूटने वाली 08711 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। 07 से 19 अगस्त, 2024 तक गोंदिया से छूटने वाली 08712 गोंदिया-डोंगरगढ़ मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। 07 से 19 अगस्त, 2024 तक गोंदिया से छूटने वाली 08713 गोंदिया-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। 07 से 19 अगस्त, 2024 तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से छूटने वाली 08716 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-गोंदिया मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। 07 से 20 अगस्त, 2024 तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से छूटने वाली 08756 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रामटेक मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। 07 से 20 अगस्त, 2024 तक रामटेक से छूटने वाली 08751 रामटेक-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। 07 से 20 अगस्त, 2024 तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से छूटने वाली 08754 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रामटेक मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। 07 से 20 अगस्त, 2024 तक रामटेक से छूटने वाली 08755 रामटेक-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। 07 से 19 अगस्त, 2024 तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से छूटने वाली 08281 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-तिरोडी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। 07 से 19 अगस्त, 2024 तक तिरोडी से छूटने वाली 08284 तिरोडी-तुमसर मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। 08 से 20 अगस्त, 2024 तक तिरोडी से छूटने वाली 08282 तिरोडी-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। 08 से 20 अगस्त, 2024 तक तुमसर से छूटने वाली 08283 तुमसर-तिरोडी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। 07 से 19 अगस्त, 2024 तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से छूटने वाली 08714 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-बालाघाट मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। 07 से 19 अगस्त, 2024 तक बालाघाट से छूटने वाली 08715 बालाघाट-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। 06 से 18 अगस्त, 2024 तक रायपुर से छूटने वाली 08267 रायपुर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। 07 से 19 अगस्त, 2024 तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से छूटने वाली 08268 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रायपुर मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। 07 से 19 अगस्त, 2024 तक कोरबा से छूटने वाली 18239 कोरबा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 08 से 20 अगस्त, 2024 तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से छूटने वाली 12856 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 07 से 19 अगस्त, 2024 तक बिलासपुर से छूटने वाली 12855 बिलासपुर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 07 से 19 अगस्त, 2024 तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से छूटने वाली 18240 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 06 से 18 अगस्त, 2024 तक टाटा से छूटने वाली 18109 टाटा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 08 से 20 अगस्त, 2024 तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से छूटने वाली 18110 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-टाटा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 14 से 19 अगस्त, 2024 तक नागपुर से छूटने वाली 11201 नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 15 से 20 अगस्त, 2024 तक शहडोल से छूटने वाली 11202 शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 10 एवं 11 अगस्त, 2024 तक हावड़ा से छूटने वाली 12834 हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 13 एवं 14 अगस्त, 2024 तक अहमदाबाद से छूटने वाली 12833 अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 05, 07, 11 एवं 12 अगस्त, 2024 तक हावड़ा से छूटने वाली 12860 हावड़ा-मुंबई गीतांजली एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 07, 09, 13 एवं 14 अगस्त, 2024 तक मुंबई से छूटने वाली 12859 मुंबई-हावड़ा गीतांजली एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 04, 05, 06, 07, 08, 09 एवं 15 अगस्त, 2024 तक कोरबा से छूटने वाली 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 06, 07, 08, 09.10, 11 एवं 17 अगस्त, 2024 तक अमृतसर से छूटने वाली 18238 अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 11 से 17 अगस्त, 2024 तक शालीमार से छूटने वाली 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 13 से 19 अगस्त, 2024 तक एलटीटी से छूटने वाली 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 07, 08, 09, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 18 एवं 19 अगस्त, 2024 तक बिलासपुर से छूटने वाली 20825 बिलासपुर-नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 07, 08, 09, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 18 एवं 19 अगस्त, 2024 तक नागपुर से छूटने वाली 20826 नागपुर-बिलासपुर वंदे भारत एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 12, 13, 14, 15 एवं 17 अगस्त, 2024 तक निज़ामुद्दीन से छूटने वाली 12410 निज़ामुद्दीन-रायगढ़ गोंडवाना एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 14, 15, 16, 17 एवं 19 अगस्त, 2024 तक रायगढ़ से छूटने वाली 12409 रायगढ़-निज़ामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 13, 15, 16 एवं 18 अगस्त, 2024 तक रीवा से छूटने वाली 11756 रीवा- नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 14, 16, 17 एवं 19 अगस्त, 2024 तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से छूटने वाली 11755 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रीवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 07, 10, 12, 14, 17 एवं 19 अगस्त, 2024 तक रीवा से छूटने वाली 11754 रीवा- नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 08, 11, 13, 15, 18 एवं 20 अगस्त, 2024 तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से छूटने वाली 11753 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रीवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 07 एवं 14 अगस्त, 2024 तक सिकंदराबाद से छूटने वाली 12771 सिकंदराबाद-रायपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 08 एवं 15 अगस्त, 2024 को रायपुर से छूटने वाली 12772 रायपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 05 एवं 09 अगस्त, 2024 को हटिया से छूटने वाली 22846 हटिया-पुणे एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 07 एवं 11 अगस्त, 2024 को पुणे से छूटने वाली 22845 पुणे-हटिया एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 08 एवं 15 अगस्त, 2024 को भुवनेश्वर से छूटने वाली 12880 भुवनेश्वर-एलटीटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 10 एवं 17 अगस्त, 2024 को एलटीटी से छूटने वाली 12879 एलटीटी-भुवनेश्वर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 16 अगस्त, 2024 को हटिया से छूटने वाली 12812 हटिया-एलटीटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 18 अगस्त, 2024 को एलटीटी से छूटने वाली 12811 एलटीटी-हटिया एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 13 अगस्त, 2024 को नई दिल्ली से छूटने वाली 12442 नई दिल्ली-बिलासपुर राजधानी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 15 अगस्त, 2024 को बिलासपुर से छूटने वाली 12441 बिलासपुर-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 15 अगस्त, 2024 को हावड़ा से छूटने वाली 12222 हावड़ा-पुणे दुरन्तो एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 17 अगस्त, 2024 को पुणे से छूटने वाली 12221 पुणे-हावड़ा दुरन्तो एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 09 एवं 16 अगस्त, 2024 को पूरी से छूटने वाली 20857 पूरी-साईनगर शिरडी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 11 एवं 18 अगस्त, 2024 को साईनगर शिरडी से छूटने वाली 20858 साईनगर शिरडी-पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 16 अगस्त, 2024 को गांधीधाम से छूटने वाली 12993 गांधीधाम-पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 19 अगस्त, 2024 को पूरी से छूटने वाली 12994 पूरी-गांधीधाम एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 10 एवं 17 अगस्त, 2024 को ओखा से छूटने वाली 12939 ओखा-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 12 एवं 19 अगस्त, 2024 को बिलासपुर से छूटने वाली 22940 बिलासपुर-ओखा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 17 अगस्त, 2024 को सांतरागाछी से छूटने वाली 20822 सांतरागाछी-पुणे हमसफर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 19 अगस्त, 2024 को पुणे से छूटने वाली 20821 पुणे-सांतरागाछी हमसफर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 08 एवं 15 अगस्त, 2024 को हावड़ा से छूटने वाली 22894 हावड़ा-साईनगर शिरडी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 10 एवं 17 अगस्त, 2024 को साईनगर शिरडी से छूटने वाली 22893 साईनगर शिरडी-हावड़ा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 12 अगस्त, 2024 को साहिब नांदेड़ से छूटने वाली 12767 साहिब नांदेड़- सांतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 14 अगस्त, 2024 को सांतरागाछी से छूटने वाली 12768 सांतरागाछी -साहिब नांदेड़ एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 18 अगस्त, 2024 को ओखा से छूटने वाली 22905 ओखा-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 20 अगस्त, 2024 को शालीमार से छूटने वाली 22906 शालीमार-ओखा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 14 अगस्त, 2024 को गांधीधाम से छूटने वाली 22973 गांधीधाम-पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 17 अगस्त, 2024 को पूरी से छूटने वाली 22974 पूरी-गांधीधाम एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 11 अगस्त, 2024 को पूरी से छूटने वाली 22827 पूरी-सूरत एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 13 अगस्त, 2024 को सूरत से छूटने वाली 22828 सूरत-पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 01, 05 एवं 08 अगस्त, 2024 को पूरी से छूटने वाली 20823 पूरी-अजमेर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 06, 08 एवं 13 अगस्त, 2024 को अजमेर से छूटने वाली 20824 अजमेर-पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

## बीच में समाप्त होने वाली गाडियां

13 से 18 अगस्त, 2024 तक मुंबई से चलने वाली 12105 मुंबई-गोंदिया एक्सप्रेस वर्धा में ही समाप्त होगी यह गाड़ी वर्धा एवं गोंदिया के बीच रद्द रहेगी। 14 से 19 अगस्त, 2024 तक गोंदिया के स्थान पर यह गाड़ी वर्धा से मुंबई के लिए रवाना होगी 12106 गोंदिया-मुंबई एक्सप्रेस यह गाड़ी वर्धा एवं गोंदिया के बीच रद्द रहेगी। 12 से 17 अगस्त, 2024 तक कोल्हापुर से चलने वाली 11039 कोल्हापुर-गोंदिया एक्सप्रेस वर्धा में ही समाप्त होगी यह गाड़ी वर्धा एवं गोंदिया के बीच रद्द रहेगी। 14 से 19 अगस्त, 2024 तक गोंदिया के स्थान पर यह गाड़ी वर्धा से कोल्हापुर के लिए रवाना होगी, 11040 गोंदिया-कोल्हापुर एक्सप्रेस यह गाड़ी गोंदिया एवं वर्धा के बीच रद्द रहेगी। 07 से 19 अगस्त, 2024 तक गोंदिया एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से चलाने वाली 08743/08744 गोंदिया-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-गोंदिया एक्सप्रेस यह गाड़ी कामटी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी के बीच रद्द रहेगी।

## परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाडियां

06, 10, 11, 13, 14, 15 एवं 18 अगस्त, 2024 को विशाखापटनम से चलने वाली 12807 विशाखापटनम-निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विजयवाडा-बल्हारशाह-नागपुर होकर चलेगी। 08, 12, 13, 15, 16, 17 एवं 20 अगस्त, 2024 को निज़ामुद्दीन से चलने वाली 12808 निज़ामुद्दीन-विशाखापटनम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग नागपुर-बल्हारशाह-विजयवाडा होकर चलेगी। 05, 06, 12 एवं 13 अगस्त, 2024 को बिलासपुर से चलने वाली 20843 बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बिलासपुर-नई कटनी-इटारसी होकर चलेगी। 08, 10, 15 एवं 17 अगस्त, 2024 को भगत की कोठी से चलने वाली 20844 भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग इटारसी-नई कटनी-बिलासपुर होकर चलेगी। 08 अगस्त, 2024 को बिलासपुर से चलने वाली 20845 बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बिलासपुर-नई कटनी-इटारसी होकर चलेगी। 11 अगस्त, 2024 को बीकानेर से चलने वाली 20846 बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग इटारसी-नई कटनी-बिलासपुर होकर चलेगी। 14 एवं 15 अगस्त, 2024 को एलटीटी से चलने वाली 12151 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग भुसावल- इटारसी-नई कटनी-बिलासपुर होकर चलेगी। 16 एवं 17 अगस्त, 2024 को शालीमार से चलने वाली 12152 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बिलासपुर-नई कटनी-इटारसी-भुसावल होकर चलेगी। 03, 10 एवं 17 अगस्त, 2024 को कामाख्या से चलने वाली 22512 कामाख्या-एलटीटी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बर्द्धमान-आसनसोल-नई कटनी-इटारसी- भुसावल होकर चलेगी। 06, 13 एवं 20 अगस्त, 2024 को एलटीटी से चलने वाली 22511 एलटीटी-कामाख्या एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग भुसावल-इटारसी-नई कटनी-आसनसोल-बर्द्धमान होकर चलेगी। 10 एवं 17 अगस्त, 2024 को माल्दा से चलने वाली 13425 माल्दा-सूरत एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग आसनसोल-नई कटनी-इटारसी-भुसावल होकर चलेगी। 12 एवं 19 अगस्त, 2024 को सूरत से चलने वाली 13426 सूरत-माल्दा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग भुसावल-इटारसी-नई कटनी-आसनसोल होकर चलेगी। 13 अगस्त, 2024 को इंदौर से चलने वाली 20917 इंदौर-पूरी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग इटारसी-नई कटनी-बिलासपुर होकर चलेगी। 15 अगस्त, 2024 को पूरी से चलने वाली 20918 पूरी-इंदौर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बिलासपुर-नई कटनी-इटारसी होकर चलेगी। 12 अगस्त, 2024 को बिलासपुर से चलने वाली 22815 बिलासपुर-एर्नाकुलम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग रायपुर-विशाखापटनम-विजयवाड़ा होकर चलेगी। 14 अगस्त, 2024 को एर्नाकुलम से चलने वाली 22816 एर्नाकुलम-बिलासपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विजयवाड़ा-विशाखापटनम-रायपुर होकर चलेगी। 18 अगस्त, 2024 को विशाखापटनम से चलने वाली 22847 विशाखापटनम-एलटीटी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विशाखापटनम-विजयवाड़ा-बल्हारशाह-वर्धा-भुसावल होकर चलेगी। 20 अगस्त, 2024 को एलटीटी से चलने वाली 22848 एलटीटी-विशाखापटनम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग भुसावल-वर्धा-बल्हारशाह-विजयवाड़ा- विशाखापटनम होकर चलेगी। 11 एवं 18 अगस्त, 2024 को तिरुनेलवेली से चलने वाली 22620 तिरुनेलवेली-बिलासपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बल्हारशाह-नागभीड़-गोंदिया होकर चलेगी। 13 एवं 20 अगस्त, 2024 को बिलासपुर से चलने वाली 22619 बिलासपुर-तिरुनेलवेली एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोंदिया-नागभीड़-बल्हारशाह होकर चलेगी। 12 अगस्त, 2024 को कोचुवेलि से चलने वाली 22648 कोचुवेलि-कोरबा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बल्हारशाह-नागभीड़-गोंदिया होकर चलेगी। 14 अगस्त, 2024 को कोरबा से चलने वाली 22647 कोरबा-कोचुवेलि एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोंदिया-नागभीड़-बल्हारशाह होकर चलेगी।

# विचक्षण जैन विद्यापीठ के प्राचार्या को मिला बेस्ट प्रिंसिपल अवार्ड



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

विचक्षण जैन विद्यापीठ, वर्धमान नगर, रायपुर स्कूल की प्रिंसिपल नीतू जैन का चयन नेशन नंबर वन इंडियन टैलेंट ओलिंपियाड् द्वारा बेस्ट प्रिंसिपल अवार्ड के लिए चयनीत हुआ है। यह चयन इंडिया के 1.5 लाख स्कूलो मे से एक हज़ार स्कूलो की प्रिंसिपल को चुना गया है। विचक्षण जैन विद्यापीठ के ट्रस्टियों ने भारतीय प्रतिभा ऑलंपियाड पुरस्कार प्राप्त करने पर असाधारण प्रतिभाशाली नीतू जैन एवं विजेता बच्चों को बधाईया प्रेषित की। विचक्षण जैन विद्यापीठ के ट्रस्टी सी ए विजय मालू ने बताया कि नीतू जैन के नेतृत्व क्षमता, कड़ी मेहनत, और समर्पण के कारण विचक्षण जैन विद्यापीठ के 63 प्रतिभाशाली छात्रों ने एसओएफ ओलंपियाड में भाग लेकर स्कूल, ज़ोनल, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शानदार स्थान प्राप्त किया। इस सफलता पर इन सभी छात्रों को नगद पुरुस्कार एवं अवार्ड से ओलंपियाड द्वारा सम्मानित किया गया।

# फिजिक्स वाला ने पीडब्ल्यु एनएसएटी 2024 के माध्यम से जेईई/नीट उम्मीदवारों के लिए 250 करोड़ की स्कॉलरशिप की घोषणा की

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर/भिलाई
www.dailypioneer.com

फिजिक्स वाला, भारत की अग्रणी शिक्षा कंपनी, एनएसएटी (राष्ट्रीय स्कॉलरशिप सामान्य प्रवेश परीक्षा) 2024 के तीसरे संस्करण के शुभारंभ के साथ शिक्षा की पहुंच को महत्वपूर्ण रूप से बदलने जा रही है। पीडब्ल्यु एनएसएटी सबसे बड़ा स्कॉलरशिप परीक्षा है। इस पहल का उद्देश्य नीट-यूजी और आईआईटी-जेईई परीक्षाओं में स्कॉलरशिप हासिल करने की इच्छा रखने वाले छात्रों को श्रेष्ठ शिक्षा और विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करना है, भले ही उनकी आर्थिक स्थिति कैसी भी हो। एनएसएटी 2024 के लिए




रजिस्ट्रेशन अब खुल गया है, जिसमें देशभर के छात्रों को इन प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने का मौका दिया गया है। परीक्षा 1 से 15 अक्टूबर तक ऑनलाइन और 6 और 13 अक्टूबर को ऑफलाइन - 2024 में चयनित केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों विकल्प उपलब्ध हैं, जो सभी छात्रों के लिए सुलभ हैं। यह कार्यक्रम कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों के लिए खुला है, जिसमें पीसीएम/पीसीबी समूह शामिल हैं, जिससे यह व्यापक रूप से समावेशी है। महत्वपूर्ण रूप से, परीक्षा रजिस्ट्रेशन निशुल्क है। परिणाम नवंबर 2024 में घोषित किए जाएंगे। इन परीक्षाओं में स्कॉलरशिप हासिल करने वाले शीर्ष 1000 छात्रों को 100त्र स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी, जिसमें आवास भी शामिल है। इनमें से, शीर्ष 500 आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। इससे सुनिश्चित होता है कि वित्तीय सीमाएं उनकी शैक्षिक स्कॉलरशिप के मार्ग में बाधा न डालें, उन्हें सुरक्षा और राहत प्रदान करती हैं। इसके अतिरिक्त, छात्र एक विशेष रैंकर्स ग्रुप में शामिल हो सकते हैं, जो उन्हें नीट-यूजी और आईआईटी-जेईई जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में शीर्ष रैंकिंग सुरक्षित करने की संभावनाएं काफी बढ़ाता है।

# हड़ताल करके अराजकता फैला रहे हैं स्टील उद्योग के मालिक : पी.एन. सिंह

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय विद्युत अभियंता संघ के संरक्षक, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत विनियामक आयोग के पूर्व सचिव पी.एन. सिंह ने उच्चदाब स्टील निर्माताओं द्वारा विद्युत दरों को लेकर की जा रही मांग पर विस्तार से तकनीकी पक्ष तथा अपने विचार प्रस्तुत किये है। सिंह ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा सचिव ऊर्जा पी. दयानंद को पत्र प्रेषित करते हुए कहा है कि- छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये विद्युत दरों के निर्धारण की प्रक्रिया अन्तर्गत समाचार पत्रों में विज्ञापन देकर सभी पक्षों को अपनी सुझाव एवं आपत्ति कहने की बात कही। जिस पर कोई भी चाहे तो वह अपना लिखित आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। नियामक आयोग का यह फैसला अर्द्धन्यायिक फैसला है यदि कोई इस फैसले से असहमत है तो वह अपीलेट ट्रिब्यूनल में अपना पक्ष रखकर वहां से न्याय प्राप्त करने को स्वतंत्र है। भारत सरकार द्वारा पूरे देश मे यह व्यवस्था कायम की गई है। फिर भी यदि कोई दूसरा रास्ता अपनाता है तो वह अराजकता फैलाने का दोषी है। यदि किसी अदालती कार्यवाही में किसी को न्याय नहीं मिलता है तो उसे उच्च अदालत में अपील करने का अधिकार है। यही व्यवस्था विद्युत नियामक आयोग के प्रकरण में भी है। यदि किसी अदालत के फैसले के खिलाफ अपील करने के बजाय सड़कों पर हुडदंग करते चला जाता है तो कानूनी कार्यवाही एवं सजा का हकदार है। विद्युत नियामक आयोग के आदेश से स्टील उद्योग का एक वर्ग यह महसूस करता है कि उसे नुकसान हो रहा है, तो उसके पास अपीलेट ट्रिब्यूनल में जाने का रास्ता है और अभी भी अपील करने का समय है यदि अपीलेट ट्रिब्यूनल से उन्हें न्याय मिलता है तो उन्हें वहां जाना चाहिये। हड़ताल करके प्रदेश में माहौल को खराब करने का प्रयास होता है। किसी भी अपीलीय फैसले के विरूद्ध कोई राज्य सरकार कदम नहीं उठा सकती है। स्टील उद्योग से संबंधित लोग यह चाहते हैं कि शासन की तरफ से कुछ अलग से राहत मिल जाये। बिजली की दरे तो सभी उद्योगों के लिये बढ़ी हैं। सभी छूट की मांग करेंगे।

# हाईकोर्ट की आदेश की कापी शासन को प्राप्त होने पर होगा आगे निर्णय : राजस्व मंत्री


दाऊ कल्याण सिंह से जुडे ज़मीनों के खरीदी बिक्री पर रोक, साफ्टवेयर भी होगा ब्लॉक : कलेक्टर


स्टे होने के बाद भी हो रही थी धड़ल्ले से रजिस्ट्री
शासन निहित, हाईकोर्ट के आदेश के बाद क्रेता-विक्रेता असमंजस में


भ्रष्टाचार व अनियमितता के मामले मे जवाबदेही तय कर दंडात्मक कार्रवाई व क्षतिपूर्ति राशि तय होनी चाहिये


दाऊ कल्याण सिंह के निसंतान होने के कारण उनकी सम्पत्ति शासन मे निहित


दो चक्की के पहिये के बीच फंस गया है अंतिम भू-स्वामी
दाऊ कल्याण सिंह के सम्पति से जुडे मामले मे 45 साल पुरानी त्रुटि क्यो नही सुधार सका प्रशासन

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

हाईकोर्ट के आदेश के बाद कि दाऊ कल्याण सिंह निःसंतान होने के कारण उनसे जुडे सम्पत्ति शासन निहित किया जाये जिसके बाद उनसे जुडे अंतिम भू स्वामीयों मे भारी हलचल महसूस किये जा रहे की अब आगे क्या होगा उनके राजिस्ट्रीयुक्त सम्पत्ति के जमीन के बारे मे अब शासन प्रशासन का क्या रुख रहेगा वही अंतिम भू स्वामी अपने प्रमाणित दस्तावेजों को मूल आधार मानकर उक्त कानूनी मामलों के जानकार वकील के सम्पर्क भी लगे हुये है जिससे कोई बीच का रास्ता निकाला जा सका।

## जिन बैंकों ने होम लोन दिये अब उनके रिकवरी मापदंड क्या होगा

गौरतलब है कि जिन बैंकों ने राजिस्ट्रीयुक्त भूमि को मापदंड मानकर लाखों करोड़ों का होम लोन दिये है अब उनके रिकवरी का मापदण्ड क्या होगा इसी विषय के जानकारी मे विभिन्न बैंकों से मिले विजिटिंग रिपोर्ट मे ऊन बैंकों का कहना है कि लोन देने से पहले सर्च रिपोर्ट लगभग 30 के रिकार्ड पर दिया जाता है व वकील के माध्यम से विभिन्न रिपोर्ट तैयार करवाये जाते जिसके पश्चात विभिन्न कागजी प्रक्रियाओं के बाद लोन दिया जाता है परंतु लोन रिकवर अंतिम भू स्वामी से ही निकाला जायेगा उन्हे बैंक का लोन देना होगा। वही दूसरों बैंक से विसिट लेने पर कहा कि बैंक बोरवर को ही पकडेगी बैंक का अपना वसूली का अलग डिल होता है उसी से वसूल किया जायेगा वही तीसरे बैंक से विजिट लेने पर कहा गया कि उक्त विषय पर बैंक के उच्चस्थ अधिकारियों से आगे जानकारी लेने के बाद ही मापदंड तय किया जायेगा जिसके लिये हम अधिकृत नही है।

## अंतिम भू-स्वामी जनहित याचिका लेकर जा सकते है हाईकोर्ट

वही सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हजारों के संख्या मे प्रभवित अंतिम भू स्वामी अपने मूल-भूत अधिकारो के रक्षा के लिये हाईकोर्ट मे जनहित याचिका लगा सकते है जिससे बीच का रास्ता निकाला जा सके।

## हाईकोर्ट के आदेश की कापी मिलने पर होगा निर्णय

उक्त सम्बंध मे राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा कहा गया कि हाईकोर्ट के आदेश की कापी मिलने के बाद उस पर अवलोकन कर आगे के जो भी प्रक्रिया होगी राज्य शासन निर्णय लेगा

# विधायक इंद्र साव की सक्रियता से मिली नाला निर्माण हेतु करोड़ो की राशि

## पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा झूठा श्रेय लेने पेपर बाजी कर रहे : कांग्रेस

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा भाटापारा शहर में बनने वाले 2 बड़े नालों के लिए 15वे वित्त आयोग से 1करोड़ से ज्यादा रूपयों की राशि विधायक इन्द्र साव की सक्रियता के कारण स्वीकृत हुई है, जिसका झूठा श्रेय पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा द्वारा लेने का ब्लाक कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष द्वय अरुण यादव एवं अशोक ध्रुव ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर खंडन किया है। कांग्रेस के ब्लाक कार्यकारी अध्यक्ष द्वय अरुण यादव एवं अशोक ध्रुव ने अपने एक संयुक्त बयान में बताया कि क्षेत्र के विधायक इन्द्र साव लगातार क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृति करा रहे है और विधानसभा पटल पर भी क्षेत्र हित की मांगों को सरकार के समक्ष उठा रहे है। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि विधायक इन्द्र साव के अथक प्रयास और मेहनत से नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा भाटापारा शहर में बनने वाले 2 बड़े नालों के लिए 15वे वित्त आयोग से लिंक रोड स्थित नाले के लिए 57 लाख 70 हजार रुपये की राशि तथा लाल बहादुर वार्ड स्थित नाले के लिए लगभग 56 लाख 67 हजार रूपये की राशि स्वीकृत कराई है, इस कार्य को जबरन रुकवा कर रखा गया था और अब स्वीकृत होने पर झूठा श्रेय पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा पेपर बाजी कर लेने का कुंठित प्रयास कर रहे है। कांग्रेस नेता अरुण यादव और अशोक ध्रुव ने पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा पर झूठा श्रेय लेने का आरोप लगाते हुए कहा कि वे पूर्व में भी कोर्ट भवन, कॉलेज बिल्डिंग निर्माण, सहित सेमरिया घाट में उच्च स्तरीय ब्रिज, अनेकों डामरीकृत मार्ग की राशि विधायक इन्द्र साव ने बजट में स्वीकृत कराया था, उसका भी श्रेय लेने पेपर बाजी किए थे। अगर श्रेय लेने का शौक है तो भाटापारा आए मुख्यमंत्री से भाटापारा को जिला बनाने की घोषणा क्यों नहीं कराई...? जनता को बेवकूफ बनाने अपने कार्यकाल में विधानसभा में अशासकीय संकल्प लाए थे और जब प्रदेश में फिर भाजपा सरकार बन गई तो जिले के मुद्दे पर मौन साध लिए, जबकि पिछले वर्ष चुनावी सभा में असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्वसरमा की लोकोत्सोव मैदान में हुई सभा में पूर्व विधायक ने कहा था कि प्रदेश में भाजपा सरकार आयेगी तो भाटापारा को जिला बनाया जाएगा, शिवरतन शर्मा को यह बात जनता को बतानी चाहिये। प्रदेश में सत्तासीन भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री जब भाटापारा में आम सभा को संबोधित करने आये थे और इसी मंच पर पूर्व विधायक शिव रतन शर्मा को अपने पूर्व घोषणा अनुरूप भाटापारा को पृथक स्वतंत्र ज़िला निर्माण कराने की महत्वपूर्ण, जीवंत और ज्वलंत माँग को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से पूरा कराना था। लेकिन उन्होंने दुर्भावनावश क्षेत्र की जीवंत, ज्वलंत, जायज माँग को नहीं रखकर पूरे विधानसभा के विकास और प्रगति पर कुठाराघात कर दिया।


## कार्यालय-जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल दुर्ग (छ.ग.)

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 126/निर्वाह/2024 दुर्ग, दिनांक 31/07/2024

**निविदा-सूचना**
**परिशिष्ट 2**
**(नियम 4.4.2)**

**// अर्धवार्षिक निविदा, वर्ष 2024-2025 द्वितीय बार //**

केन्द्रीय जेल दुर्ग में निरूद्ध बंदियों के लिए सब्जी क्रय किये जाने हेतु निविदाएं सीलबंद लिफाफे में दिनांक 20.08.2024 को अपरान्ह 01.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक व्यापारी अर्धवार्षिक निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधित पूर्ण जानकारी कार्यालय समय सुबह 10.00 बजे से अपरान्ह 01.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते है।

01. निविदा फार्म विक्रय की अंतिम तिथि-17.08.2024 समय सुबह 10.00 बजे से दोपहर 01.00 बजे तक।
02. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि-20.08.2024 समय सुबह 10.00 बजे से अपरान्ह 01.00 बजे तक।
03. निविदा खोलने की तिथि-20.08.2024 समय सायंकाल 04.30 बजे स्थान-कार्यालय जेल, अधीक्षक, केन्द्रीय जेल दुर्ग।
04. निविदा प्रपत्र एवं शर्ते जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल दुर्ग के कार्यालय में आवेदन (आयकर प्रमाण पत्र वर्ष 2023-24 के साथ) प्रस्तुत कर रू. 5,000/- (रू. पांच हजार मात्र) नगद भुगतान कर कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किये जा सकते है। निविदाकार निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी जेल विभाग की वेबसाइट **jail.cg.gov.in** से डाउनलोड करके निविदा में भाग ले सकेगा। ऐसे निविदाकार को अपने आवेदन के साथ आयकर प्रमाण पत्र वर्ष 2023-24 की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा तथा उन्हे रू. 5,000/- (रू. पांच हजार मात्र) निविदा शुल्क की राशि निविदा जमा करने के पूर्व नगद भुगतान करना होगा।

जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल दुर्ग (छ.ग.)

G-242501574/4

# क्षेत्रीय विकास व नक्सलवाद के खात्मे का आधार सड़क-पुल किस्तों में टूट रहे

## छड़ के बगैर ढाल दिया पुल अब भरी बरसात भ्रष्टाचार छुपाने में जुटे, क्या निर्माण एजेंसी व जिम्मेदार इंजीनियर पर दर्ज होगी एफआईआर






पायनियर संवाददाता < मोहला/मानपुर
www.dailypioneer.com

मानपुर ब्लॉक अंतर्गत पहाड़ के ऊपर बीहड़ों के बीच की बसाहटों के बीच माओवाद का खात्मा सुनिश्चित करने की मंशा के साथ कोराचा-बुकमरका सड़क बनाई गई थी। जान जोखिम में डालकर पुलिस ने निर्माण को सुरक्षा दी। लेकिन प्रशासनिक कारिंदों के साथ मिलकर निर्माण ठेकेदार ने ऐसा निर्माण किया कि एक अब इस मार्ग में एक पुल धंस गया है तो वहीं बाकी का निर्माण भी ध्वस्त होने की कगार पर है। सड़क जगह जगह उखड़कर किस्तों में टूट रही है। दूसरी ओर पीएमजीएसवाय विभाग के अधिकारी अब इस ध्वस्त निर्माण का संधारण कर भ्रष्टाचार के मामले में लिपापोती की कोशिशों में जुटे हैं। इस खबर का बड़ा पहलू यह भी है कि, ग्राम गट्टेगहन व संबलपुर के बीच नदी में पीएमजीएसवाय के तहत बने पुल के ढह जाने से सुरक्षा देने वाली पुलिस ही नक्सलगढ़ में बगैर आवागमन के फंस जाने को मजबूर है। वहीं बीहड़ों में बसे गांवों से सड़क संपर्क टूट गया है। अब इसमें बड़ा सवाल ये उठता है इस बिगड़े हालात के जिम्मेदार इंजीनियर व ठेकेदार पर एफआईआर दर्ज होगी या फिर सरकार और जनता को सड़क के नाम पर चूना लगाने वाले अब भी बच निकलेंगे इसका जवाब तलाशना जरुरी है। गौरतलब है कि तरीकब सवा 4 करोड़ रुपए की लागत 10 किमी लंबा यह मार्ग बनाया गया था। जिसका काम मेसर्स गुप्ता कंस्ट्रक्शन रायगढ़ द्वारा पीएमजीएसवाय के साईट इंजीनियर पी खांडेकर सहित उच्चाधिकारियों की निगरानी में किया गया है। इस मार्ग पर कई और पुल के निर्माण भी किए गए हैं।

### जवानों की सुरक्षा ताक में, पुलिस-जनता दोनो फंसे... क्या संज्ञान लेंगे गृहमंत्री

कहां जाता है प्रदेश के उपमुख्यमंत्री सह गृहमंत्री साथ ही इस नक्सल प्रभावित जिले के प्रभारी मंत्री भ्रष्टाचार की रोकथाम व इलाके में विकास व सुरक्षा बहाली को लेकर खासे गंभीर व स्ट्रिक्ट हैं। ऐसे में गृह मंत्री से यह कहना लाज़मी है और क्षेत्रवासियों की उम्मीद भी इस पर टिकी है कि हे गृह मंत्री जी, पुलिस जवानों ने नक्सलियों के गढ़ में जान हथेली पर रखकर अपनी सुरक्षा में यहां सड़क पुल बनवाया, लेकिन प्रशासनिक कारिंदो और ठेकेदार ने जवानों की मेहनत और जान की अहमियत को ताक में रखकर निर्माण में भ्रष्टाचार का ऐसा लेप चढ़ाया कि निर्माण की सुरक्षा देने वाली पुलिस का ही पुल टूटने से नक्सलियों के गढ़ में आवागम अवरुद्ध हो गया है । पुल पार के गांव के ग्रामीण, किसान गांवों तक सिमट जाने की मजबूर हैं। हे गृह मंत्री जी अब आप ही संज्ञान लें और कड़ी सबक सिखाएं उन गैर जिम्मेदारी को जो शासन व जनता से छलावा करने से भी नही हिचक रहे हैं।

### जो पुल धंसी उसकी ढलाई में सरिया इस्तेमाल हुआ ही नहीं

गट्टेगहन नदी में साल भर पहले बने पुल के टूटने से घटिया व खानापूर्ति के निर्माण की पोल खुल गई है। पुल का जो हिस्सा टूटा है उससे पुल के ढलाई का राज खुल रहा है। दरअसल ढलाई वाली परत में कहीं भी छड़े नजर नहीं आ रहीं। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि बगैर छड़ों के गिट्टी, सीमेंट और रेत के भरोसे पुल को ढाल कर निर्माण की खानापूर्ति कर दी गई। यही वजह लग रही है कि पुल की ढलाई धंस कर टुकड़ों में बट गई। वहीं पुल के पूरे हिस्से में ऐसी दरारें बन गई है कि कभी भी बारिश से नदी में पानी का दबाव बनते ही पानी पुल को ही बहा ले जाएगा।

### सड़क से डामर गायब

केवल ये एक मात्र पुल नहीं बल्कि कोराचा से बुकमरका तक कई ऐसे और पुल हैं जो बारिश में क्षतिग्रस्त होकर ढह जाने की कगार पर खड़े हैं। जितनी सड़क बनी है उसमें डामर की इतनी पतली परत बिछी है कि कई जगहों में साल भर के भीतर ही डामर ही उखड़ कर गायब हो गई है। कब ये नवनिर्मित सड़क गुम होकर पुराने कच्चे मार्ग में तबदील हो जाए इसका कोई दावा नहीं किया जा सकता।

### मार्ग बहाल करना जरूरी, सुधार कार्य जारी

टूटे पुल के उस पार न केवल गांव हैं बल्कि नक्सल क्षेत्र के बीच महाराष्ट्र सीमा पर पुलिस कैंप भी है। ऐसे में इसमें कोई दोमत नही कि उक्त पुल को सुधारकर जल्द मार्ग बहाल करना अति आवश्यक है। ताकि उस पार के ग्रामीण आदिवासियों व पुलिस जवानों का आवागमन सुचारू हो सके। दूसरी ओर पीएमजीएसवाय के वो अधिकारी भरी बारिश के बीच टूटे पुल को सुधारने में जुटे हुए हैं। गुरुवार को पुल टूटने के बाद शुक्रवार को भरी बरसात पीएमजीएसवाय के अफसर, इंजीनियर व ठेकेदार के लोग पुल के टूटे हिस्से के सुधार में लगे नजर आए।

## किसानों के नाम पर फर्जी तरीके से लोन निकालने वाले प्रबंधक निलंबित

**राजनांदगांव।** जिले के खोभा समिति में किसानों के नाम पर फर्जी लोन मामले में समिति प्रबंधक मुकेश गौतम को निलंबित कर दिया गया है। अफसरों के आदेश नहीं मानने और काम में कोताही बरतने के आरोप में भी यह कार्रवाई की गई है। खोभा सोसायटी से जुड़े किसानों ने कलेक्टर संजय अग्रवाल से छुरिया के जिला सहकारी बैंक से फर्जी लोन आहरित किए जाने के मामले में जांच की मांग की थी। अफसरों की टीम ने शिकायत की जांच में समिति प्रबंधक पर लगे आरोपों को सही पाया। टीम की रिपोर्ट के आधार पर प्रबंधक को निलंबित किया गया है। बताया जा रहा है कि प्रबंधक मुकेश गौतम शिकायत होने के बाद गांव-गांव जाकर किसानों को लोन जमा रसीद भी दे रहा था। इससे यह साफ हो गया कि प्रबंधक पर किसानों के आरोप सही है । किसानों ने रसीद की सत्यता की जांच करने की भी मांग की है। सोसायटी के सैकड़ों किसान धोखाधड़ी के शिकार हुए हैं। किसानों ने फर्जी लोन मामले में समिति प्रबंधक को बर्खास्त करने की मांग करते नेशनल हाईवे में चकाजाम करने की चेतावनी दी थी।

## महतारी वंदन योजना की लाभार्थी महिलाओं के साथ किया पौधारोपण

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत गुरुवार को ग्राम पंचायत भंडारपुर में महतारी वंदन योजना की लाभार्थी महिलाओं के साथ जनपद पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव के मुख्य आतिथ्य एवं जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव के अध्यक्षता में मां के सम्मान में पौधे लगाए गए। यह अभियान जिला स्तर, ब्लाक मुख्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, नगरीय निकाय सहित पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है। जनपद पंचायत अध्यक्ष मती किरण वैष्णव ने कहा कि महिलाएं अपने घर, आंगनबाड़ी और किसी भी सार्वजनिक स्थल पर पौधे लगा सकते हैं। इस महाअभियान में कोई भी व्यक्ति शामिल हो सकता हैं। वन परिक्षेत्र अधिकारी बागनदी अनिल कुमार बंबोड़े ने बताया कि पौधे लगाने के लिए वनविभाग द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। वन परिक्षेत्र बागनदी के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में सघन पौधारोपण किया जाएगा।

### सक्रिय कार्यकर्ताओं को सौंपी जाएगी जिम्मेदारी, कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक 7 को



**राजनांदगांव ।** जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने 7 अगस्त को प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक बुलाई है। उन्होंने बताया कि यह बैठक पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए रखी गई है। साहू ने आगे बताया कि संगठन में लंबे समय से सक्रिय कार्यकर्ताओं को तवज्जो देते हुए उन्हें विशेष कार्यभार सौंपे जाएंगे। सदस्यता अभियान के साथ ही गांव गली मोहल्ले में आम आदमी की समस्या जानने और उन्हें निराकरण कराने की दिशा में सभी सदस्य पदाधिकारी को पहले से ज्यादा स य किया जाएगा। साथ ही साथ ही शासन की गलत नीतियों का एकजुट से विरोध करने का संकल्प आयोजित बैठक में लिया जाएगा। जिला स्तर पर प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक के बाद आगामी दिनों में विकासखंड स्तर पर बैठके आयोजित होगी। जिसे भी इसी तर्ज पर संगठन को मजबूत बनाने जिम्मेदारियां सौपने और आम जनता की सुख दुख से सरोकार रखने की चर्चा की जाएगी।

## कांग्रेस ने फूंका अनुराग ठाकुर का पुतला राहुल गांधी पर टिप्पणी से आक्रोश

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



लोकसभा में पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा राहुल गांधी की जाति को लेकर की गई टिप्पणी के विरोध में स्थानीय कांग्रेसी नेताओं ने शुक्रवार को मानव मंदिर चौक में पुतला फूंका। कांग्रेसियों का आरोप है कि भारत की संस्कृति के खिलाफ ठाकुर ने टिप्पणी की है। इसकी निंदा हर कोई कर रहा है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि भारत की संस्कृति में जात-पात के लिए कोई जगह नहीं है। ठाकुर ने ऐसा प्रश्न कर अपनी कुंठित विचारधारा और नकारात्मक सोच को जाहिर किया है। स्थानीय मानव मंदिर चौक में पुतला फूंकने के दौरान ठाकुर के खिलाफ कांग्रेसियों ने नारेबाजी की। पूर्व केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने सदन में जाति जनगणना की मांग करने पर राहुल गांधी के खिलाफजाति का पता नहीं होने की बात कही। जिससे सियासत गरमा गई है। शहर कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने बताया कि राहुल गांधी सर्वमान्य नेता हैं। उनकी जाति को लेकर टिप्पणी करना एक अपमानजनक मसला है। कांग्रेस इस टिप्पणी के खिलाफ एकजुट होकर ठाकुर से माफी मांगने की मांग कर रही है। पुतला फूंकने के दौरान मेहुल मारू, नीरज कन्नौजे, अमित चंद्रवंशी, अभिमन्यु मिश्रा, मानव देशमुख, मनीष गौतम समेत अन्य लोग शामिल थे।

## बैरिकेटिंग से मार्ग अवरुद्ध, रहवासियों को भी आवाजाही की अनुमति नहीं




पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

गौरवपथ स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित हो रहे शिव महापुराण कथा आयोजन के लिए की गई बैरिकेटिंग से आसपास के रहवासियों की आवाजाही अवरुद्ध हो गई है। ऑडिटोरियम तक जाने वाले सभी मार्गों को बंद कर दिया गया है। इस स्थिति में राजीव नगर के रहवासी परेशान हो रहे हैं। छोटे बच्चों के साथ ही महिलाओं को भी बैरिकेटिंग से परमिशन न होने की बात दोहराकर वापस भेजा जा रहा है। इसके चलते लोगों को लंबे रास्ते का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। छोटे स्कूली बच्चों के लिए भी यह समस्या पेश आ रही है। राजीव नगर क्षेत्र के लोगों के पालतू मवेशी भी बैरिकेटिंग में फंस गए हैं। इस मामले को लेकर स्थानीय पार्षद ने पुलिस प्रशासन के अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने मांग की कि स्थानीय लोगों के लिए मार्ग अवरुद्ध न किया जाए। पुलिस अधिकारियों ने इसे लेकर व्यवस्था बनाने आश्वस्त किया है।

## एफसीआई गोदाम के लिए आई गाड़ियों से पार हो रहा था चावल, गिरोह के ठिकाने से 50 ि . अनाज बरामद



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

एफसीआई गोदाम में अनाज अनलोड करने आने वाले ट्रकों से चावल के बोरे चुराने वाले गिरोह को कोतवाली पुलिस ने धर दबोचा है। लखोली निवासी 4 आरोपी पखवाड़े भर से मिलकर सेंधमारी को अंजाम दे रहे थे। लगातार पुलिस के पास ऐसे मामलों की शिकायत आ रही थी जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है। कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि, आरोपी उमेश साहू (30), भारत चौहान (31), उमेश विश्वकर्मा (23) और ईश्वर साहू (30) को गाड़ियों से चावल के बोरे चुराने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से 101 कट्टा यानी 50 क्विंटल चोरी का चावल बरामद किया गया है जिसकी कीमत तकरीबन 2 लाख रुपए है। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने अलग-अलग मौके पर जो चोरियां की थी उसमे से तीन ट्रक ड्राईवरों ने क्रमशः 21, 16, 17 क्विं चावल की बोरियां चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। घटना स्थल बायपास में अलग अलग स्थान थे। पुलिस ने सबसे पहले घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जिसमें कुछ दो-तीन संदिग्ध युवक ई-रिक्शा के साथ नज़र आए। इनकी शिनाख्त कर पुलिस ने मामले में कड़ाई से पूछताछ की जिसके बाद पूरा मामला फूट गया। पुलिस ने बताया कि, मुख्य आरोपी उमेश साहू स्वयं ट्रक ड्राइवर है। वह हाईवे किनारे चावल से भरे खड़े सैकड़ो ट्रकों की निगरानी करता था। जिस ट्रक में ड्राइवर रात में नहीं रहते थे।

## कथा शुरु... प्रदीप मिश्रा ने कहा-प्रभु इच्छा से हो रहा आयोजन



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शिव महापुराण कथा के पहले दिन का आयोजन व्यवस्थित रहा। पंडित प्रदीप मिश्रा ने प्रथम दिन भक्तों से साक्षात्कार करते हुए कहा.. सारा कुछ प्रभु रचित ही है। वे ही सब निर्धारित करते हैं। सावन के इस पुण्य माह में, शिव को अत्यंत प्रिय ऋतु में कथा होनी कहीं थी और हो कहीं और रही है। यह सब उन्हें की लीला है। इस दौरान उन्होंने शिवपुराण से जुड़े विभिन्न प्रसंगों सुनाए। भक्तजनों ने कथा के दौरान भोलेबाबा पर अपनी आस्था का परिचय दिया। भजनों के बीच महिलाएं भक्ति में झूमती रहीं।

### छात्रवृत्ति हेतु विद्यार्थियों को आधार सीडिंग होना जरूरी

**राजनांदगांव।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पोर्टल में पेमेंट फेलियर रिलेटेड विकल्प प्रदान किया गया है। इस विकल्प में असफल छात्रवृत्ति भुगतान वाले विद्यार्थियों की जानकारी कारण सहित उपलब्ध कराया गया है। साथ ही विद्यार्थियों के लागिन में भी छात्रवृत्ति भुगतान संबंधी जानकारी भी अपडेट की गई है। जिले के शैक्षणिक संस्थानों को जिन विद्यार्थियों द्वारा छात्रवृत्ति भुगतान असफल होने की सूचना दी गई है, उन विद्यार्थियों को आधार सीडिंग की अद्यतन जानकारी तथा आधार सीडिंग वाले पासबुक पिछले महीने की एन्ट्री वाले पेज की प्रति के साथ कार्यालय आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग राजनांदगांव में उपलब्ध कराने कहा गया है।

## हरेली तिहार पर रोपे एक पौधा मां के नाम कमलेश सारस्वत

पायनियर संवाददाता < अंबागढ़ चौकी
www.dailypioneer.com



जिला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष मती कमलेश सारस्वत ने हरेली (हरियाली) त्यौहार के अवसर पर सभी नागरिकों से पौधरोपण की अपील की है। उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पौधा मां के नाम रोपने अभियान आरंभ किया है। नितांत आवश्यक है कि, देश का हर एक नागरिक इसे हेतु जागरुक हो और इस अभियान से जुड़कर ही सही पौधा रोप कर उसका संरक्षण किया जाए। वर्तमान में पर्यावरण संरक्षण के लिए आवश्यक है। देश के अलग-अलग हिस्सों में बाढ़ के हालात, मिट्टी के कटाव से भूस्खलन की बढ़ती घटनाओं में सैकड़ों जाने जा रहीं हैं। ये प्राकृतिक आपदाएं संकेत हैं कि काफी कुछ बदलने और प्रकृति को आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखने के लिए हमें निरंतर प्रयास करने होंगे। अध्यक्ष मती सारस्वत ने कहा कि, छत्तीसगढ़ में हरेली (हरेली) अमावस्या पहले त्यौहार के रुप में मनाई जाती है जो कि एक बड़ा लोक त्यौहार है। ग्राम व कुल देवी-देवता के साथ कृषि के औजारों की पूजा की जाती है। पालतू जानवरों को भी प्रसाद का भोग मिलता है। इसके साथ ही कई तरह के खेल के आयोजन होते हैं। हरेली ही वह अवसर है जब छत्तीसगढ़ में गेड़ी चढ़कर बच्चों से लेकर युवा तक इसका आनंद लेते हैं। उन्होंने कहा कि, इस लोक त्यौहार में पौध रोपण को जोड़ना एक अच्छी पहल साबित होगी। इस त्यौहार पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव के सुशासन से किसानों के चेहरे पर मुस्कान भी है। मती सारस्वत ने बताया कि, उल्लेखनीय है कि सनातन धर्म में भी हरियाली अमावस्या के दिन पौधे रोपने का बड़ा महत्व है। इससे इतर भी इसे प्रकृति के प्रति सम्मान जताने का सबसे उपयुक्त माध्यम है। उन्होंने अपील की कि, सभी नागरिक इस दिन अपने आंगन, बाड़ी, खेत-खलिहान और उपयुक्त स्थानों पर फलदार, छायादार पौधे रोपें।

### दुकानदारों पर न्यायालय ने लगाया 75 हजार रूपये का जुर्माना

**खैरागढ़।** जिले में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 का उल्लंघन कर उपभोक्ताओं को अमानक खाद्य सामग्री बेचने वाले दुकानदारों पर न्यायालय ने जुर्माना लगाया है। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने न्यायालय कलेक्टर (खाद्य सुरक्षा) में दो अलग-अलग प्रकरणों की सुनवाई करते हुए 75 हजार रूपये का जुर्माना लगाया है। न्यायालय कलेक्टर (खाद्य सुरक्षा) से मिली जानकारी अनुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी नेमीचंद पटेल ने 9 नवंबर 2023 को न्यू जनता होटल गंडई के संचालक मोहम्मद सरीक एवं मोहम्मद शफी और 28 अगस्त 2023 को मिलन स्वीट्स गंडई के संचालक राजकुमार के प्रतिष्ठान से प्रतिष्ठान से वि य हेतु प्रदर्शित खाद्य पदार्थ में से पेड़ा का खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत नमूना लिया गया।

### पोषण बाड़ी निर्माण हेतु पौधे, बीज एवं खाद वितरण

## रोपणी में कलेक्टर व जनपद अध्यक्ष द्वारा पौधारोपण

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव/डोंगरगांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर संजय अग्रवाल डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम सुखरी के नवीन शासकीय उद्यान रोपणी सुखरी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण एवं पौधा वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। कलेक्टर अग्रवाल ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नवीन शासकीय उद्यान रोपणी सुखरी में आम का पौधा लगाया। इस अवसर पर उन्होंने पोषण बाड़ी निर्माण के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, महिलाओं एवं ग्रामीणों को 5 प्रकार के फलदार पौधे, 5 प्रकार की सब्जी बीज एवं वर्मी खाद का वितरण किया। इसके साथ ही महतारी वंदन योजना से लाभान्वित महिलाओं को भी एक-एक पौधा वितरण किया। उन्होंने फलदार पौधे वितरण के साथ ही उनके गुणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि घर पर पौधा लगाने के साथ ही उसकी सेवा उतनी ही जरूरी है। उन्होंने उपस्थित सभी महिलाओं एवं बुजुर्ग माताओं को पौष्टिक आहार लेने एवं स्वच्छता का ध्यान रखने कहा। जिससे स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। नवीन शासकीय उद्यान रोपणी सुखरी में विभिन्न किस्म के 750 आम के पौधे, 100 से अधिक अमरूद, नीबू तथा अन्य प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि प्रकृति हमें जीवन देती है इससे हम सभी का जुड़ाव होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पेड़ के बिना हमारा अस्तित्व नहीं है। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए सोचना और समझना होगा।

अभी जितना अधिक पेड़ लगाएंगे हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए उतना ही अच्छा वातावरण दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि पानी का संरक्षण बहुत जरूरी है। भू-जल स्तर लगातार नीचे चला जा रहा है। इसे रोकने के लिए उपाय करना बहुत जरूरी है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि कम पानी उपयोग वाली फसलों का उत्पादन करें, जिससे भू-जल स्तर बना रहेगा। भू-जल स्तर बनाए रखने के लिए खाली जगहों में पेड़ लगाने कहा। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के लिए तालाब, परकोलेशन टैंक, डबरी निर्माण जैसे कार्य करना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों को गांव में स्वच्छता बनाए रखने कहा। घरों से निकलने वाले गीला एवं सूखा कचरे को स्वच्छता दीदियों को देने कहा। जिससे गांव के गली-मोहल्ले में गंदगी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि गंदगी से कई प्रकार की बीमारियां फैलती है इससे बचना चाहिए।

इस अवसर पर अध्यक्ष जनपद पंचायत डोंगरगांव टीकेश साहू, सरपंच सुरेन्द्र गोस्वामी, एसडीएम डोंगरगांव कांत कोर्राम, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास गुरूप्रीत कौर, सहायक संचालक उद्यानिकी राजेश शर्मा, इस अवसर पर अध्यक्ष जनपद पंचायत डोंगरगांव टीकेश साहू, सरपंच सुरेन्द्र गोस्वामी, महिलाएं एवं ग्रामीणजनों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नवीन शासकीय उद्यान रोपणी सुखरी में पौधरोपण किया।

## विधानसभा अध्यक्ष से मिला विद्युत ठेकेदार संघ



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

विद्युत ठेकेदार संघ के संरक्षक प्रफुल परमार, अध्यक्ष शशांक दास, सचिव सुनिल रामटेके व प्रतीक खंण्डेलवाल तथा सदस्यों ने डॉ रमन सिंह से मुलाकात करके कृषि पंपों के विस्तार कार्य पूर्ण हो जाने का अवगत कराया। परन्तु विद्युत मंडल द्वारा आज पर्यन्त तक पंपों के कार्यों का भुगतान नहीं किए जाने की बात उन्होंने बताई। डॉ रमन ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए विभाग के आला अधिकारी को तुरंत निराकरण करने के लिए निर्देशित किया है।

# बगिया सीएम कैम्प कार्यालय बे-सहारों का बना सहारा नवजात से लेकर बुजुर्गों तक को मिल रही बड़ी राहत

## ई-रिक्शा पाकर 67 वर्षीय बुजुर्ग टीबुल राम के चेहरे पर खिली मुस्कान

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com






सीएम कैम्प कार्यालय की पहल से जरूरतमंद लोगो को मिल तत्काल सहायता रही है। इसी कड़ी में बगिया निवासी 67 वर्षीय टेबुल राम को कैम्प कार्यालय द्वारा ई-रिक्शा उपलब्ध करवा कर उनकी परेशानी दूर कर दी है। बगिया निवासी 67 वर्षीय टेबुल राम ने बताया है कि वे काफी परेशान थे। उनके दोनों पैर खराब होने के कारण चलने फिरने में कठिनाई होती है। इसलिए वे घर में ही बैठे रहते थे। इस परेशानी से राहत पाने के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से ई-रिक्शा दिलवाने का अनुरोध किया था। जिससे उपलब्ध करवा कर टेबुल राम की बड़ी परेशानी दूर कर दी है। टेबुल राम ने कहा कि अब मैं आस-पास रहने वाले अपने स्वजनों और मित्रों से मिलने के साथ घर का छोटा काम भी कर लेता हूं। इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभारी हूं।

### 70 साल के बुजुर्ग को राहत

टेबुल राम कि तरह ही गुरूवार को केरसई निवासी 34 वर्षीय दिव्यांग गुरुदेव राम को रिक्शा, 70 वर्षीय बुजुर्ग संतन साय को श्रवण यंत्र दिया गया। कान में चोट लगने से श्रवण बाधित 34 वर्षीय श्रवण गुप्ता जशपुर निवासी को श्रवण यंत्र उपलब्ध कराया गया। जन्म से चलने फिरने में हो रही परेशानी से जूझ रहे 10 वर्षीय दिव्यांक खलखो का उपचार कराने के लिए चिरायु टीम को निर्देशित किया गया है। साथ ही सड़क दुर्घटना में दोनों पैर गंवा कर दिव्यांग हुए 47 वर्षीय नंद कुमार को कृत्रिम पैर उपलब्ध कराने का आश्वाशन सीएम कैम्प ने दिया है।

### कैम्प कार्यालय से बड़ी राहत

उल्लेखनीय है कि जशपुर जिले के कांसाबेल ब्लाक के बगिया स्थित सीएम विष्णुदेव साय के निज निवास को छत्तीसगढ़ सरकार ने सीएम कैम्प का दर्जा दिया है। यहाँ आयोजित होने वाले जनदर्शन में जशपुर सहित अन्य जिलों से भी लोग अपनी मांग और समस्या लेकर पहुंचते हैं। इन आवेदनो का प्राथमिकता से निराकरण किया जाता है। सीएम कैम्प कार्यालय ने हेल्प नंबर 07764-250061, 07764-250062 पर भी कॉल करके प्रदेश भर के लोग लाभन्वित हो रहे है।

# गरिमामय वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

## कलेक्टर ने सफल आयोजन हेतु अधिकारियों को दी जिम्मेदारी

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिले में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस गरिमामय वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर सफल आयोजन हेतु जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त को जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 09 बजे जिला मुख्यालय स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण, परेड की सलामी और जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जायेगा। कार्यक्रम में शहीदों के परिवारजनों को सम्मानपूर्वक आमंत्रित कर शाल व श्रीफल से सम्मानित किया जाएगा। स्कूली बच्चों के द्वारा पीटी एवं देशभक्ति व संस्कृति से परिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल में मैदान की तैयारी, आकर्षक साज-सज्जा, समारोह स्थल पर ध्वज, फूल एवं गुब्बारे की व्यवस्था, बेरिकेटिंग, पार्किंग, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा, फायर ब्रिगेड, शामियाना एवं कुर्सी व्यवस्था, विद्युत व ध्वनि विस्तारक यंत्र, बैठक व्यवस्था, आमंत्रण कार्ड, प्रशस्ति पत्र सहित अन्य आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने कहा कि विभागीय अधिकारी इसे गंभीरता से लेते हुए कार्य करेंगे। उन्होंने जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारी समय पर सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरिजा शंकर जायसवाल ने सभी विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु निर्देशित किया। इस दौरान वनमंडलाधिकारी संजय यादव, अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, संयुक्त कलेक्टर मेनका प्रधान एवं गिरीश रामटेके, एसडीएम मुंगेली पार्वती पटेल, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद

## आईटीआई मुंगेली : राज्य व्यवसाय प्रमाण पत्र जारी

**मुंगेली।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था मुंगेली में वर्ष 2009 से 2021 तक एससीव्हीटी व्यवसायों में प्रवेशित एवं उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों का राज्य व्यवसाय प्रमाण पत्र जारी हुआ है। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि प्रशिक्षणार्थी अपना फोटो युक्त पहचान पत्र प्रस्तुत कर प्रमाण पत्र संस्था से कार्यालयीन समय पर प्राप्त कर सकते हैं।

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ जिला मुंगेली का समीक्षा बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ जिला मुंगेली का समीक्षा बैठक राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। इस अवसर पर राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव ने समस्त स्काउटर गाइडर को जिला में स्काउटिंग की गतिविधियों को बढ़ाने और प्रत्येक विद्यालयों में कब बुलबुल, स्काउट गाइड, रोवर रेंजर दल संचालित हो तथा अन्य कार्यक्रमों में सहभागिता बढ़ें, सक्रियता आए इस ओर भी कसावट लाने के लिए जिला के पदाधिकारियों को निर्देशित किए। बैठक में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी लोरमी, दिलीप सिंह राजपूत, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी पथरिया पी. एस. बेदी जिला संघ सदस्य जेठमल कोटड़िया, पी. एम. दाउपारा स्कूल प्राचार्य डॉ. आई. पी. यादव स्काउटर राजेन्द्र दिवाकर जिला सचिव आकाश परिहार, डी ओ सी गाइड रोहिणी ठाकुर डी. ओ. सी.मोरजध्वज सप्रे डी. टी. सी. अमित गुप्ता, प्रीति खालसा सहित जिला के अन्य पदाधिकारी, स्काउटर, गाइडर उपस्थित रहे।

## विभिन्न कोर्सों में नि:शुल्क प्रशिक्षण हेतु आवेदन 16 अगस्त तक

**मुंगेली।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज जमकोर में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत विभिन्न कोर्सों में निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए 16 अगस्त तक आवेदन किया जा सकता है। सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि 14 से 45 वर्ष के युवाओं को सेल्फएम्प्लाईड टेलर, फैशन डिजाईनर, टैक्सी ड्राईवर, मोबाइल फोन हार्डवेयर रिपेयर टेक्नीशियन, जैम जेली एवं केचअप प्रोसेसिंग टेक्नीशियन, बेकिंग टेक्नीशियन/आपरेटिव, सैरेमिक एंड टेराकोटा टॉय मेकर, हैण्डलूम वीवर/कॉरपेट वीवर जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, इलेक्ट्रीशियन डोमेस्टिक साल्यूसन, फ्रंट ऑफिस एग्ज्युकेटिव, डोमेस्टिक डाटा एन्ट्री आपरेटर और सोलर एंड एलईडी टेक्नीशियन कोर्स में निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

# कोटा नगर के रोड की हालत जर्जर, मुख्य मार्ग की सड़क गड्ढों में तब्दील

पायनियर संवाददाता ◄ करगीरोड-कोटा
www.dailypioneer.com





लगातार हो रही बारिश से कोटा नगर की सड़के खस्ताहाल हो चुकी है,मेन रोड से लगे कुछ वार्ड की नालिया जाम होने से नालियों का पूरा पानी मेन रोड की सड़कों पर बहते रहता है..पूरी सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुका है,पानी निकासी न होने की वजह से बेलगहना रोड में लोगो के घरों का पानी सड़कों पर बह रहा है..बारिश से पूर्व स्वय नगर पंचायत अधिकारी द्वारा जेसीबी लगाकर पानी निकासी के लिए गड्ढा खोदा गया था, पर आगे पक्की नाली निमार्ण कार्य नही हो पाया या होने नही दिया गया..? कुछ दिनों के बाद गड्ढों को पाट दिया..तबसे बेलगहना वाली पूरी सड़क तालाब में तब्दील हो चुकी है,रोड के अगल-बगल दुकाने होने से भारी-वाहन के आवागमन से कई बार ट्रैफिक-जाम की स्तिथि निर्मित हो जाती है। बारिश के बीच बेजुबान मवेशियों का डेरा इस समय सड़को पर चौक चौराहों पर दिखाई देने लगा है,कोटा नगर पंचायत में न ही कांजी हाउस की व्यवस्था है,न ही गौठान की, लोरमी रोड में हाउसिंग बोर्ड के सामने एक गौशाला की जगह तो है, पर उस जगह पर डेयरी संचालित होने की जानकारी प्राप्त हो रही है कुछ समय पहले सड़को पर बैठे मवेशियों को देखते हुए कोटा-नगर के गणमान्य नागरिकों समाजिक संघटनो की बैठक हुई जिसमें लोगों को दुर्घटना से बचाने व पशुओं को दुर्घटना से बचाने के लिए कोरी डैम रोड पर एक जगह पर गौशाला निर्माण कार्य शुरू किया गया पर उक्त जगह ग्राम-पंचायत के अंतर्गत आने के कारण विवाद की स्थित्ती निर्मित के बाद उस जगह में फिलहाल निर्माण कार्य बंद कर दिया गया है, इसके लिए गौसेवको द्वारा बकायदा ग्राम पंचायत को विधिवत आवेदन सौंपा गया आपसी समन्वय से आगे कार्य की जाने की बात कही गई है। कोटा-थाना के सामने से लेकर रेलवे स्टेशन तक उसके बाद रेलवे स्टेशन से लेकर कोटेश्वर मुक्तिधाम तक की सड़क पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, गड्ढों में बारिश का पानी भर जाने से गड्ढे दिखाई नही देते जिससे कई बार वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो जाते है,नगर में किसी के निधन के बाद उनकी अंतिम यात्रा इन्ही कीचड़ गड्ढों से भरी सड़को से गुजरती है, गांधी-सभा भवन से लेकर चंडी माता चौंक तक बारिश का पानी निकासी न होने से पूरी सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, तेज बारिश के बाद सड़के-तालाब में तब्दील हो जाती है, एसबीआई-बैंक के सामने की सड़क सकरी होने से पूरी सड़क तालाब बन जाती है भारी-वाहनों की आवाजाही लगातार इस रास्तों में बनी रहती है,पार्किंग की व्यवस्था न होने से कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की पूरी संभावना हमेशा बनी रहती है,मुख्य नगर पंचायत अधिकारी सहित स्थानीय प्रशासन को मिलकर संयुक्त रूप इन रास्तों का दौरा कर व्यवस्था में सुधार की आवश्कता है।

# पुलिस से विक्षिप्त युवती को सुधारगृह अस्पताल सेंदरी में भर्ती करा कर उपचार कराने की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com


ANADI ALL HELP HUMAN RIGHTS FEDERATION
अनादि सर्व सहायता मानव अधिकार फेडरेशन (महासंघ)
Regulated and Controlled by Ministry of Corporate Affairs Govt. of India

मेन रोड, थाना मोड़ के पास स्थित स्थानीय निवासी धीजेराम बंजारे की बेटी कुमारी हेमलता बंजारे के पागलपन से आसपास के लोग पिछ्ले कई वर्षो से परेशान होते आ रहे हैं. धीजेराम और उनके परिवार के अन्य सदस्य भी पगली की हरकत से बेहद परेशान रहते है. धीजेराम बंजारे लगभग 3 वर्ष पूर्व पुलिस थाना शिवरीनारायण में शिकायत दर्ज कराकर उसे बिलासपुर संेद्री स्थित पागल सुधार गृह अस्पताल में भर्ती करने के संबंध में निवेदन कर चुके हैं. लेकिन, सब कुछ जानने के बावजूद भी शिवरीनारायण पुलिस कुछ ध्यान नहीं दे रही है. गत 18/07/2024 को अनादि सर्व सहायता मानव अधिकार महासंघ के राष्ट्रीय संरक्षक ने थानेदार शिवरीनारायण को पत्र देकर पगली के विरुद्ध कार्यवाही करने का आग्रह किया था. समय के भीतर पुलिस कार्यवाही के अभाव में आग्रही ने 30/07/2024 को सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत पगली के विरुद्ध कार्यवाही के संबंध में जानकारी देने की मांग की है. लगता है, स्थानीय पुलिस पगली के द्वारा की जाने वाली किसी अप्रत्याशित बड़ी घटना का इंतजार कर रही है. लेकिन शांति व्यवस्था और लोगों के अमन चैन पर पुलिस का कोई ध्यान नजर नहीं आ रहा है, जिस पर ध्यान दिए जाने की अत्यंत आवश्यकता है.

# सीएम कैम्प का फरमान बदले जाएंगें जिले भर के खराब पुराने ट्रांसफार्मर, हाथी विचरण क्षेत्र को लेकर गंभीर सरकार

- क्षेत्र में दुरूस्त होगी विद्युत आपूर्ति व्यवस्था, समस्याओं से मिलेगी जल्द निजात

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिले के हाथी प्रभावित गांव में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था चुस्त दुरूस्त होगी। जिले में हाथी के आक्रमण से लगातार हो रहे जनहानि को देखते हुए बगिया स्थित सीएम कैम्प ने इसके लिए पहल की है। कैम्प कार्यालय ने विद्युत विभाग के एससी आरके मिश्रा को वन विभाग के साथ सामांजस्य स्थापित कर काम शुरू करने को कहा है। वनमंडला अधिकारी जितेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि जिले के तपकरा, दुलदुला, पत्थलगांव, कुनकुरी, जशपुर, बगीचा ब्लाक के 250 ग्राम पंचायत हाथी प्रभावित क्षेत्र के दायरे में आतें हैं। सीएम कैम्प कार्यालय का लक्ष्य इन सभी ग्राम पंचायतों के मजरे टोले में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाने की है। ताकि रात के समय हाथी से होने वाली जनहानि को न्यूनतम स्तर पर लाया जा सके। विशेष कर जंगल के किनारे स्थित घरों और बस्तियों को इस पूरे काम के प्राथमिकता दी जाएगी। उल्लेखनिय है कि जशपुर जिला शत प्रतिशत विद्युतीकृत घोषित हो चुका है। जरूरत है सिर्फ इसमें सुधार के लिए। जानकारों की माने तो रोशनी होने पर हाथी के बस्ती में घुसपैठ की आशंका कम रहती है। हाथी के बस्ती में घुस आने की स्थिति में रोशनी होने पर उसे दूर से देखा जा सकता है। इससे जनहानि की संभावना कम हो जाती है।वन विभाग ने महुआ,कटहल और अधिक मात्रा में धान ना रखने की अपील करते हुए कहा कि वनविभाग के अधिकारी और कर्मचारियों से सहयोग करें ताकि जिले में हाथी से होने वाले जनहानि को शून्य किया जा सके।

# अतिक्रमण एवं चिकन मटन की दुकानों पर चला प्रशासन का बुलडोजर







पायनियर संवाददाता ◄ कोटा
www.dailypioneer.com

कोटा नगर में प्रशासन द्वारा अवैध अतिक्रमण को तोड़ने अभियान चलाया गया। नाका चौक से लोरामी रोड पर दुकानों से अतिक्रमण को हटाया गया। इस दौरान नगर पंचायत का प्रशासनिक अमला मौजूद था।कोटा तहसीलदार प्रकाश साहू ने बताया की नाका चौक एवम आस पास बाहरी गाड़ियां की वजह से हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती हैं इस वजह से अतिक्रमण हटाया गया है। और आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी। करगी रोड कोटा स्थनीय प्रशासन के द्वारा मास मटन की दुकानों को तोड़ कर नोटिस दिया गया विदित हो कि कोटेश्वर महादेव की नगरी जो धार्मिक स्थलों से दूर मांस मटन की दुकानें जो शहर के मुख्य मार्ग एवं हिंदू धार्मिक स्थलों के पास अवैध रूप से संचालित मांस मटन की दुकान हटाने की मांग नगर वासियों द्वारा अवैद्य रूप से संचालित मांस मटन बनाने वाले खाद्य पदार्थों की बिक्री करते हैं उससे खराब दुर्गंध निकलती है ,जो आसपास के पूरे परिसर में फैल जाती है, साथ ही उक्त दुकान में आने वाले अधिकांश व्यक्ति शराब का सेवन कर आते हैं और अधिकांश नशे की हालत में अभद्रता पूर्ण व्यवहार और गाली गलौज करते हैं द्य कई बार तो मांस से बनी खाद्य पदार्थ आवारा कुत्तों को डाल देते हैं, जिस कुत्ते खाते हुए मंदिर के पास एवम अन्य सामाजिक स्थलों में छोड़ देते हैं द्य कि शिकायत नगर वासियों के द्वारा छाया विधायक प्रबल प्रताप सिंह जूदेव से की थीं जिससे उन्होंने इस समस्या का निराकरण हेतु प्रशासनिक अधिकारियों से बात कर दो दिवस के अंदर तत्काल मांस मटन की दुकान शहर से अलग हटकर लगाने की बात कही यदि दो दिवस के अंदर दुकान की व्यवस्था नहीं की जाती तो जन आंदोलन की समस्त जवाबदारी प्रशासनिक अधिकारियों की होगी द्य इसी तारतम्य में प्रशानिक अधिकारियो द्वारा मास मटन की दुकानों को तोड़ कर अन्यत्र नगर के बाहरी जगह में दुकान संचालित करने का नोटिस जारी किया।

## बच्चों के गणित और भाषा कौशल विकास के लिए प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा दिया गया प्रशिक्षण

# कलेक्टर डॉ. मित्तल की पहल पर जशपुर में प्राइमरी और मिडिल स्कूलों के लिए सरल कार्यक्रम हुआ प्रारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के द्वारा सरल कार्यक्रम के तहत जशपुर, मनोरा, बगीचा, कांसाबेल विकासखंड के संकुल समन्वयकों का 03 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में दिया जा रहा है। प्रशिक्षण 31 जुलाई से प्रारंभ हुआ। यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता ने बताया कि जशपुर जिले में प्राइमरी और मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों के लिए एकीकृत गुणवत्ता कार्यक्रम क्रियान्वित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के द्वारा संकुल समन्वयकों को 31 जुलाई से 02 अगस्त तक बच्चों को बेसिक न्यूमेरेसी ओर लिटरेसी में दक्ष बनाने के लिए प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के टीम के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण को प्राप्त कर सभी संकुल समन्वयक, संकुल स्तर पर शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और एफएलएन निपुण के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए तथा जिला प्रशासन जशपुर द्वारा शिक्षा सत्र 2024-25 में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे में सभी कक्षाओं का 80 प्रतिशत विद्यार्थियों का मानव संसाधन मंत्रालय द्वारा निर्धारित कक्षा अनुरूप दक्षता हांसिल कराने का लक्ष्य तय किया गया हैं। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जिला प्रशासन जशपुर द्वारा सरल कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा हैं। आज कुल 130 संकुल से 130 संकुल समन्वयक को प्रथम एजयुकेशन फाउंडेशन द्वारा तारल टीचिंग ऐट राइट लेवल का प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर संजीत सिंह चौहान, श्रवण पांडे, एशक साहू और असलम खान द्वारा दिया गया। प्रथम संस्था मास्टर ट्रेनर द्वारा बताया गया कि यह सरल कार्यक्रम कक्षा 3 से 5 के उन बच्चों के साथ किया जाना हैं,जो भाषा और गणित में दक्षता हांसिल नहीं कर पाएं हैं। साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति , एफएलएन निपुण के लक्ष्यों को ध्यान में रखकर सभी कार्यक्रम को एक साथ सरल तरीके से संचालन पर बात किया गया। बच्चों की आंकलन विनोबा एप्प के माध्यम से किया जाना हैं। प्रशिक्षण के आयोजन के लिए यशस्वी जशपुर के संजीव शर्मा, अवनीश पाण्डेय और प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन से मास्टर ट्रेनर महेश्वर दास वैष्णव, कमलाकांत महतो,जय चौहान, आकाश पांडेय,ि दव्या पाठक, सरस्वती सिंह, प्रवीण साहू शामिल हैं।

# विवेचक डायरी में मिली कमी, एसपी ने लगाई फटकार



पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

टेंपल सिटी शिवरीनारायण में पुलिस कप्तान द्वारा थाने का औचक निरीक्षण किया गया।जहां विवेचन डायरी में त्रुटि पाए जाने के कारण पुलिस स्टॉफ को जमकर फटकार लगाई वहीं इसके साथ स्टाफ के संबंध में भी जानकारी ली।ज्ञात हो की गुरुवार 1 अगस्त को पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला थाना शिवरीनारायण पहुंचे। जहां सर्वप्रथम स्टाफ के संबंध में जानकारी लेते हुए थाना स्टाफ में कुल कितना बल है इसके संबंध में जानकारी ली। इसके साथ ही सहायक उपनिरीक्षक,प्रधान आरक्षक और आरक्षक की जानकारी ली गई।तत्पश्चात थाना की साफ सफाई के अलावा सीटीएनएस कक्ष,रीडर कक्ष महीला डेस्क,विवेचक कक्ष के साथ विवेचक डायरी की जायजा लिया। इस दौरान विवेचन की डायरी में कमी और त्रुटि पाया उसे जमकर फटकार लगाई और आगे इसे दुरस्त करने की बात कहीं।




























सीएमवाईके प्रिंटिक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403